


29:01:2024

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 028 | epaper.rashtriyakhabar.com | माघ, कृष्णपक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत 2080


### विदुर नीति

पापं कुर्वन्पाप कीर्तिः पापमेवाश्नुते फलम्।
पुण्यं कुर्वन्पुण्य कीर्तिः पुण्यमत्यंतमश्नुते॥
तस्मात्पापं न कुर्वीत पुरुषः शंसित व्रतः।
पापं प्रजां नाशयति क्रियमाणं पुनः पुनः॥

भावार्थ : पाप कीर्ति वाला व्यक्ति पाप करता हुआ पापों के फल ही भोगता है। पुण्य कीर्ति वाला व्यक्ति पुण्य करता हुआ पुण्य के फलों को भोगता है। इसलिए बार-बार पाप करने से बुद्धि नष्ट हो जाती है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °c | 07.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .33 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .30 बजे

## चीन ने एलएसी पर अपने सैनिकों की संख्या बढ़ा दीः जनरल पांडे

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी** : सेना प्रमुख जनरल पांडे ने आज कहा कि भारत-चीन सीमा के पास अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में स्थिति स्थिर लेकिन अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि कुछ भी हो सकता है, लेकिन सैनिक किसी भी घटना के लिए तैयार हैं। जनरल पांडे ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मुद्दों से निपटने के लिए भारत अपने बुनियादी ढांचे को विकसित कर रहा है और जहां भी जरूरत हो वहां सैनिकों को शामिल कर रहा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में चीन आगे है। भारत-चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन अप्रत्याशित बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के आगामी लोकसभा चुनाव के समय चीन की नजर एलएसी में कुछ करने पर है।

## हरियाणा में केजरीवाल के खिलाफ पोस्टर लगे

**जींद (हरियाणा)**: हरियाणा के जींद में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रैली से एक दिन पहले इलाके में पोस्टर लगाए गए। इनपर 'हरियाणा का गद्दार' अरविंद केजरीवाल लिखा हुआ था। आप की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के पोस्टरों से कोई फर्क नहीं पड़ता। दरअसल हरियाणा के जींद में स्थित एकलव्य स्टेडियम में 28 जनवरी को आप' की रैली होनी थी। रैली से पहले जींद व जुलाना में इस तरह के पोस्टर लगाये गये। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी की रैली से पहले इस प्रकार के पोस्टर लगाये गये हैं।

## उत्तर कोरिया ने पूर्वी तट से कई क्रूज मिसाइलें दागीं

**सिओल**: दक्षिण कोरियाई सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट से कई क्रूज मिसाइलें दागी हैं, जिससे हथियारों के परीक्षणों का सिलसिला जारी है, जिसकी संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने निंदा की है। यह मिसाइल प्रक्षेपण उत्तर कोरिया द्वारा बुधवार को रणनीतिक क्रूज मिसाइल एक अन्य मिसाइल के परीक्षण प्रक्षेपण के बाद किया गया है, जिसके बारे में प्योंगयांग ने सुझाव दिया है कि यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने रविवार को एक बयान में कहा इसने उत्तर कोरियाई बंदरगाह सिनपो के पास पानी के ऊपर कई मिसाइलों का पता लगाया, जहां प्योंगयांग एक शिपयार्ड संचालित करता है जो मिसाइल-फायरिंग पनडुब्बियों सहित नौसैनिक संपत्तियों का निर्माण करता है। जेसीएस ने कहा, निगरानी और सतर्कता को मजबूत करते हुए, हमारी सेना संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ निकटता से सहयोग कर रही है और उत्तर कोरिया से अतिरिक्त संकेतों और गतिविधियों की निगरानी कर रही है। प्योंगयांग ने हाल के हफ्तों में हथियारों के परीक्षण बढ़ा दिए हैं।

## ईरान ने अंतरिक्ष में तीन उपग्रह प्रक्षेपित किये

**तेहरान**: ईरान ने कहा कि उसने 28 जनवरी को अंतरिक्ष में तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जो उस कार्यक्रम के लिए नवीनतम है जिसके बारे में पश्चिम का कहना है कि तेहरान की बैलिस्टिक मिसाइलों में सुधार होता है। राज्य संचालित आईआरएनए समाचार एजेंसी ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जिसमें अतीत में कई विफलताएं हुई हैं। ईरानी राज्य टेलीविजन द्वारा जारी किए गए फुटेज में सिमोर्ग रॉकेट का रात के समय प्रक्षेपण दिखाया गया है। फुटेज के विवरण के एसोसिएटेड प्रेस विश्लेषण से पता चला कि यह ईरान के ग्रामीण सेमनान प्रांत में इमाम खुमैनी स्पेसपोर्ट पर हुआ था। स्टेट टीवी ने लॉन्च किए गए उपग्रहों को महदा, कायहान-2 और हतेफ-1 नाम दिया। इसने महदा को एक अनुसंधान उपग्रह के रूप में वर्णित किया, जबकि काहान और हतेफ क्रमशः वैश्विक स्थिति और संचार पर केंद्रित नैनो उपग्रह थे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** › बिहार के राजनीतिक नाटक का अपेक्षित पटाक्षेप हुआ

# नीतीश कुमार भाजपा के साथ गये, दावा ठोंका

- अब भाजपा को दो डिप्टी सीएम होंगे
- नये चेहरों को आगे बढ़ाया भाजपा ने
- गृह विभाग पर भाजपा का नियंत्रण रहेगा

राष्ट्रीय खबर

**पटनाः** पिछले एक सप्ताह से जारी उठा पटक का राज अब औपचारिक तौर पर खुल गया। इस बार की उम्मीद पहले से ही की जा रही थी कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर से भाजपा के साथ जा सकते हैं। ऐसा ही हुआ और सारे समीकरण सही होने के बाद उन्होंने औपचारिक तौर पर इस गठबंधन के नेता के तौर पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का एलान कर दिया। उस एलान के वक्त भी श्री कुमार ने यह राज नहीं खोला था कि वह वाकई भारतीय जनता पार्टी के साथ जा रहे हैं। कुछ देर बाद यह स्थिति भी स्पष्ट हो गयी। पता चला है कि नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के पहले भाजपा विधायकों का समर्थन पत्र मांगा था, जिस पर भाजपा तैयार नहीं हुई। भाजपा ने शर्त रखी कि पहले वह इस्तीफा दें उसके तुरंत बाद उन्हें यह समर्थन पत्र सौंप दिया जाएगा। अंदरखाने की चर्चा है कि दरअसल पहले चोट खा चुकी भाजपा यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि नीतीश कुमार उनके पाले में आयेंगे। पहले समर्थन पत्र देने पर वह महागठबंधन ते नेताओं को वह पत्र दिखाकर मोल भाव भी कर सकते थे।

नीतीश कुमार ने रविवार को जदयू के विधायकों, सांसदों और वरिष्ठ नेताओं के साथ मुख्यमंत्री आवास में बैठक में इस्तीफा देने के निर्णय की जानकारी दी। इसके बाद वह अपने वरिष्ठ मंत्रिमंडल सहयोगी विजेंद्र प्रसाद यादव के साथ राजभवन जाकर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को इस्तीफा सौंप दिया।

राज्यपाल से मिलकर लौटने के बाद श्री कुमार ने राजभवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सबकी राय सुनने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और इसके साथ ही उनके नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार अब अस्तित्व में नहीं रह गई है। उन्होंने कहा

›› पेज 2 भी देखें



**भाजपा ने चौधरी और सिन्हा को उपसीएम बनाकर चौंका भी दिया**

भाजपा ने सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री बनाकर सबको चौंका भी दिया। माना जा रहा था कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बेहतर तालमेल बनाये रखने में माहिर भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी उप मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे हैं। साथ ही भाजपा कोटे से पूर्व में बिहार के उप मुखमंत्री रह चुकी श्रीमती रेणु देवी को एक बार फिर से यह जिम्मेवारी सौंपी जा सकती है। लेकिन, भाजपा ने अपने चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर आम धारणा को गलत साबित करते हुए अपने ऐसे दो सिपाहियों श्री सम्राट चौधरी और श्री विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की ज़म्मिवारी सौंपी है, जिसकी राजनीतिक गलियारे में कोई खास चर्चा तक नहीं थी। प्रदेश में पिछले दस दिनों से जारी राजनीतिक घमासान के बीच रविवार सुबह भाजपा की बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री पद की जिम्मेवारी श्री चौधरी और श्री सिन्हा को दिए जाने को लेकर तस्वीर साफ हो गई।

काजीरंगा में गैंडे के शिकार के लिए मणिपुर से आया था शूटर

## पुलिस ने दो लोगों को इस मामले में धर दबोचा



राष्ट्रीय खबर

**गुवाहाटीः** पिछले हफ्ते असम के काजीरंगा नेशनल पार्क और प्रोजेक्ट टाइगर (केएनपीटीआर) में दो गैंडों को मारने के लिए शिकारियों के एक गिरोह ने मणिपुर के एक शूटर को काम पर रखा था। इसका खुलासा एक शिकारी की गिरफ्तारी के बाद हुआ, जिसे बोकाखाट पुलिस ने 21 जनवरी को पार्क के अंदर दो गैंडों की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार शिकारी की पहचान गोलाघाट जिले के कमरगांव थाना अंतर्गत बोरबली गांव निवासी बलिधर पेगु के पुत्र जोगु पेगु (35) के रूप में की गई है। जोगु पेगू को अदालत में पेश किया गया है और वह सात दिन की पुलिस रिमांड पर है। गिरोह ने राष्ट्रीय उद्यान में दो गैंडों की हत्या कर दी। 22 जनवरी को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के अगराटोली वन रेंज के तहत मैकलोंग वन शिविर के पास एक मादा गैंडे का शव बरामद किया गया था। दूसरे गैंडे का शव जोगु पेगु के इकबालिया बयान के आधार पर शुक्रवार (26 जनवरी) को मोहमारा वन शिविर के पास पाया गया। मणिपुर स्थित शूटर के साथ, दो अन्य शिकारी हरेन कमान और रॉबिन पेगु अभी भी कथित तौर पर फरार हैं।

घटना की जानकारी देते हुए, गोलाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक राजेन सिंह ने कहाः निशानेबाज मणिपुर का है। छह व्यक्तियों के एक समूह द्वारा काम पर रखा गया था और अपराध के लिए बोरबली गांव लाया गया था। वह मणिपुर के सेनापति जिले के रहने वाले हैं। वह 15 जनवरी को चुराचांदपुर

›› पेज 2 भी देखें

# सुप्रीम कोर्ट ने जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त कियाः मोदी



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय को भारत के जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त बनाने और संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने का लगातार प्रयास करने वाला बताते हुए रविवार को कहा कि केंद्र सरकार समाज के हर तबके तक सुलभ तरीके से न्याय पहुंचाने के लक्ष्य के तहत शीर्ष अदालत के साथ-साथ अन्य न्यायालयों में ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में हर संभव मदद करेगी। श्री मोदी ने उच्चतम न्यायालय के हीरक जयंती के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत के संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के सिद्धांतों वाले स्वतंत्र भारत का स्वप्न देखा था। भारत के उच्चतम न्यायालय ने इन सिद्धांतों के संरक्षण का निरंतर प्रयास किया है।

मोदी ने कहा, अभिव्यक्ति की आजादी हो, व्यक्तिगत स्वतंत्रता हो, सामाजिक न्याय, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया। प्रधानमंत्री ने सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत का आधार बताते हुए कहा कि न्यायालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ-साथ अन्य ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाना उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। इसी दिशा में पिछले कुछ वर्षों में 7000 करोड़ से अधिक की राशि दी गई। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह 800 करोड़ रुपए खर्च करने की मंजूरी मंत्रिमंडल ने दी। इस राशि से उच्चतम न्यायालय की सुविधाओं के विस्तार करने में खासी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इज ऑफ जस्टिस को ध्यान में रखते हुए ई-कोर्ट के लिए उपलब्ध धनराशि लगातार बढ़ाई जा रही है। पिछली स्वीकृत परियोजना के मुकाबले चार गुना राशि बढ़ाई गई है। श्री मोदी ने न्यायिक व्यवस्था को आधुनिक बनाने के प्रयासों का जिक्र करते हुए अदालतों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल बढ़ने पर खुशी व्यक्त की और डिजिटल सुविधाएं, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जिक्र करते हुए कहा कि इससे आम लोगों तक न्याय की पहुंच आसान होगी। उन्होंने प्रौद्योगिकी की मदद से कानूनी कार्यवाहियों को आसान भाषा में लिखने और लोगों तक पहुंचने को सुखद बताया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के

›› पेज 2 भी देखें

पत्नी के भरण पोषण पर इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

## नौकरी नहीं है तो दिहाड़ी मजदूरी करो

राष्ट्रीय खबर

**लखनऊ** : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर पति की नौकरी से कोई आय नहीं है तो भी वह अपनी पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करने के लिए बाध्य है क्योंकि वह एक अकुशल मजदूर के रूप में प्रतिदिन लगभग 300-400 रुपये कमा सकता है। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की न्यायमूर्ति रेणु अग्रवाल की पीठ ने पारिवारिक अदालत के उस आदेश के खिलाफ उस व्यक्ति की पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उसे अपनी अलग रह रही पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 2,000 रुपये मासिक देने को कहा गया था। न्यायमूर्ति अग्रवाल ने ट्रायल कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को पत्नी के पक्ष में पहले से दिए गए गुजारा भत्ते की वसूली के लिए पति के खिलाफ सभी उपाय अपनाने का निर्देश दिया। पति ने 21 फरवरी, 2023 को उच्च न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर की थी, जिसमें फैमिली कोर्ट, नंबर 2 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसने उसे आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत रखरखाव का भुगतान करने के लिए कहा था।

मामले के विवरण के अनुसार, जोड़े की शादी 2015 में हुई थी। पत्नी ने दहेज की मांग को लेकर पति और ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई और 2016 में अपने माता-पिता के साथ रहने के लिए अपना घर छोड़ दिया। पति ने एचसी के समक्ष दलील दी कि प्रधान न्यायाधीश इस बात पर विचार करने में विफल रहे कि उसकी पत्नी स्नातक थी और शिक्षण से प्रति माह 10,000 रुपये कमा रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि वह गंभीर रूप से बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा है।

दो दिनों के विश्राम के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर से प्रारंभ

# उत्तर बंगाल में राहुल गांधी का जोरदार स्वागत

- सिलीगुड़ी शहर में स्वागत वाले पोस्टर
- नलबाड़ी में यात्रा का रात्रि विश्राम होगा
- पुलिस ने कांग्रेस के एक बस को रोका

राष्ट्रीय खबर



**सिलीगुड़ीः** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार दोपहर को फिर से शुरू हो गयी। राहुल गांधी पहले ही जलपाईगुड़ी के लिए रवाना हो चुके थे। मालूम हो कि यह यात्रा रविवार दोपहर जलपाईगुड़ी से शुरू की गयी। उनका आज दोपहर सिलीगुड़ी थाना मोड़ से एयर व्यू मोड़ तक मार्च करने का कार्यक्रम है। चूंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक जोड़ी के रूप में भारत के शहर की यात्रा करेंगे, इसलिए पहले से ही थाना मोड़ से लेकर एयरव्यू मोड़ तक पूरा हिलकट रोड राहुल गांधी के स्वागत के लिए तैयार है। लेकिन इस बीच सिलीगुड़ी की मुख्य सड़कों पर राहुल गांधी के स्वागत वाले पोस्टर लगाए गए हैं जिनके बीच में मुख्यमंत्री की तस्वीर है। एक तरफ जब राहुल गांधी एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर रहे हैं तो मुख्यमंत्री की तस्वीर वाले इस तरह के फ्लेक्स को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। गठबंधन के भविष्य को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इस फ्लेक्स के नीचे दार्जिलिंग जिला तृणमूल कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और आईएनटीटीयूसी लिखा हुआ है। जब इस घटना पर अधीर रंजन चौधरी ने सफाई देने की कोशिश की तो इसके उलट कांग्रेस ने भी

›› पेज 2 भी देखें

ऊर्जा संकट दूर करने की दिशा में वैज्ञानिकों की नई पहल

# समुद्री जल से हाइड्रोजन उत्पादन की विधि तैयार

- मीठे पानी की विधि पूर्व विकसित थी
- इस विधि में सीधे खारा पानी लगता है
- इलेक्ट्रोड के जरिए यह काम किया जाता है



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** पूरी दुनिया में ऊर्जा का संकट दिनोंदिन बढ़ रहा है। दरअसल ऊर्जा की मांग जैसे जैसे बढ़ रही है वैसे वैसे इस बिजली के उत्पादन की वजह से प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इस संकट के बीच ही एक नई विधि विकसित करने की जानकारी आयी है। इस विधि में समुद्री जल से हाइड्रोजन उत्पादन के लिए अत्यधिक टिकाऊ, गैर-उत्कृष्ट धातु इलेक्ट्रोड विकसित किया गया है। वैसे तो जल से हाइड्रोजन निकालने की विधि पहले ही बन गयी थी लेकिन मीठे जल के स्रोत भी कम हो रहे हैं। ऐसे में प्रचुर मात्रा में मौजूद समुद्री जल से हाइड्रोजन निकालना एक बेहतर और किफायती तरीका साबित हो सकता है।

समुद्री जल इलेक्ट्रोलिसिस के दौरान, एनोड प्रतिक्रिया पानी से ऑक्सीजन, क्लोरीन गैस और क्लोराइड आयनों से हाइपोक्लोरस एसिड उत्पन्न करती है। प्लैटिनम ऑक्साइड, रूथेनियम ऑक्साइड और इरिडियम ऑक्साइड जैसे कीमती धातु इलेक्ट्रोड, जो क्लोरीन से अप्रभावित होते हैं, व्यापक रूप से एनोड इलेक्ट्रोड के रूप में उपयोग किए जाते हैं। यद्यपि कीमती धातुएँ व्यापक समुद्री जल

›› पेज 2 भी देखें




शहर >> अपडेट

## पूर्व विधायक चंद्रिका महथा का निधन

रांची :जमुआ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके कांग्रेस नेता चंद्रिका महथा का निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। चंद्रिका महथा प्रखंड के तपसीडीह गांव के निवासी थे। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज रांची के मेदांता अस्पताल में चल रहा था। जहां इलाज के क्रम में रविवार की सुबह 4:00 बजे उनका निधन हो गया। कुछ दिनों पहले ही उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उधर, पूर्व विधायक चंद्रिका महथा के निधन की खबर सुनते ही गिरिडीह में शोक की लहर दौड़ गई है। पूर्व विधायक के गांव तपसीडीह के लोग मायूस हैं। संभवतः शाम तक चंद्रिका महथा का पार्थिव शरीर उनके गांव पहुंचेगा। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

न्याय यात्रा

### कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# राहुल गांधी पाकुड़ के नसीपुर में करेंगे जनसभा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड के नसीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के राजग्राम के रास्ते राहुल गांधी झारखंड के पाकुड़ में प्रवेश करेंगे। जहां कांग्रेस कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। इस बात की पुष्टि झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने की है। मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि झारखंड की सीमा में प्रवेश करने के बाद राहुल गांधी पदयात्रा करते हुए नसीपुर पहुंचेंगे और यहां आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड के पाकुड़ में राहुल गांधी की पहली न्याय यात्रा होगी। ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि राहुल गांधी शहरी क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए लिट्टीपाड़ा जाएंगे। जहां राहुल गांधी रात्रि विश्राम करेंगे। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर ने आगे बताया कि पाकुड़ के नसीपुर में आयोजित जनसभा में पाकुड़ और साहिबगंज जिले के हजारों कार्यकर्ता और पार्टी समर्थक हिस्सा लेंगे। आलमगीर आलम ने कहा कि अपने लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जी-जान से जुटे हुए हैं। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि महिलाओं, किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों को न्याय दिलाने और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गैर भाजपाई सरकारों को परेशान करने, केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर गैर भाजपा नेताओं को परेशान करने, विपक्षी दलों के सांसदों, विधायकों पर दवाब बनाकर उन्हें भाजपा में शामिल करने की नीतियों के खिलाफ राहुल गांधी की न्याय यात्रा देश की राजनीति में बदलाव लाने का बेहतर कदम साबित होगा।

### सभी ने सीएम के समक्ष अपनी मांगें रखीं

# हेमंत सोरेन दुमका में युवा अवार्डियों से मिले



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हेमंत सोरेन आज दुमका, राजभवन में युवा अवार्डियों से मिले। हेमंत से मिलनेवाले युवा अवार्डियों में अंकित पांडेय और जतिन कुमार के अलावे अन्य के नाम शामिल हैं। युवा अवार्डी अंकित पांडेय और जतिन कुमार ने हेमंत के समक्ष अपनी मांगें रखीं। कहा कि युवा अवॉर्डियों को भी अन्य अवॉर्डियों की तरह राज्य में विभिन्न आयोग का सदस्य बनाया जाना चाहिये। साथ ही विभिन्न नौकरियों में आरक्षण दिया जाना चाहिये। इस पर हेमंत की ओर से उनको सकारात्मक आश्वासन दिया गया। कहा कि जल्द ही आप लोगों को जिला एवं राज्य स्तर की विभिन्न समितियों का सदस्य बनाया जायेगा। इस बात पर भी विचार होगा कि राज्य स्तर की नौकरियों में छूट दी जाये।

### ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ झामुमो का आक्रोश मार्च

# राजभवन के सामने कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 10वें समन के विरोध में रविवार को पांच जिला समितियों के कार्यकताओं ने रांची में विरोध मार्च निकाला और राजभवन के सामने प्रदर्शन किया। झामुमो के आक्रोश मार्च में झामुमो विधायक भूषण तिर्की भी शामिल हुए और कहा कि ईडी केंद्र के इशारे पर कार्रवाई कर रही है। जेएमएम विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि आज के कार्यक्रम से राज्य की जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि कैसे बीजेपी के इशारे पर राज्य में एक चुनी हुई सरकार को हटाकर राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रची जा रही है। झामुमो विधायक ने कहा कि कौन, किसको धमकी दे रहा है, यह राज्य की जनता जानती है। झामुमो का आंदोलन जारी रहेगा। कोडरमा से विरोध मार्च में शामिल होने आये झामुमो नेता नौशाद आलम ने कहा कि हमारे गरीब आदिवासी नेता को केंद्रीय एजेंसियों द्वारा परेशान किया जा रहा है, जिसके विरोध में वे यहां आये हैं और अपने नेता के साथ खड़े हैं। झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच बयान दर्ज कराना अनिवार्य घोषित किये जाने के बाद झामुमो चरणबद्ध तरीके से राजभवन के समक्ष अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी के इशारे पर चुनी हुई सरकार के खिलाफ ईडी जिस तरह से कार्रवाई कर रही है, उसके खिलाफ गुमला, कोडरमा, लोहरदगा, लातेहार और रांची के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। सोमवार को दूसरे जिलों से झामुमो कार्यकर्ता रांची आकर आक्रोश मार्च और प्रदर्शन करेंगे। रविवार को राजभवन पर प्रदर्शन से पहले झामुमो साहिबगंज और दुमका बंद करा चुकी है, वहीं 27 जनवरी को ईडी, बीजेपी और केंद्र सरकार के विरोध में राज्यव्यापी मशाल जुलूस भी निकाला गया था।

# 2780 गांव में 24 घंटे का प्रवास करेंगे बीजेपी कार्यकर्ता

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** 2024 के आम चुनाव की तैयारी में भाजपा जुटी हुई है। अब कार्यकताओं में जोश भरने के साथ साथ वोटरों को पूरी तरह अपनी तरफ खींचने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी के बड़े नेता लगातार गिरिडीह आ रहे हैं। एक के बाद एक कार्यशाला का आयोजन हो रहा है।

अब भाजपा के लोगों ने चलो गांव की ओर अभियान शुरू किया है। तीन फरवरी तक प्रत्येक गांव में चलो गांव की ओर कार्यशाला सम्पन्न कराने की भी योजना है। गिरिडीह के हरिचक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में पहुंचे प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह ने चलो गांव की ओर अभियान को सफल बनाने का निर्देश भी दिया है। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी, जिलाध्यक्ष महादेव दूबे की मौजूदगी में साफ कहा गया कि जिले के 2780 गांव में कार्यकत्ताओं को न सिर्फ प्रवास करना है बल्कि केंद्र सरकार की योजना से भी लोगों को रूबरू करवाना है। हारे उम्मीदवार को भी जोड़ने का निदेर्शः पार्टी प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू एवं संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह ने यह भी कहा है कि पंचायत में जो जीते हैं उन्हें तो साथ में लाना ही है। इसके अलावा जो उम्मीदवार हारे हैं और जिनकी विचारधारा पार्टी से मिलती है उन्हें भी संगठन से जोड़ना है। कहा जाए तो भाजपा इस बार ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर अपने वोट बैंक को बढ़ाने पर ध्यान दे रखी है। भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दूबे ने कहा कि संगठन के आदेशानुसार कार्यकत्तार्ा अपने कर्तव्य का निर्वाहन कर रहे हैं। चलो गांव की ओर कार्यशाला का आयोजन सभी जगह हो रहा है।

# सरयू राय ने पहले ही किया था दावा, बिहार में नीतीश की सरकार बनेगी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिहार की राजनितिक उथल-पुथल जारी है। कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द भी भाजपा के साथ मिलकर नीतीश कुमार नई सरकार बनाएंगे। ऐसा हुआ भी नीतीश कुमार अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और वो भाजपा के साथ मिलकर बिहार में नयी सरकार का गठन करेंगे।इसी बीच नीतीश कुमार के बेहद करीबी जमशेदपुर (पूर्वी) के विधायक सरयू राय ने पहले ही दावा कर दिया था कि बिहार में नीतीश की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने अपने सोशल साइट पर लिखा है कि 'लगता है कि बिहार में नीतीश कुमार और भाजपा की संयुक्त सरकार बनना लगभग सुनिश्चित हो गया है। 2020 में जिस प्रकार की इनकी सरकार का स्वरूप था कमोबेश वही स्वरूप इस बार की सरकार का भी होगा। दो उप मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष भाजपा के होंगे और मुख्यमंत्री नीतीश जी रहेंगे'।बता दें कि बीते एक सप्ताह से बिहार की राजनितिक गतिविधी तेज हैं। ऐसी आशंका जताई जा रही थी कि रविवार को दोपहर तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं और हुआ भी वही कि सीएम नीतीश कुमार ने करीब 11।30 बजे अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले नीतीश कुमार ने इसके लिए रविवार को सुबह राज्यपाल से मिलने का समय मांगा था। इससे पहले जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के विधायक दल की बैठक में इस्तीफे को लेकर औपचारिक फैसला लिया गया और फिर राजभवन जाकर नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा।

राजनीति

### नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी पर बोले बाबूलाल, कहा

# लालू यादव और नीतीश कुमार का नेचर बिल्कुल अलग

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** बिहार सीएम नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी हो चुकी है। उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और रविवार शाम को वो भाजपा के साथ मिलकर नई सरकार का गठन करने वाले हैं। इसको लेकर झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लालू और नीतीश का नेचर बिल्कुल अलग है, एक परिवारवाद और भ्रष्टाचार में डूबा हुआ तो दूसरा ठीक उसके उलट। इसको लेकर झामुमो ने बाबूलाल पर पलटवार करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी और नीतीश कुमार का कैरेक्टर एक जैसा है। बिहार की राजनीति में उलटफेर होते ही भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के नीतीश के प्रति जहां बोल बदल गए हैं। वहीं अब मुख्य निशाने पर फिर एक बार लालू प्रसाद आ गए हैं। बिहार में सीएम पद से नीतीश कुमार का इस्तीफा और शाम में भाजपा के साथ सरकार बनाने को लेकर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस दिन नीतीश कुमार ने राजद के साथ मिलकर सरकार बनाई थी उस दिन ही हमने कहा था कि नीतीश कुमार वहां कितने दिन और कैसे रह पाएंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जहां विचारों का फासला इतना लंबा हो वहां जदयू और राजद का गठजोड़ कितना दिन चलेगा यह बड़ा सवाल था। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आश्चर्य तो इस बात की है कि नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद के साथ चलने का फैसला कैसे कर लिया था जो पूरी तरह परिवारवाद और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद कोई आरोपी नहीं बल्कि सजायाफ्ता हैं। चारा घोटाला में नीतीश कुमार ने ही उनपर आरोप लगाया था। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बिहार में जो होना था वही हुआ।बिहार में सियासी हलचल और नीतीश कुमार के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि नीतीश कुमार के एनडीए में जाने से इंडिया गठबंधन और मजबूत होगा। समय रहते वह चले गए, बिहार और देश की जनता ने उनका चरित्र देख लिया। अब चुनाव में उनको और भाजपा को जनता सबक सिखाएगी। झामुमो नेता मनोज पांडेय ने बाबूलाल मरांडी द्वारा लालू प्रसाद पर की गयी टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि नीतीश कुमार और बाबूलाल मरांडी का कैरेक्टर एक जैसा है। नीतीश कुमार कहते थे कि ₹मर जाना पसंद करूंगा, भाजपा में नहीं जाऊंगा₹ और बाबूलाल कहते थे कि ₹कुतुबमीनार से कूद जाऊंगा लेकिन भाजपा में नहीं जाऊंगा₹। आज दोनों भाजपा की गोद में बैठे हैं। ये सभी नेता जनता के बीच अपनी विश्वनीयता खो चुके हैं। भाजपा कितनी कमजोर है यह भी उजागर हो गया- मनोज पांडेयः झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का दावा करने वाली भाजपा कितनी कमजोर है यह भी आज उजागर हो गया है। जिस नीतीश कुमार को उनके नेता जहां पानी पी-पीकर कोसते थे आज उन्हीं को मुख्यमंत्री बनाना पड़ रहा है।

## पेज एक का शेष

### नीतीश कुमार भाजपा के .. .. ..

कि महागठबंधन की सरकार करीब डेढ़ साल तक चली लेकिन अब साथ रहना मुश्किल हो गया था । सभी ओर से और पार्टी के सहयोगियों से भी सुझाव मिल रहे थे कि महागठबंधन से अलग हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब राज्य में नए गठबंधन की सरकार बनेगी । इसके बाद नीतीश कुमार ने करीब दो घंटे के अंदर ही भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया । श्री कुमार भाजपा विधानमंडल दल के नेता सम्राट चौधरी और विधानसभा में विधायक दल के नेता विजय सिन्हा, जो नई सरकार में उपमुख्यमंत्री की जिम्मेवारी संभालेंगे, के साथ राजभवन जाकर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश करते हुए समर्थन का पत्र सौंपा ।

### पुलिस ने दो लोगों को इस .. .. ..

आया जहां से वह आइजवाल पहुंचा और फिर सिलचर आया और अंत में 17 जनवरी को दीमापुर पहुंचा। उसे रॉबिन पेगु नाम का एक व्यक्ति दीमापुर से लाया और 19 जनवरी को सार्वजनिक बस से डेरगांव पहुंचा। शूटर आखिरकार कमरगांव पहुंचा। उन्होंने बाइक को गांव में हरेन कामन के घर पर रखा और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्रवेश किया। उन्होंने पार्क के अंदर दो गैंडों को एके-47 से मार डाला। पिछले एक साल में, काजीरंगा नेशनल पार्क फ्रंटलाइन 79 गैंडों के शवों को, जिनके सींग बरकरार थे, पता लगाने और उन्हें बरामद करने में सक्षम रहा, जो बुढ़ापे और/या बाढ़ जैसे प्राकृतिक कारणों से मर गए थे। 21 जनवरी को शिकारी ब्रह्मपुत्र में कम जल स्तर का फायदा उठाने में सक्षम थे और एक नहीं बल्कि दो बार हमला करने के लिए घातक एके राइफल श्रृंखला के हथियार के साथ घुसने की संभावना थी! और पूर्वी रेंज अगराटोली के अंतर्गत लगभग एक ही दिन में दो गैंडों को मारना।

### सुप्रीम कोर्ट ने जीवंत लोकतंत्र .. .. ..

अलावा के अन्य अदालत में भी जल्दी ही लोगों को प्रौद्योगिकी का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यपालिका, न्यायपालिका समेत देश की सभी संस्थाएं अगले 25 वर्षों में बदलाव के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, भारत की आज की आर्थिक नीतियां कल के उज्जवल भविष्य की नींव साबित होंगी। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है और उसका भरोसा बढ़ रहा है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

### उत्तर बंगाल में राहुल गांधी .. .. ..

पलटवार किया। हालांकि, गठबंधन के मुद्दे पर कांग्रेस की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई।

दूसरी तरफ उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा के नलबाड़ी में आज राहुल के रात्रि प्रवास की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच, पूरे चोपड़ा ब्लॉक में बैनर उत्सव और तोरण लगाए गए हैं, जबकि कांग्रेस ने राज्य सरकार के सभी बैनरों को विभिन्न पोस्टरों से घेर लिया है, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने यह दावा किया। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस नेता और पंचायत समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल भौमिक ने दावा किया कि सभी आरोप निराधार हैं, गोपालबाबू ने दावा किया कि उनका पोस्टर बैनर पहले ही लगाया जा चुका है। राहुल गांधी आज रात्रि विश्राम करेंगे। तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। राहुल गांधी की भारत जोरो न्याय यात्रा 29 जनवरी को सुबह 8 बजे नलबाड़ी कैंप से सदर चोपड़ा होते हुए इस्लामपुर के लिए रवाना होगी।

जलपाईगुड़ी में सुबह से ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर उत्साह रहा। राहुल गांधी का दोपहर का भोजन राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 से सटे पहाड़पुर इलाके में खंडाला ढाबा पर करने का कार्यक्रम है। जब टीम राहुल की एक बस वहां पहुंची तो पुलिस ने बस को रोक लिया। पुलिस के मुताबिक सब इंस्पेक्टर पद के लिए परीक्षा होनी है। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई वह परीक्षा दोपहर 2 बजे खत्म होगी। परीक्षा जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार में आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के लिए राहुल के शेड्यूल में भी फेरबदल किया गया। पुलिस का दावा है कि बस को परीक्षण के लिए रोका गया है। इस बस को रोकने को लेकर पुलिस और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच काफी नोकझोंक हुई। शनिवार को धुपगुड़ी स्टेशन जंक्शन के पास कांग्रेस-राहुल के पोस्टर फाड़े जाने का आरोप लगा था। रविवार को भी जलपाईगुड़ी शहर के डीबीसी रोड पर राहुल गांधी फ्लेक्स पर ब्लेड चलाने का आरोप लगा था। इस घटना को लेकर इलाके में तनाव फैल गया।

राहुल गांधी उस दिन करीब 11:30 बजे उत्तर बंगाल पहुंचे। जैतून का कार्यक्रम पूरा करने के बाद वह सिलीगुड़ी के लिए रवाना हुए।

इस बीच कांग्रेस ने कोष एकत्रित करने के नये कार्यक्रम की घोषणा की है। कांग्रेस ने शनिवार को धन जुटाने के लिए डोनेट फॉर जस्टिस का आह्वान किया। लेकिन यह सिर्फ पैसा पाने के बारे में नहीं है। इसके बदले आपको उस पैसे के बदले में कुछ उपहार मिलेंगे। जिसे लेकर जोरदार चर्चा शुरू हो गई है। धन जुटाने का अभियान शुरू हो चुका है। एक निश्चित रकम तय होती है। अगर आप इसे दे देंगे तो आपको राहुल गांधी के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट मिलेगी। इसके साथ राहुल गांधी का एक पत्र भी होगा।

### समुद्री जल से हाइड्रोजन उत्पादन .. .. ..

इलेक्ट्रोलिसिस तकनीक के लिए इलेक्ट्रोड के रूप में अवांछनीय हैं, गैर-उत्कृष्ट धातुएँ, जो क्लोराइड आयनों के साथ अत्यधिक प्रतिक्रियाशील होती हैं, टिकाऊ एनोड के लिए नियोजित नहीं की जा सकती हैं।

अनुसंधान समूह ने नौ गैर-महान धातु तत्वों से बना एक बहु-मौलिक मिश्र धातु इलेक्ट्रोड विकसित किया और एक त्वरित गिरावट परीक्षण किया, जिसमें बिजली की आपूर्ति को चालू और बंद करना शामिल था, जो मुख्य रूप से जल इलेक्ट्रोलिसिस प्रणाली के संचालन के दौरान गिरावट का कारण बना। परिणाम सौर ऊर्जा द्वारा संचालित होने पर एक दशक से अधिक समय तक निरंतर एनोड प्रदर्शन का सुझाव देते हैं।

इस मिश्र धातु से बने एनोड को इरिडियम ऑक्साइड जैसी कीमती धातु की तुलना में उच्च वोल्टेज की आवश्यकता होती है। हालाँकि, यह एनोड ताजे पानी का उपयोग किए बिना सीधे समुद्री जल इलेक्ट्रोलिसिस प्रदान करता है। इस नवाचार से ताजे पानी की उपलब्धता के कारण भौगोलिक प्रतिबंधों को पार करने की उम्मीद है, जिससे तटीय रेगिस्तानी क्षेत्रों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा से प्रचुर क्षेत्रों में हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

जल इलेक्ट्रोलिसिस, पानी के प्रचुर संसाधन से हाइड्रोजन का उत्पादन करने की एक विधि, एक पर्यावरण अनुकूल तकनीक के रूप में उभरती है जो कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं करती है। हालाँकि, इरिडियम (आईआर) जैसे कीमती धातु उत्प्रेरक पर निर्भरता के कारण इस प्रक्रिया को सीमाओं का सामना करना पड़ता है, जो इसे आर्थिक रूप से अक्षम्य बनाता है। शोधकर्ता इस चुनौती से निपटने के लिए धातु मिश्र धातुओं के रूप में उत्प्रेरक के विकास की सक्रिय रूप से खोज कर रहे हैं।

इसके बाद, टीम ने तीनों धातुओं को शामिल करने के लिए अपने प्रयोग का विस्तार किया।

परिणामों में गतिविधि में मध्यम वृद्धि देखी गई, लेकिन ऑस्मियम के विघटन का हानिकारक प्रभाव पड़ा, जिससे इरिडियम और रूथेनियम की संरचनात्मक अखंडता से काफी समझौता हुआ। इस श्रृंखला में, नैनोसंरचनाओं के एकत्रीकरण और क्षरण में तेजी आई, जिससे उत्प्रेरक प्रदर्शन के संतुलन में गिरावट आई।

इन निष्कर्षों के आधार पर, अनुसंधान टीम ने आगे उत्प्रेरक अनुसंधान के लिए कई रास्ते प्रस्तावित किए हैं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, वे एक ऐसे मीट्रिक की आवश्यकता पर बल देते हैं जो एक साथ गतिविधि और स्थिरता दोनों का मूल्यांकन कर सके।

शोध का नेतृत्व करने वाले प्रोफेसर योंग-ताए किम ने टिप्पणी की, ₹यह शोध हमारी यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है, निष्कर्ष का नहीं।₹ उन्होंने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, हम इस शोध से प्राप्त अंतर्दृष्टि के आधार पर कुशल जल इलेक्ट्रोलिसिस उत्प्रेरक के निरंतर विकास के लिए समर्पित हैं।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर 

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### रिटायर सचिव पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची:** शिक्षा विभाग से रिटायर अवर सचिव राजेंद्र प्रसाद राजेश पर विभागीय कार्यवाही चलायी जायेगी। राज्य सरकार ने इसकी मंजूरी प्रदान कर दी है। उनके विरूद्ध स्कूली, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के पद पर रहते हुए संचिकाओं को संबंधित पदाधिकारियों को उपस्थापित नहीं करने, दूसरे पदाधिकारी के समक्ष उपस्थापित करने, लाल बहादुर सिंह सजायाफ्ता व्यक्ति को साजिश के तहत अनुचित तरीके से वित्तीय लाभ पहुंचाने संबंधी आरोप है।बता दें कि राजेंद्र प्रसाद बीते 30 अप्रैल 2023 को ही रिटायर भी हो गये। पूरे मामले को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया और सचिवालय सेवा के उक्त अधिकारी पर कार्रवाई की अनुशंसा की थी।

**बैठक** > सांसद संजय सेठ ने दिए कई अहम निर्देश

# रांची एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में नए टर्मिनल के निर्माण को लेकर हुई मंत्रणा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** एयरपोर्ट सलाहकार समिति के अध्यक्ष सह रांची सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। इसमें सांसद संजय सेठ के अलावा एयरपोर्ट के नए निदेशक आरआर मौर्य, रांची नगर निगम के अधिकारी के साथ-साथ एयरपोर्ट से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान सांसद संजय सेठ ने एयरपोर्ट के पदाधिकारी से एयरपोर्ट की व्यवस्था की जानकारी ली। एयरपोर्ट की व्यवस्था से संतुष्ट होने के बाद उन्होंने यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने का दिशा निर्देश दिया। उन्होंने एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्य से कहा कि एयरपोर्ट एरिया में हरियाली के लिए पौधरोपण कराएं। साथ ही उन्होंने



बैठक में मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को एयरपोर्ट प्रबंधन के लिए फूलों के गमले उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है।इस संबंध में रांची एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्य ने कहा कि एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था को लेकर भी सांसद संजय सेठ ने दिशा निर्देश दिया है। निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि सांसद संजय सेठ ने पार्किंग शुल्क को लेकर कहा कि वर्तमान में जो पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है वह जायज है, लेकिन लोगों को पार्किंग के लिए विशेष सुविधा मुहैया कराई जाए। क्योंकि आए दिन एयरपोर्ट परिसर और आसपास इलाके में जाम की समस्या देखने को मिलती है। साथ ही बैठक के दौरान सांसद संजय सेठ ने एयरपोर्ट के बाहर अवैध रूप से गाड़ी की पार्किंग को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गाड़ी सड़क किनारे पार्क करने पर फाइन वसूलें। वहीं सलाहकार समिति की बैठक में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के लिए नया टर्मिनल बनाने की भी चर्चा की गई। सांसद ने नए टर्मिनल के लिए मौजूद अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। बता दें कि रांची एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक एक निर्धारित समय पर की जाती है। जिसमें एयरपोर्ट की व्यवस्था को दुरुस्त करने और समस्या के समाधान पर फोकस किया जाता है

आयोजित अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की रैली को लेकर बैठक आयोजित

## 25 फरवरी को आयोजित रैली में पूरे झारखंड से उमड़ेगा जन सैलाब



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की एक बैठक प्रदेश कार्यालय टोयटा शोरूम में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के महामंत्री संजय चौधरी ने की इस बैठक में आगामी 25 फरवरी को आयोजित होने वाली बेस्ट रैली की तैयारी हेतु चर्चा की गई आज की बैठक में यह तय किया गया की सर्वप्रथम रैली को लेकर एक निश्चित स्थान तय किया जाए पूरे प्रदेश में सभी उपजातियां से संपर्क अभियान चलाया जाएगा प्रदेश द्वारा गठित टीम सभी जिलों का दौरा करेगी अपने हक और अधिकार के लिए झारखंड के सभी 54 उपजातियां को इकट्ठा होना होगा इस रैली के माध्यम से अपनी ताकत दिखानी होगी झारखंड में 70% वैश्य समाज के वोटर हैं और अभी तक उनका हक और अधिकार नहीं मिला है इसके लिए वैश्य समाज को इकट्ठा होना होगा लोगों में जागृति पैदा करनी होगी तभी वैश्य समाज को उसका अधिकार मिलेगा रांची जिला में एक टीम गठित कर सभी मंडलों में समाज के लोगों से जनसंपर्क स्थापित कर उन्हें इस रैली में आमंत्रित किया जाएगा चाहे वह डॉक्टर हो प्रोफेसर हो चाहे किसी भी प्रोफेशन में काम करने वाले लोगों ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें एकजुट कर समाज से जोड़ने का काम किया जाएगा आज की इस बैठक में रांची जिला अध्यक्ष संजय पोद्दार हेमंत गुप्ता श्याम सुंदर बरनवाल शंभू गुप्ता राकेश चौधरी प्रमोद साहब संजय चौधरी प्रदीप कुमार राम लखन साहू रमेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# चित्रगुप्त परिवार का स्नेह सम्मेलन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** श्री चित्रगुप्त पूजा समिति,डोरंडा,द्वारा आज मेकॉम नर्सरी पार्क,श्यामली कॉलोनी (त्रिमूर्ति चौक के नजदीक मेकॉन कॉलोनी) में चित्रांश परिवार मिलन समारोह भव्य रूप से मनाया गया । इस कार्यक्रम में रांची कायस्थ समाज का विशाल जन समूह शामिल हुआ। पूजा समिति के अध्यक्ष श्री कृष्ण नंदन सिन्हा जी की अनुमति से कार्यक्रम की शुरूआत हुई । इस सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने पूर्व के आयोजनों का उल्लेख करते हुए अपने पटना के दिनों को भी याद किया और लोगों को एकजुटता के साथ इस परिवार के सदस्यों के हर सुख दुख में मदद करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि इस संगठन को जब और जहां भी जरूरत होगी, वह मदद के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे। स्नेह सम्मेलन में प्रो अजीत सहाय सहित गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी चित्रांश,परिवार संग शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया ।

रांची के विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों को सम्मानित कर उन्हें समाज को एक जुट करने में अग्रणी भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई। नव वर्ष के इस समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय जी, गौ सेवा समिति अध्यक्ष श्री राजीव रंजन जी, मेकॉन के सीएमडी श्री संजय वर्मा जी , श्री प्रवीण प्रभाकर जी, श्री अजीत सहाय जी श्री अरविंद सिंह जी श्री प्रेम सिंह जी श्री पप्पू भैया जी, श्री पवन कुमारजी, श्री सुरेश मल्लिक जी श्री उमेश दास जी श्री विनय कुमार जी श्री आनद गोपाल वर्मा जी श्री मदन मोहन प्रसाद श्री पंकज जी श्री राजीव कुमार,श्री सत्येंद्र प्रसाद , श्री देवेन्द्र प्रसाद श्री आनंद सिन्हा श्री प्रेम कुमार जी एवम अन्य गणमान्य चित्रांश शामिल हुए।चित्रांश डा. सी बी सहाय जी सभी चित्रांशों को किसी न किसी कायस्थ संस्था जुड़ कर समाज को सही दिशा में आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया,उन्होंने अपने उस नारे को दोहराया के' कोई भी भाई रूठे ना कोई भी भाई छूटे ना' ।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय जी ने समाज को अपनी एक जुटता दिखाने पर जोड़ दिया । अरगोडा के श्री अनिल श्रीवास्तव,श्री चित्रगुप्त पूजा समिति,डोरंडा के मुख्य संरक्षक श्री विनय सिन्हा ' दीपू ' जी के संग समाज के हजारों चित्रांश शामिल होकर अपने समाज को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का वचन लिया। विनय सिन्हा दीपू जी ने आज एक महत्वपूर्ण घोषणा की, की हमारे समाज के ही एक चित्रांश ( उन्होंने अपना नाम को उजागर ना करने को कहा) कायस्थों के लिए एक जमीन का बड़ा टुकड़ा दान कर रहे हैं,जहां समाज के कल्याण के लिए धर्मशाला बनाने की बात हुई। कायस्थ के आर्थिक अक्छम बच्चे अपनी पढ़ाई लिखाई कर सकेंगे। यहीं हमारे समाज के आर्थिक रूप से कमजोर मां बाप अपनी बच्ची की शादी कर सकेंगे। अंत में स्वरूचि भोजन के पश्चात गर्म गर्म जलेबी के मिठास के साथ समारोह का सुखद समापन हुआ। यह जानकारी श्री चित्रगुप्त पूजा समिति,डोरंडा के महासचिव श्री सुरेश कुमार मल्लिक जी ने दी ।



## लाला लाजपत राय जी की 159 जयंती पर पंजाबी हिंदू बिरादरी ने उन्हें याद किया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी की 159 जयंती पर आज पंजाबी हिंदू बिरादरी ने देश के लिए किए गए उनके बलिदान को याद किया और श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।महात्मा गांधी मार्ग स्थित लाला लाजपत राय चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।ये जानकारी देते हुए बिरादरी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने बताया कि इस अवसर पर लाला लाजपत राय अमर रहें और भारत माता की जयकार कर



उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली।कार्यक्रम में अध्यक्ष सुधीर उग्गल,राजेश मेहरा,विनोद माकन,अरुण चावला,रवि पराशर,हरगोविंद गिरधर,अजय सखूजा,राकेश जग्गी,मुकेश चौहान,प्रवीण जग्गी आदि मौजूद थे।

# मछुआरों को सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना का मिलेगा कवरेज, नहीं लगेगा कोई प्रीमियम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य सरकार ने राज्य के सक्रिय मछुआरों को सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ देने की योजना तय की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इस बीमा का कवरेज प्रदान किया जाना है। इस योजना का लाभ दिए जाने को मत्स्य निदेशालय, झारखंड ने सूचना भी जारी की है। इसके मुताबिक इस योजना में 18-70 वर्ष आयु वर्ग के सभी मछुआरों को कवर किया जाना है।ऐसे मछुआरे जो किसी भी निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग



समिति या मत्स्यजीवी स्वावलम्बी समिति के सदस्य हों, उन्हें लाभ दिया जाना है। जिला स्तर, प्रमंडल या राज्य स्तर पर मत्स्य विभाग से संबद्ध मत्स्य कृषक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य बीज उत्पादक, मत्स्य श्रमिक, मछली पकड़ने वाले, केज मत्स्य मित्र, मत्स्य मित्र या मत्स्य पालन से संबद्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को भी इसका लाभ दिया जाएगा।मत्स्य निदेशालय के मुताबिक बीमित मछुआरों की मृत्यु पर बीमा कंपनी के द्वारा 5 लाख रुपये का भुगतान परिजन को किया जाएगा। स्थायी पूर्ण अपंगता की स्थिति में भी इसका लाभ मिलेगा। स्थायी आंशिक अपंगता पर बीमित को 2।50 लाख रुपये का भुगतान का प्रावधान है। इसके अलावा अस्पताल में एडमिट होने के केस में 25 हजार रुपये तक खर्च का लाभ भी मिलेगा। इस बीमा योजना के लिए किसी तरह का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा।योजना का लाभ लेने को अपना नाम, पता, आधार नंबर, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर, पैन नंबर, बैंक खाता सहित अन्य विवरण निर्धारित फॉर्मेट में भरना होगा। इसके बाद इसे अपने जिले के जिला मत्स्य कार्यालय में जल्द जमा करना होगा।

**परीक्षा** > रविवार को तीन पालियों में परीक्षा आयोजित की गयी

# जेएसएससी की परीक्षा शुरू, शाम 5:00 बजे तक तीन पाली में होंगे एग्जाम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**एक अरसे बाद झारखंड में जेएसएससी (सीजीएल) का परीक्षा आयोजन किया जा रहा है। रविवार को तीन पालियों में परीक्षा आयोजित की गयी। इसके लिए रांची सहित राज्य में कई परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके साथ ही सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गये थे।

रविवार को जीएससीसी (सीजीएल) की परीक्षा शुरू हुई। एग्जाम देने के लिए सुबह से सेंटर्स पर काफी भीड़ देखी गयी। ऐसे में कई केंद्रों पर परीक्षार्थी समय पर नहीं पहुंच पाए। वहीं विभिन्न सेंटर्स पर परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने कहा कि कई वर्षों के



बाद यह परीक्षा आयोजित हो रही है। 2017 में फॉर्म आने के बाद भी परीक्षा नहीं हो पाई थी। उसके बाद 2018 में भी सीजीएल की परीक्षा के लिए तारीख बढ़ा दी गयी, इसके बाद आज यह मौका आया है।

आज के बाद फिर 4 फरवरी को भी परीक्षा का आयोजन होगा। जेएसएससी की तरफ से परीक्षा को लेकर कई सेंटर में भी बदलाव किए गए। रविवार को 8:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजन किया गया। फिर दूसरी परीक्षा 11:30 बजे से 1:00 बजे तक चली और तीसरी सीटिंग 3:00 बजे से 5:00 बजे तक परीक्षा आयोजित किगई। परीक्षा के लिए बनाए गए सभी केंद्रों पर 8:15 बजे तक रिपोटिंग टाइम तय है। 8:15 बजे के बाद जो भी परीक्षा थी केंद्र पर नहीं पहुंच पाए उन्हें परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। रांची के धुर्वा से आए एक अभ्यर्थी लेट होने की वजह से परीक्षा देने से वंचित रह गए। करीब आधे घंटे तक हंगामा करने के बावजूद भी परीक्षार्थी को अंदर घुसने नहीं दिया गया। जेएसएससी की वेबसाइट पर परीक्षार्थियों के लिए विशेष जानकारी दी गई थी और इसी वेबसाइट से परीक्षार्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों ने तीन पाली की परीक्षा में पहले विषय की परीक्षा जनरल लैंग्वेज का था । दूसरे पाली की परीक्षा नागपुरी भाषआ का और तीसरी पाली की जनरल अवेयरनेस का पेपर था।

## न्यूज फटाफट

### प्रधानमंत्री जी की मन की बात बन गई जन-जन की आवाज : संजय कु जायसवाल

**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने बूथ नंबर 26/27 के मतदाता एवं कार्यकर्ता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात को सुना प्रधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मन की बात में भगवान राम को याद करते हुए पीएम ने बताया कि संविधान के तीसरे अध्याय के शुरूआत में हमारे संविधान निमार्ताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था प्रधानमंत्री जी ने महिला सशक्तिकरण अर्जुन अवार्ड एवं अंगदान पर चर्चा करते किए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बताया कि हमारे बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो दुनिया को अलविदा कहने के बाद भी लोगों की मदद कर रहे हैं . इसके लिए वे अंगदान का सहारा लेते हैं . हाल के सालों में एक हजार से ज्यादा लोगों ने मरने के बाद अंगदान किया . उन्होंने कहा कि कुछ संस्थाएं लोगों को अंगदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवा रही हैं . इससे अंगदान को लेकर सकारात्मक माहौल बन रहा है और लोग की जिंदगियां बच रही है आज मन की बात में उपस्थित मतदाताओं कार्यकर्ता में राजकुमार जायसवाल सोनू सिंह शुभम जायसवाल संतोष चौधरी ओमप्रकाश गुप्ता विजय साहू सुनीता तिर्की सुनैना तिर्की हर्षिता कुमारी विजय साहू सुरेश तिर्की अशोक मिर्धा सोनू कुमार सहित उपस्थित रहे '

### टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज, विधानसभा अध्यक्ष ने किया टूनार्मेंट का उद्घाटन

**रांची:** मीडिया में काम करने वाले लोगों के लिए राँची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित यह क्रिकेट टूनार्मेंट बहुत लाभप्रद होगा। यह कहना है झारखंड के विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो का।वे आज बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ग्राउंड में टाटा स्टील मीडिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित कर रहे थे। 10 फरवरी तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में कुल 20 मैच खेले जाने हैं।रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट के पहले दिन आज बिरसा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय के स्टेडियम में उद्घाटन मैच में टीम कांची ने टीम सकरी को हराकर अपने विजय अभियान का शुभारंभ किया।टूनार्मेंट का शुभारंभ झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने किया। इस मौके पर राँची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकान्त, वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार, कुमार कौशलेंद्र और आनन्द मोहन ने शॉल, बुके और पौधा दे कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर स्पीकर ने पत्रकार खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रांची प्रेस क्लब के द्वारा किया जा रहा यह आयोजन बेहद उत्साहवर्धक है, साथ ही अनोखा भी है। निसंदेह यह आयोजन पत्रकारों के सेहत और उनके उत्साह को बरकरार रखेगा।

### स्व. उर्मिला देवी स्मारक मातृशक्ति वॉलीबॉल टूनार्मेंट की विजेता बनी न्यू क्लासिक क्लब जगन्नाथपुर टीम

**रांची:** प्रथम स्व. उर्मिला देवी स्मारक मातृशक्ति वॉलीबॉल टूनार्मेंट-2024 की विजेता न्यू क्लासिक क्लब जगन्नाथपुर बस्ती की टीम बनी। रविवार को हुए फाइनल मैच में न्यू क्लासिक क्लब ने महिला विकास क्लब को 25-8 के बड़े अंतर से हराया। तीसरे स्थान पर कार्तिक उरांव महिला टीम रही। प्रतिज्ञा संस्था द्वारा आयोजित इस टूनार्मेंट का उद्घाटन स्व. उर्मिला देवी के पुत्र व स्पोर्ट्स-9 के संचालक सुनील अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि रांची में पहली बार घरेलू माताएं घर से निकलकर वॉलीबॉल टूनार्मेंट खेल रही हैं यह बड़ी बात है। इससे खेल को बढ़ावा तो मिलेगा ही साथ ही माताएं अपने बच्चों को स्पोर्ट्स में बेहतर करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित भी करेंगी। मौके पर प्रतिज्ञा के प्रोग्राम डायरेक्टर चंदन सिंह ने कहा कि संस्था पहले से मातृ शक्ति फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन करती आ रही हैं। लेकिन पहली बार माताओं के साथ वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। करीब तीन सप्ताह तक चले आ रहे इस टूनार्मेंट में रांची जिले से 16 टीमों ने हिस्सा लिया। आने वाले सालों में इस टूनार्मेंट के साथ और माताएं जुड़ेगीं। खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने के लिए बतौर अतिथि इंटरनेशन वॉलीबॉल कोच राजेश कुमार सिंह और रेफरी कुंदन कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा प्रतिज्ञा संस्था की अध्यक्ष रश्मि कुमारी, सरिता अग्रवाल, लक्ष्मी, राखी, बिदिशा मित्रा विश्वास, कृति, रोबिन, प्रकाश व अन्य मौजूद रहे।

### झारखंड के साहिल अमीन कोलकता हार्ड कोर्ट टेनिस के बने विजेता

**रांची :** बंगाल टेनिस एसोसिएशन एवं साउथ क्लब कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कोलकता हार्ड कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2024 के पुरुष वर्ग का खिताब झारखण्ड के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी साहिल अमीन ने जीत लिया है । फाइनल मुकाबले में साहिल ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के आयुष गोराई को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम कर लिया । शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए साहिल ने सेमीफाइनल मे अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के ही हर्ष गुरनानी को 6-0, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताब हासिल करने वाले साहिल झारखण्ड के एक मात्र टेनिस खिलाड़ी हैं। इस टूनार्मेंट का आयोजन कोलकता साउथ क्लब में 20 जनवरी से किया गया था। साहिल वर्तमान में कोलकता में के एकडेमी दा टेनिस ट्री में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।

### डॉ. लाल्स हॉस्पिटल और हीगर इंडिया के संयुक्त सहयोग से एकदिवसीय फ्ळ्रू कार्यशाला आयोजित

**रांची :**रांची के होटल चाणक्या बीएनआर में डॉ. लाल्स हॉस्पिटल और हीगर इंडिया के संयुक्त सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें डॉ लाल हॉस्पिटल की कंसल्टैंट डॉ. श्वेता लाल और डॉ. शब्दिका लाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ श्वेता लाल ने बताया कि इसका उद्देश्य एसयूआई/ल्यूकोरिया/वेजाइनल प्रोलेप्स जैसी समस्याओं में लेजर की संभावना के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बिना किसी सर्जरी, भर्ती या खून की कमी के इन समस्याओं से जूझ रही महिलाओं के लिए यह एक बड़ी मदद होगी। इस कार्यशाला में शिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें शहर के लगभग 100 चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित सभी चिकित्सकों को एक दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गई। इस मौके पर राँची के डॉ लाल हॉस्पिटल में 20 मरीजों का मुफ़्त लेजर ट्रीटमेंट किया गया, जिसका सीधा लाइव प्रसारण बीएनआर चाणक्या में किया जा रहा था और वहाँ उपस्थित चिकित्सकों ने इस अत्याधुनिक इलाज की विधि को जाना। इस कार्यशाला में शहर के प्रतिष्ठित डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा ??(पूर्व अध्यक्ष ऋछऋक) और डॉ. पंखिला मित्तल ने व्याख्यान दिया। डॉ. शोभा चक्रवर्ती, डॉ. उषा रानी, ??डॉ. उषा नाथ, डॉ. सुषमा प्रिया, डॉ. पीबी सहाय, डॉ. रीता लाल, डॉ. गीता सिन्हा मानकी, डॉ. शशि बाला, डॉ. अर्चना, डॉ. अनंत सिन्हा, डॉ. माया वर्मा और डॉ. सुमन सिन्हा आदि जैसी प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भी इस कार्यशाला में भाग लिया। डॉ लाल हॉस्पिटल की कंसल्टैंट डॉ. श्वेता लाल ने बताया कि लेजर ट्रीटमेंट की यह सुविधा अब डॉ. लाल्स हॉस्पिटल, कडरू रांची में उपलब्ध है।

### स्कुली बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**रांची:** पैराडाइज संस्था तथा कनक सेवा कल्याण के तत्वाधान में समाज कल्याण की दिशा में विशेष कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। इस वर्ष अपने ज्ञानोदय विद्यालय के 210 बच्चों के बीच आज स्वेटर मफलर का वितरण किया गया। ज्ञातव्य है कि गत वर्ष इस संस्था द्वारा 450 बच्चों को अपने विद्यालय प्रांगण में गर्म कपड़े का वितरण किया गया था। ज्ञानोदय उच्च विद्यालय प्रांगण में समारोह पूर्वक इस कार्यक्रम को पूर्ण किया गया जिसमें संस्था के प्रमुख आदरणीय एस एन राजगढ़िया जी की अध्यक्षता में गर्म कपड़े का वितरण किया गया इस अवसर पर संस्था के आदरणीय प्रवीण मुरारका, आलोक गुप्ता की उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रबंधन समिति से सचिव एनडी शर्मा नीरज कुमार पांडे, दीपक,पंकज कुमार आदि के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका मांडवी प्रीया ने किया।

## शहर >> अपडेट

### पुलिस ने महतो का शव किया बरामद

**तमाड़ :** पुलिस ने मल्हान भुइयाडीह पंचायत के पालना स्थित करकरी नदी के समीप एक युवक नारायण महतो का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शनिवार देर रात युवक की कही और हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए यहां लाकर हत्या का रूप दिया गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### भाजपा नेता ने ढाई सौ महिला-पुरुषों को कराया पूरी दर्शन

**चांडिल :** भारतीय जनता पार्टी के सरायकेला-खरसावां जिला महामंत्री मधुसुदन गोराई ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के करीब ढाई सौ महिला-पुरुषों को पुरी में महाप्रभु जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का दर्शन-पूजन कराया। भाजपा नेता ने अपने निजी खर्च से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से महिला-पुरुषों को पुरी में महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर, आनंद बाजार, मौसी बाड़ी, समुद्र, चंद्रभागा, कोणार्क, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर, धौवलीगिरी समेत कई दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया। राज्य में दूसरी बार हुए पंचायत चुनाव में जिला परिषद का चुनाव जीतने के बाद से वे हर वर्ष ग्रामीणों को पुरी में भगवान जगन्नाथ का दर्शन-पूजन करवा रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने विभिन्न गांवों के 220 महिला और 35 पुरुषों को पुरी का दर्शन कराया।चार दिवसीय पुरी भ्रमण से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इनमें वैसे लोग शामिल हैं जो किसी कारणवश तीर्थयात्रा में नहीं जा सकते हैं। यात्रा के दौरान जाने-आने का भाड़ा, रहना, खाना-पीना आदि की व्यवस्था भाजपा नेता मधुसुदन गोराई की ओर से किया गया था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एनएससी ने सिटी पार्क में वनभोज का आयोजन

**चास :** चास रामनगर कॉलोनी स्थित एनएससी कोचिंग संस्थान का सिटी पार्क में वनभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर विद्यार्थियों के साथ-साथ पुराने छात्र और संस्थान के कर्मचारी जन अपने परिवार के साथ मौजूद थे। नए विद्यार्थियों के साथ नौकरी पेशा वाले छात्र भी पिकनिक में आकर खूब मौज मस्ती किए। इस अवसर पर शिक्षक अनंत सिन्हा ने कहा कि बच्चों को तनाव मुक्त रखते हुए शिक्षण देने का हमारा जो कार्यक्रम रहता है। संस्थान की निदेशका नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि एनएससी के इस तरह के कार्यक्रम की काफी सराहना होती है क्योंकि इससे बच्चों का उत्साहवर्धन के साथ वे पढ़ाई के साथ-साथ जिंदादिली के साथ जिंदगी जीने की प्रेरणा पाते हैं। मुख्य अतिथि बोकारो रेडक्रॉस के डॉ. मोहंती, विशिष्ट अतिथि डॉ. एसपी वर्मा, ग्रामीण बैंक चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह एवं डीजीएम बोकारो एके सिन्हा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा बच्चे ही राष्ट्र के निमार्ता है यदि उत्साहित होकर पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेते हैं तो उनका सर्वागीण विकास होता है। मौके पर श्री भगवान, द्वारिका, राकेश, मोनी, किरण, स्मिता, आशुतोष, साकेत, कौशल, हेमंत, सपन, चंदू मित्रा, कृष्णा, संजू, रवि सिन्हा, सुरेंद्र कुमार वर्मा, रघु अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे।

### पाड़हा की बैठक 11 को

**बेड़ो :** प्रखंड के बारीडीह पाड़हा मैदान में रविवार को 12 पाड़हा और 21पाड़हा के तत्वावधान में पाड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। जहां पाड़हा समाज से संबंधित विचार के साथ झारखंड आंदोलनकारियों के लिए विचार एवं आगामी 11 फरवरी 2024 को केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति एवं पाड़हा के मुख्य संरक्षक सह पूर्व विधायक रहे स्व0 विश्वनाथ भगत की पुण्य तिथि मनान का निर्णय लिया गया।

---

**शिलान्यास** > लंबोदर ने लोगों से सवार्गीण विकास के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया

# विधायक ने चार करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

राष्ट्रीय खबर



**कसमार :** गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने रविवार को कसमार प्रखंड के कई गांवों व टोलों में साढ़े चार करोड़ की लागत से बनने वाली कई योजनाओं का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर किया। गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कसमार प्रखंड में मुख्य मंत्री ग्राम सेतु योजना मद से बेंदोंटांड़ एवं पूरबटॉड़ के बीच ढाई करोड़ रुपए की लागत से खांजो नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास, डीएमएफटी योजना अंतर्गत दांतू पंचायत के ग्राम हंसलता आरईओ रोड से नवप्रावि पूरबटॉड़ तक पीसीसी पथ का शिलान्यास, पीएम-एबीएचआईएम योजना अंतर्गत कसमार प्रखंड के चंडीपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य का शिलान्यास, डीएमएफटी योजना अन्तर्गत दांतू पंचायत के ग्राम हंसलता बागविंदुआ बजरंगबली मंदिर से साधु सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास, जिला परिषद द्वारा अनुशंसित मधुकरपुर पंचायत के चंडीपुर में सिंचाई हेतु सोलर युक्त डीप बोरिंग कार्य का शिलान्यास एवं विधायक मद से ग्राम पंचायत दांतू के कुम्हार टोला काली मंदिर के निकट शेड निर्माण का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर व फीताकाट कर किया।इस दौरान गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि सभी गांवों को जोड़ने बनेंगी पक्कीकरण सड़कें। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास में सड़के व पुल पुलिया महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। इसलिए सड़क व पुल की गुणवत्ता अच्छी हो, इसलिए ग्रामीण को आरंभ से ही नजर रखनी होगी।इसमें स्थानीय लोगों की भी सहभागिता आवश्यक है। लंबोदर ने लोगों से सवार्गीण विकास के प्रति सजग व जागरूक रहने का आह्वान किया। आने वाले समय में कसमार में एक भी गांव व टोला विकास से अछूता नहीं रहेगा। गोमिया विधायक ने कहा कि अपने वादे के अनुसार कसमार प्रखंड में सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव विकास कार्य की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही और कई बड़ी योजनाओं का सौगात कसमार को देने का काम करेंगे। कसमार जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने कहा कि क्षेत्र के विकास में ग्रामीणों का आपेक्षित सहयोग करने की जरूरत है।इसलिए सड़कों की गुणवत्ता अच्छी हो इसलिए ग्रामीणों को आरंभ से ही नजर रखनी होगी। मौके पर कसमार जिप सदस्य अमरदीप महाराज, दांतू मुखिया चन्द्रशेखर नायक, मधुकरपुर मुखिया राजेन्द्र महतो, पंसस नागेन्द्र नायक, इन्द्रजीत पाण्डेय, उप मुखिया संजू कुमारी, गोपाल महतो, संवेदक इन्द्र नाथ महतो, श्यामलाल झा, सुरज जायसवाल, जमील अख्तर, ईश्वर रजक, दिनेश नायक, शिवनंदन महतो, अजीत नायक, दीपक कुमार, रमेश दशौंधी, अर्जुन सिंह, उमेश महतो, धनेश्वर सिंह, मधु झा, दीपक झा, एनुल अंसारी आदि समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**कसमार :** कसमार प्रखंड बगियारी मोड़ के मंगल चंडी मैदान में शनिवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार इकाई की बैठक की गयी। अध्यक्षता गोमिया विधानसभा प्रवेक्षक सह प्रभारी अमरेश कुमार महतो व संचालन भुनेश्वर महतो ने किया। बैठक में आगामी लोकसभा आम चुनाव में संगठन संचालन के लिए विधानसभा कोर कमेटी के निदेर्शानुसार प्रखंड, पंचायत, एवं बुथ कमेटी प्रभारियों की नियुक्ति चयन के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी कार्यकताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में गिरिडीह लोकसभा में जेबीकेएसएस सुप्रीम जयराम महतो को जिताने का संकल्प लिया। इस दौरान गोमिया विधानसभा प्रवेक्षक सह प्रभारी अमरेश कुमार महतो ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव कई मायनो में बहुत महत्वपूर्ण है। खासकर झारखंड की भाषा संस्कृति की रक्षा और अपने हक अधिकार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इसलिए समिति के कार्यकताओं को झारखंडी अरमानों की रक्षा करने वालों को ही समर्थन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा में जयराम महतो उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए समिति के सारे पदाधिकारी व कार्यकर्ता जी जान से मेहनत करेंगे। मौके पर नंदकिशोर महतो, ब्रजेश कुमार, अजीत कुमार महतो, सुखदेव राम, प्रवीण कुमार महतो, जितेंद्र कुमार महतो, योगेश्वर कुमार महतो, महेंद्र महतो, सुनील कुमार महतो, गयाराम महतो, अनुप कुमार महतो, रमेश कुमार मुंडा, सहदेव महतो, प्रशांत कुमार, विकास महतो, मुकेश कुमार महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यालय में सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिता




राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित आनंद मार्ग आवासीय उच्च विद्यालय के प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर गीत नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कई प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विद्यालय सचिव द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने आर्चाय सत्यश्रमानंद अवधूत एवं अनिरवानंद अवधूत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह विद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान कर रहा है। मौके पर सचिव देवप्रकाशानंद अवधूत, प्रधानाध्यापक रंजनी रंजना, रसधिरानंद अवधूत, भोलानाथ साव, राजेन्द्र ठाकुर, राजीव रंजन, योगेश कुमार महतो, सुरेश महली, दिलिप महतो, अनिल गोराईं, कुमारी रश्मि, मोना दे, ललिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रघुनाथ महतो, राहुल शर्मा समेत कलीम अंसारी, बबीता जायसवाल,हीरा देवी, राखाल टुडू, केदारनाथ महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## ईएसएल में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** 75वां गणतंत्र दिवस ईएसएल स्टील में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम तिरंगा फहराया गया। सुरक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा परेड व पुरस्कार वितरण किया गया। ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीओओ रवीश शर्मा के प्रेरक और स्फूर्तिदायक संक्षिप्त भाषण के साथ समापन हुआ। सियालजोरी स्थित ईएसएल स्टील लिमिटेड के संयंत्र के परिसर में मनाया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में स्थानीय समुदायों और कर्मचारियों सहित लगभग 200 लोगों ने भाग लिया। सुरक्षाकर्मियों द्वारा साहस और कौशल से भरा प्रदर्शनी की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर दो प्रतिष्ठित पुरस्कार सहित कुल 43 सुरक्षा कर्मियों को कंपनी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इनमें से 16 उनके कर्तव्यों की अनुकरणीय उपलब्धि के लिए और अन्य 27 परेड के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार किया गया। इस अवसर पर सीओओ श्री शर्मा ने कहा कि सामुदायिक विकास और व्यवसाय विकास साथ-साथ चलते हैं। उन्होंने अपने संक्षिप्त व प्रेरक भाषण में इस बात पर जोर दिया कि ईएसएल स्टील लिमिटेड केवल स्टील का उत्पादन नहीं करता है। हमें इस बात का गर्व है कि हम राष्ट्र की समृद्ध भविष्य व आस-पास के समुदायों को भी सशक्त बना रहे हैं।

## सेंगेल का सरना धर्म कोड जन जागरण सभा

राष्ट्रीय खबर




**बोकारो :** नावाडीह प्रखंड के अंतर्गत काछो पंचायत के गोड़ गोड़वा गांव में आदिवासी सेंगेल अभियान के तत्वाधान में लालू मुर्मू की अध्यक्षता में सरना धर्म कोड जन जागरण सभा की गई। संचालन जागेश्वर मुर्मू सेंगेल संयोजक नावाडीह प्रखंड ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो जोनल संयोजक जयराम सोरेन ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के प्रकृति पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों के अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी की जीवन रेखा है। सभा को प्रदेश संयोजक विरेन्द्र बास्के, जोनल हेड आनंद टुडू, जोनल युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय टुडू और सेंगेल सरना धर्म मंडवा नवाडीह प्रखंड अध्यक्ष बिरजू सोरेन ने भी संबोधित किया। साथ ही लालू मुर्मू को काछो पंचायत सेंगेल टावर और संताली ओल चिकी शिक्षक सुमिता मार्डी को नियुक्त किया गया। सभा में रमेश मुर्मू, अनिल मुर्मू, सतिलाल मुर्मू, होपन मुर्मू, अर्जुन मुर्मू, नागेश्वर हेंब्रम, ब्रजमोहन मुर्मू, बाबूलाल मुर्मू, चांदमुनी मुर्मू, बसंती मुर्मू, सोनिया मुर्मू, सविता मुर्मू, करमी मुर्मू, सरिता मुर्मू, मनिषा हेंब्रम, आर्चना मुर्मू, विराज मुर्मू, शांति मुर्मू, दुलिया हेंब्रम, चमेली हेंब्रम, ज्योति मुर्मू, रुपा मुर्मू, जियांती मुर्मू, अंजली मुर्मू, आरती मुर्मू, सुमिता मार्डी, सोनी टुडू आदि महिला पुरुष उपस्थित थे।

**पड़ताल** > ब्रिटिश भारत सरकार के सर्वे रिपोर्ट में भी कुड़मि जनजातीय सूची में शामिल है

## कुड़मि विशिष्ट भाषा है कुड़मि जाति नहीं बल्कि जनजाति है : सुरेश बानुआर

राष्ट्रीय खबर



**कसमार :** आदिवासी कुड़मि जाति नहीं बल्कि जनजाति है क्योंकि कुड़मि में आदिम लक्षण, विशिष्ट संस्कृति भाषा, परंपरा और विशिष्ट क्षेत्र है। यह बातें आदिवासी कुड़मि समाज के चिंतक व शोधकर्ता सुरेश बानुआर ने कही। वे रविवार को कसमार प्रखंड के पिरगुल सामुदायिक भवन में आदिवासी कुडमि समाज द्वारा एकदिवसीय जड़ुआही कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छोटानागपुर क्षेत्र में आदिकाल से निवास कर रही कुड़मि जाति नहीं बल्कि जनजाति है। जिसकी अपनी आदिम लक्षण है, विशिष्ट भाषा कुड़मालि है, करम, जितिया, सोहराय, सरहुल आदि 13 विशिष्ट संस्कृति है, जाहिर थान, मड़य थान, बाघुतकुदरा, गौरैया, बनासिंग आदि 12 देवा-भूता हैं। कुड़मि जनजाति का निवास भी विशेष क्षेत्र है। छोटानागपुर के उत्तर में पारसनाथ पहाड़ से दक्षिण में उड़िसा का मयूरभंज व क्योंझर तक तथा पूरब में बंगाल के पुरूलिया-मेदनीपुर व बांकुड़ा से पश्चिम में छत्तीसगढ़ के सुंदरगढ़ तक फैले है। ब्रिटिश भारत सरकार के सर्वे रिपोर्ट में भी कुड़मि जनजातीय सूची में शामिल है। भारतीय उतराधिकार अधिनियम 1885 की सूची में भी छोटानागपुर के 13 जनजातियों में कुड़मि भी शामिल है। कुड़मि सीएनटी एक्ट 1908 के अंतर्गत आते हैं। 1931 तक कुड़मि एबोरजिनल एवं प्रीमिटीव ट्राईव में शामिल है। किंतु बिहारी कुर्मी एवं ब्राह्मणों के प्रभाव में आकर कुड़मि अपनी विशिष्ट भाषा, संस्कृति परंपरा से विमुख हो रहे हैं जिसे पर रोक बरकरार रखने की जरूरत है। अध्यक्षता गयाराम महतो एवं संचालन पंचानन महतो जड़ुआही को सुरेंद्र नाथ महतो, चंद्रमोहन महतो, सुभाष चंद्र महतो, निरंजन महतो ने संबोधित किया। मौके पर दीपक पुनरियार, नकुल महतो, काशीनाथ महतो, अरविंद सांखवार, फलाली महतो आदि मौजूद थे।

---

## न्यूज फटाफट

### झामुमो किसान मोर्चा जिला समिति का हुआ सांगठनिक विस्तार



**बोकारो :** रविवार को सेक्टर 1 स्थित झामुमो जिला कार्यालय में किसान मोर्चा का सांगठनिक विस्तार जिलाध्यक्ष मदन मोहन महतो की अध्यक्षता एवं जिला सचिव जेडी महतो के संचालन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में झामुमो बोकारो जिला सचिव जय नारायण महतो पर्यवेक्षक के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। झामुमो, किसान मोर्चा जिला समिति का सांगठनिक विस्तार सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें वरिय उपाध्यक्ष बैजनाथ महतो, उपाध्यक्ष पेटरवार मो. हासीम अंसारी, उपाध्यक्ष चास प्रखंड सोहराय मांझी, संयुक्त सचिव चंद्रपुरा प्रखंड वासुदेव महतो, संयुक्त सचिव दुर्जेश प्रसाद यादव, उप कोषाध्यक्ष चंदनकियारी विनोद सोरेन, संगठन सचिव अर्जुन मंडल, उप संगठन सचिव तारो महतो, जिला प्रवक्ता दिनेश बेसरा, मीडिया प्रभारी महिलाल किस्कु, कार्यकारिणी सदस्य आंदोलनकारी अब्दुल रऊफ अंसारी, आंदोलनकारी तुलु महतो, सोसोधर महतो, देवेंद्र महतो, अंबाय मांझी, साहेब राम महतो, विनोद बिहारी महतो, छत्रु महतो को सम्मिलित किया गया।

### आप पार्टी बोकारो जिला संगठन को लेकर की बैठक



**बोकारो :** आम आदमी पार्टी बोकारो जिला संगठन की मजबूती को लेकर रविवार को सेक्टर 5 में बैठक रखी गयी। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र नाथ चौबे ने की। बैठक में विशेष तौर पर उपस्थित आप के प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। अतिथि के रुप में मौजूद श्री पांडेय ने कहा कि झारखंड के हर जिले में आम आदमी पार्टी का तेजी से विस्तार हो रहा है। बोकारो जिले में इसे तेज किया जाय। अध्यक्षता कर रहे श्री चौबे ने कहा कि बोकारो जिला संगठन का शीघ्र ही पुनर्गठन और विस्तार किया जाएगा। प्रदेश समिति इस दिशा में प्रयासरत है। प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि प्रारंभ से ही बोकारो में संगठन मजबूत रहा है। सिर्फ हर क्षेत्र में कार्यकताओं को जगाने की जरूरत है। बैठक में प्रदेश समिति सदस्य विधान चंद्र राय, मो. मेहबूब आलम, राजेश कुमार सिंह, बोकारो जिला संयोजक अखिल महतो, धनबाद जिला संयोजक अशोक महतो, चास नगर निगम प्रभारी आनंद मंडल, अशोक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिटी पार्क में आयुष चिकित्सकों का मिलन समारोह



**बोकारो :** सिटी पार्क वनभोज स्थल में खुशी होमियो हाल चास की ओर से आयुष चिकित्सकों का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डा. शिव शंकर पांडेय, चिकित्सा पदाधिकारी बीसी मांझी आदि डाक्टरों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बैक्सीन होमियो पैथी कंपनी, एसएसएल बायोकेट, फादर मुल्क कंपनियों ने आयुष चिकित्सकों को कई आधुनिक दवाओं जानकारी दी। आयुष चिकित्सा पदाधिकारी मांझी ने कहा कि पूर्णरूप से प्राकृतिक सिद्धांतों पर आधारित आयुर्वेद विश्व का प्राचीनतम चिकित्सा विज्ञान है। आयुर्वेद के प्राचीनतम ग्रंथों मं चरक संहिता, सुश्त्रुत संहिता एवं अष्टांग हदयम एवं प्रमुख है। आयुर्वेद प्रमुख रूप से त्रिदोष वात, कफ और पित्त आधारित है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी की दवाई सुरक्षित होती है और एलोपैथिक की तुलना में इनके कम साइड इफेक्ट होते है। होम्योपैथी की दवाएं नवजात शिशु, बच्चों, गर्भवती महिलाओं, दूधपान करने वाली महिलाओं एवं वृद्ध लोगों के लिए सुरक्षित है। उनके खुराक के चिंता करने की आवश्यकता नहीं होती है। कहा कि होम्योपैथी की सहायता से चर्म रोग, किडनी रोग, दमा आदि जैसी ठीक की जा सकती है। मौके पर एके प्रसाद, आरपी चौबे, राजेंद्र प्रसाद, राकेश सुमन, राजेंद्र सिंह, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन



बोकारो : झारखंड की बहुचर्चित साहित्यिक संस्था काव्य स्पंदन की ओर से सेक्टर 1 स्थित अग्रसेन भवन में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, तत्पश्चात कवि, कवयित्रियों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच की अध्यक्षा काजल भलोटिया और अर्चना मिश्र अश्क ने की। रीना यादव के संयोजन में उत्तर प्रदेश के बेहतरीन गीतकार गोविंद गजब, पटना से अविनाश बंधु, जमशेदपुर से लता मानकर, नवीन अग्रवाल, रामगढ़ से सरोज झा झारखंडी और धनबाद से अनंत महेंद्र एवम बोकारो से ओज के कवि बृजेश पांडेय, अरुण पाठक, करुणा कलिका, सोनी कुमारी, जाहिद सूफी और माला ने बेहतरीन काव्य पाठ किया। मंच संचालन नवीन अग्रवाल ने किया। आयोजक पवन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर शहरवासियों के सहयोग के लिए विशेष आभार प्रकट किया।

### मातृ पितृ पूजन दिवस 14 को

**बेड़ो :** महादानी मैदान रंगमंच में रविवार को रातु अंचल अन्तर्गत एकल अभियान बेड़ो संच की बैठक संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में ग्राम विकास कैसे हो इस पर अध्यक्ष समेत सभी समिति सदस्यों ने कई उपाय सुझाव दिया। साथ ही आगामी14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। बैठक के बाद उपस्थित सभी आचार्य एवं सभी समिति सदस्यों ने झारखंड का प्रसिद्ध पकवान पीठा का आनन्द लिया। बैठक में उपस्थित जय कुंवर, नवरत्न प्रसाद, भोला महतो, रंजीत खत्री, विकास कुमार, मुन्नी लकड़ा, रूप रानी देवी, सुषमा देवी, लक्ष्मी देवी, गीता देवी, मिथिला देवी, लक्ष्मण महली, जगमोह, विष्णु,विमला टोपनो, संदीप कुजूर, रीता देवी, सरिता उरांव, संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार रॉय, बुधमनी उरांव, आरती कुमारी, सुषमा केरकेट्टा समेत सभी आचार्यों ने भाग लिया।

## शहर >> अपडेट

### डिवाइन स्कूल में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

कुडू :डिवाइन पब्लिक स्कूल बाराडिह कुडू में 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिवाइन पब्लिक स्कूल के निर्देश ज्ञान गंगा सिंह और लोहरदगा जिला के ताइक्वांडो कोच अरविन्द कुमार यादव शामिल हुए।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### अर्चना अग्रवाल ने किया युक्त स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन

बेरमो: कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में आधुनिक स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन किया गया। स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन विघालय की अध्यक्षा अर्चना अग्रवाल ने किया। इस मौके पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्य कुमार गौरव ने शिक्षकों, अभिभावकों से कहा कि स्मार्ट क्लास आज के समय की मांग है। स्मार्ट क्लास की सहायता से बच्चों का नामांकन बढ़ाया जा सकेगा। विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय ने बताया कि इसमें सभी एप का उपयोग कर स्मार्ट क्लास द्वारा आसानी से बच्चों को पढ़ाया जा सकता है। स्मार्ट क्लास बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में बेहतर सिद्ध होगी। कार्यक्रम में विद्यालय की उपाध्यक्ष डॉ पूजा ने बताया कि स्मार्ट क्लास के संचालन से गरीब बच्चों की शिक्षा में सुधार होगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदया डॉ पूजा, संकुल संयोजक अमित कुमार सिंह, कस्तूरबा विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे एवं प्रभारी प्रधानाचार्य कुमार गौरव आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### चाँपि रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर से शांतिपूर्ण की वार्ता

कुडू :छोटकी चाँपि के ग्रामीणों के द्वारा आज बड़की चाँपि रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर से शांतिपूर्ण वार्ता की गई ।इस वार्ता का नेतृत्व छोटकी चाँपि गांव के वार्ड सदस्य सुनील मुंडा के नेतृत्व में की गई ।इस मौके पर छोटकी चाँपि गांव के सैकड़ो ग्रामीण ने उपस्थित होकर वार्ता की साथ ही उपस्थित लोगों के द्वारा स्टेशन मास्टर के माध्यम से आवेदन देकर मांग की गई की ब्रिज दिया जाए । आवेदन रांची रेल मंडल दक्षिण पूर्व रेलवे के नाम में आवेदन दिया गया। जिसमें छोटकी चाँपि गांव के ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव के बीचो-बीच रेलवे लाइन है और वह भी 35 से 40 फीट गड्ढा खोद के रेल लाइन बिछाई गई है ।जिससे प्रतिदिन हमें नुकसानों का सामना करना पड़ रहा है और आधा से ज्यादा खेती-बाड़ी हम लोगों का रेल लाइन के उस पार है हर दिन हम गरीब किसानों का बैल, बकरी मर जाता है ।इस संबंध में आवेदन देते हुए समस्त ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी छोटकी चाँपि गांव वार्ड सदस्य सुनील मुंडा जी के द्वारा दी गई।

### लोहरदगा में गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ संपन्न

कुडू :होली फेथ पब्लिक स्कूल टिको ,कुडू, लोहरदगा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह होली फेथ पब्लिक स्कूल कुरू में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया । इस राष्ट्रीय समारोह में विद्यालय के निर्देशक अशोक कुमार मिश्रा के द्वारा झंडोतोलन किया गया । उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता एंव अखंडता की कामना करते हुए सभी को 75 वी गणतंत्र दिवस की सुभकामनाएं दी इसके बाद राष्ट्रीय गान एंव राष्ट्रीय गीत तथा नारो से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।

**कार्यक्रम**

### मार्शल आर्ट के माध्यम से सीखा आत्मरक्षा के गुर

# मिशन साहसी से छात्राएं बनेगीं और सुरक्षित : जयंत सिन्हा

▶▶ मिशन साहसी की टैगलाइन मेकिंग फीयरलेस है

राष्ट्रीय खबर



रामगढ़ :अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से चल रहे जिले मे मिशन साहसी कार्यक्रम का सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच छावनी मैदान में समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले भर के 17 स्कूलों से 3000 छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा वशिष्ठ तिथि रांची महापौर और भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉक्टर आशा लकड़ा प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखण्ड प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो,अभाविप प्रांत छात्रा प्रमुख डॉ पुष्कर बाला ,खेलो भारत के राष्ट्र संयोजक पल्लवी गाडी , अभाविप रामगढ़ नगर अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार नगर सह मंत्री तनवी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। साथ ही सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन भेंट किया। परिषद के प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो ने मुख्य अतिथि जयंत सिन्हा को मोमेंटम एवं पुष्प गुछ देकर स्वागत स्वागत किया इस दौरान सांसद जयंत सिंह ने मिशन साहसी कार्यक्रम में शामिल छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि देश बदल रहा है देश की आधी आबादी जग चुकी है,देश के विकास में अपनी भागीदारी बढ़ चढ़कर निभा रही है मिशन साहसी कार्यक्रम छात्राओं में आत्म सुरक्षा को लेकर नई ऊर्जा का संचार कर रहा है।

डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्राओं को सशक्त करने के लिए लगातार अभियान में लगा रहता है मिशन साहसी ऐसा कार्यक्रम छात्रों के मनोबल को बढ़ता है और उन्हें जो समाज में लगातार उनके साथ जो असामाजिक तत्वों के द्वारा जो दुर्व्यवहार होते रहता है उसे बचाने के लिए ऐसा कार्यक्रम का होना जरूरी है गौतम कुमार महतो ने कहा की मिशन साहसी यह प्रशिक्षण उन्हें बेहतरीन मार्शल आर्ट ट्रेनर्स एवं सुरक्षा विशेषज्ञों के तत्वाधान में देते है मिशन साहसी का उद्देश्य ना केवल छात्रा बहन को आत्मविश्वास को बढ़ाना बल्कि छात्राओं को उनके मुद्दों के प्रति समाज में प्रचलित इग्नू रेंट रवैए में बदलाव लाना है । मिशन साहसी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग है मिशन साहसी की टैगलाइन मेकिंग फीयरलेस है।मिशन साहसी में विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षकों द्वारा अनुकूलित प्रशिक्षण दिया जाता है कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने हैरतंगेज करतब दिखाई मिशन साहसी का मुख्य आकर्षण का केंद्र छात्राओं द्वारा मुख्य आकर्षण का केंद्र छात्राओं द्वारा नारियल को फोड़ना एवं मुंह से गाड़ी को खींचना रहा अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाया कार्यक्रम का संचालन अंशु पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशीष कुमार ने किया मौके पर मुख्य रूप से अभाविप जिला संयोजक शुभम गिरी जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर ज़िला सह संयोजक राजेश दास, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उमेश कुमार,सुदीप कुमार नितेश मोदी ,नीलिमा झा ,मधु सिंह,कराटे प्रशिक्षक नरेन्द्र सिन्हा, शशि पांडे,कमल नायक,आर्य अग्रवाल सलोनी कुमारी, अमित महतो नगर मंत्री पुनीत ,आदित्य,रोहित, राहुल पिंटू,राहुल रजक, रीना बेदिया,खुशी कुमारी,मुखिया राज कुमार साव,सीताराम बेदिया, रामा,दीक्षा कुमारी, आकाश , अभिषेक, विकाश,राकेश,राजु ,चित्रा,मोंटी खुशी अभिनेष सिंह,राजेश ठाकुर, सौरभ जसवाल,नीतीश राम,सुमित अग्रवाल,पहलाद पाण्डे,अंजू ठाकुर,भाजपा ज़िला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ज़िला महामंत्री छोटन सिंह,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रविंदर शर्मा प्रो संजय सिंह, प्रभाकर सर, गिताली मेम, इंदरा मेम दीपक सर,अभिषेक समाजसेवी विजय मेवाड़ पूनम सिंह, विनय सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉक्टर प्रहलाद ने किया सुभाषनगर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

बेरमो: भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर प्रहलाद वर्णवाल ने रविवार को बेरमो विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत फुसरो नगर परिषद के पुराना सुभाष नगर स्थित भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर और नारियल फोड़कर कर किया। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सुभाषनगर में कार्यालय की सुविधा नहीं रहने के कारण लोगों को परेशानी होती थी। लोगों की परेशानी को देखते हुए भाजपा के युवा एवं कर्मठ नेता प्रकाश कुमार सिंह के द्वारा कार्यालय की सुविधा बहाल की गई है। कहा कि सुभाषनगर से बेरमो मे बदलाव की बिगुल शुरू हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह ने कहा कि कार्यालय मंदिर का स्वरूप होता है यहां संस्कार मिलता है और कार्यकर्ता को देश और पार्टी के प्रति काम करने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि छोटे से छोटे जगह मे पार्टी का अपना कार्यालय हो। कहा कि बेरमो मे भाजपा मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है।

## गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गणतंत्र दिवस



राष्ट्रीय खबर

बेरमो/ललपनिया: गोमिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों,कॉलेजों व क्लबो,सार्वजनिक स्थलों पंचायत भवनों, यूनियन कार्यालयों मे प्रत्येक वर्ष की भांति इसवर्ष भी 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास मनाया गया। इस कड़ी में प्रखंड क्षेत्र होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजितकर हर्षोउल्लास साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायत के मुखिया पार्वती देवी ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य महेश रविदास, उपमुखिया रंजीत साव मुख्यरूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुखिया पार्वती देवी जी ने सर्वप्रथम गणतंत्र दिवस पर उपस्थित सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा की देश को एक मजबूत राष्ट्र बनाएंगे। हमसब मिलकर सशक्त भारत का निर्माण करेंगे। सभी नागरिकों को संविधान के प्रति सजग करेंगे, सबको समान रूपसे जीने का अवसर प्रदान करेंगे।हमें सामाजिक मुद्दों जैसे गरीबी,अशिक्षा बेरोजगारी,ग्लोबल वार्मिंग,शोषण असमानता आदि के बारे में जागरूक होना चाहिए। ताकि आगे बढ़ने के लिए उन्हें समाधान किया जा सके। पंचायत समिति सदस्य महेश रविदास नेभी सभी को गणतंत्रदिवस की बधाई दिया और कहाकि भारत का संविधान लागू होने के सम्मान में हर वर्ष 26जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।यह एक महत्वपूर्ण अवसर है,जो हमें मजबूत राष्ट्र के रूपमें आगे बढ़ने साहस और प्रेरणा देता है।

## सचिव सह समाजसेवी ने किया कंबल का वितरण



राष्ट्रीय खबर

बेरमो : कांग्रेस पार्टी के बेरमो प्रखंड सचिव सह समाजसेवी ललन रवानी के द्वारा गरीबों मे कंबल के वितरण का कार्य किया गया. यह कार्य पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित अपने कार्यालय में किया गया। इस कार्य मे मुख्य अथिति नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया तथा विशिष्ठ अतिथि में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिती, बेरमो के उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक मौजूद रहे। श्री रवानी ने जरूरतमंद लोगों के बीच 51 कंबल का वितरण किए। श्री नोनीया ने इस कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों मे कंबल वितरण का कार्य सराहनीय है। कहा कि ललन रवानी हमेशा सामाजिक कार्य के लिए तत्पर रहते है। ललन रवानी ने कहा कि सामाजिक कार्य करने से एक अभूतपूर्ण खुशी मिलती है। आज 51 कंबल का वितरण किया गया है। कहा कि मै प्रतेक वर्ष कंबल का वितरण करता हूं। हर वर्ष गर्मियों मे पनशाला के द्वारा प्यासे को प्यास बुछाने के लिए पानी पिलाने का कार्य करता हूं। श्री चांडक ने कहा कि ललन रवानी हमेशा समाजसेवा के कार्य में आगे रहते है। कहा कि जनसेवा ही सुकून का एक मात्र साधन है।

### मिलन सह वनभोज का आयोजन

## मोर्चा को एकजुट रखना हमारा दायित्व : इस्लाम

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : रैयत विस्थापित मोर्चा जारंगडीह शाखा अध्यक्ष इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में रविवार को मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में मोर्चा के समर्थक, नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।यह आयोजन कथारा - गोमिया मुख्य मार्ग पर छिलका पुल के समीप आयोजित किया गया था। इस वनभोज सह मिलन सम्मेलन समारोह को संबोधित करते हुए रैयत विस्थापित मोर्चा जारंगडीह शाखा अध्यक्ष सह एसी ,एसटी/ओबीसी काउंसिल के क्षेत्रीय अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता आती है। उन्होंने सदस्यों से आपसी मतभेदों को बुलाकर एक जूटता बनाए रखने की अपील की तथा कहा कि मोर्चा का बहुत जल्द अपना कार्यालय भवन होगा। उन्होंने मिडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि मोर्चा व संगठन के सदस्यों को एकजुट रखने का दायित्व मोर्चा व संगठन के हमारे जैसे लोगो पर ही होती है और इस तरह के आयोजनों से सभी को एक कहने व उनकी मतभेदों को खत्म करने का मौका मिलता है।

**समारोह**

### आर सी एम यू के क्षेत्रीय कार्यालय में अभिनंदन समारोह आयोजित

# सम्मान और सेवा संगठन का कर्तव्य:अजय

▶▶ यादव ने कहा मजदूर हीतो की रक्षा संगठन की पहली प्राथमिकता है

राष्ट्रीय खबर



बेरमो :राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा वाशरी के शाखा अध्यक्ष मोहम्मद कयूम और संगठन के सदस्य प्रदीप सिंह के सीसीएल से अवकाश प्राप्त होने पर संगठन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कर शाल ओढ़ कर और पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया ।वहीं दूसरे संगठन छोड़कर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्राथमिकता लिए सुरेश ठाकुर का माला पहनकर स्वागत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कुमार सिंह ने किया और संचालन दयाल यादव ने किया। अपने वक्तव्य में शाखा के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त हुए मोहम्मद कयूम ने कहा यह संगठन श्रमिकों के सुख और दुख का सदैव ख्याल रखकर कार्यकर्ता है जिसके परिणाम से मजदूरों का सबसे विश्वसनीय संगठन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन है। हम सभी मजदूरों का हमेशा विश्वास प्राप्त कर सके इसके लिए हम सबों का प्रयास कथनी और करनी एक है। क्षेत्रीय समिति द्वारा मिले सम्मान के लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं। मेरी सेवा संगठन के प्रति हमेशा वफादारी के साथ रही है। यथासंभव मजदूरों के हर सुख दुख में हमेशा साथ खड़ा रहूंगा। प्रदीप सिंह ने कहा संगठन का सच्चा सिपाही होने के नाते संगठन द्वारा मिला सम्मान मेरे आत्म बल को मजबूत करता है। मेरी कामना संगठन की मजबूती के लिए हमेशा रहेगी। सुरेश ठाकुर ने कहा संगठन के पदाधिकारी के कार्य शैली से प्रभावित होकर बेरमो के लोकप्रिय विधायक अनूप सिंह के सेवा भाव को लेकर मैं संगठन का सदस्य बना यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। संचालन कर रहे दयाल यादव ने कहा मजदूर हीतो की रक्षा संगठन की पहली प्राथमिकता है। यह संगठन श्रमिकों के कल्याण के साथ-साथ वंचित और पीड़ितों की सेवा में भी तत्पर रहता है। क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा पूरे क्षेत्र में निरंतर मजदूरों का विश्वास संगठन के प्रति बढ़ता जा रहा है। इसका श्रेय यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व बेरमो के विधायक अनूप सिंह के कुशल मार्गदर्शन का परिचायक है। मजदूरों के मौलिक अधिकार की रक्षा हेतु संगठन हमेशा तत्परता के साथ खड़ा है।

### उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



रामगढ़ : झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन हेतु रविवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कैथा क्षेत्र में संत अन्ना स्कूल, बाजारटांड स्थित राम प्रसाद चंद्रभान विद्यालय, छावनी प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, अग्रसेन डीएवी भरेचनगर, छोटानागपुर महाविद्यालय, कुज्जु प्लस टू उच्च विद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि अभी जायजा लिया।

### गरीबों के बीच कम्बल का वितरण

बेरमो /गोमिया: बेरमो अनुमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर साड़म पश्चिमी पंचायत के मड़ई टोला एवं लरैयाटांड में अत्यंत गरीब व वृद्ध व्यक्तियों के बीच पैनल लॉयर देव दत्त तिवारी एवम पी एल भी कृष्णा रजक एवम सुनीता सिन्हा द्वारा कंबल वितरण किया गया।इस अवसर पर पैनल लॉयर तिवारी ने कहा की प्रत्येक वर्ष नालसा,झालसा एवं डालसा के निदेर्शानुसार एस डी एल एस सी बेरमो एट तेनुघाट द्वारा छेत्र के गरीब,असहाय वृद्ध महिला एवं पुरुषों के बीच बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया जाता है।उन्होंने कहा की आज कई लोगों को कंबल प्रदान किया गया है और जो लोग शेष बच गए हैं प्रयास किया जाएगा की उन्हें भी कंबल उपलब्ध कराया जा सके।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतिकरण में बोकारों के शिक्षकों का बेहतर प्रर्दशन



बेरमो :सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 16 जनवरी से 6 फरवरी 2024 तक किया गया है ।इस प्रशिक्षण में भारतवर्ष से कुल 13 राज्यों (गुजरात , हरियाणा , जम्मू एवं कश्मीर , हिमाचल प्रदेश , झारखंड , छत्तीसगढ़ , मध्य प्रदेश , कर्नाटक , महाराष्ट्र , आंध्र प्रदेश , सिक्किम , असम , एवं गोवा ) के शिक्षकों ने भाग लिया। झारखंड राज्य से (बोकारो जिला से त्रिवेणी महतो , अमित कुमार सिंह , बिनोद बिहारी विश्वकर्मा ने भाग लिया ।धनबाद जिला से बिपलब बिट , अंकित वासन , रुपनाथ गोराई एवं चतरा जिला से हीरालाल साहु ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में भारतवर्ष से कुल 72 शिक्षक अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दिनांक 22/01/2024 को झारखण्ड राज्य का सांस्कृतिक प्रस्तुतिकरण किया गया ।इस प्रस्तुतिकरण में झारखण्ड राज्य से 7 शिक्षकों ने मिलकर अपनी एक अनोखा प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुतिकरण में झारखण्ड से संबंधित सभी तत्वों को दशार्या गया जिसमें झारखण्ड राज्य का परिचय जल - नदी, डैम एवं जलप्रपात , जंगल - अभ्यारण्य ,पहाड़ियां, जमीन- खनिज, उद्योग, खेती- बाड़ी , अनुसूचित जनजातियां ,झारखंडी भाषाएं , झारखण्ड के महापुरुष, परब , नृत्य,खान- पान, प्रसिद्ध पकवान, आदि को दशार्या गया इसके बाद इन सातों शिक्षकों द्वारा झारखंड लोक नृत्य का प्रस्तुति दिया गया। यह लोक नृत्य इतनी मनमोहक थी की इस प्रशिक्षण में आए सभी राज्यों के शिक्षक झुमने को मजबूर हो गए। शिक्षक त्रिवेणी महतो ने इस प्रशिक्षण में अपनी मातृभाषा खोरठा में अपनी प्रस्तुति दिए। अपनी संस्कृति को दशार्ने के लिए मातृभाषा खोरठा में अपनी प्रस्तुति देने से पूरा आडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।बोकारो से त्रिवेणी महतो उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय चांदो पेटरवार, अमित कुमार सिंह उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोरिया, बेरमो, बिनोद बिहारी विश्वकर्मा मध्य विद्यालय जरीडीह बस्ती, बेरमो, चतरा जिला के हीरालाल साहू उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेसातु, टंडवा, धनबाद जिला के अंकित वासन उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाईडीह, गोविंदपुर, रुपनाथ गोराई एस.एस.एल.एन.टी. धनबाद एंव बिप्लव बिट प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल,बरियापुर के उपरोक्त शिक्षकगण इस भव्य समारोह में शामिल हुए।

### चलकरी से हज ए उमरा के लिए मां के साथ बेटा भी रवाना



बेरमो /खेतको : पेटरवार प्रखंड के चलकरी पंचायत से सउदी अरब हज ए उमरा के लिए रविवार को दो हज यात्री रवाना हुए जिसमे रजिया बेगम के साथ बड़ा बेटा हसनैन अंसारी भी रवाना हुए । रवानगी के मौके पर उनके और तीन बेटे अनीस अंसारी, नईम सरवर , सईद अनवर ने अपनी मां के कदमों में गिरकर व भाई को गले लगा कर भावुक विदाई किया। इस अवसर पर जियारत हुसैन, शफीक अंसारी, जाहिद हुसैन ने भी अपने सास और साल को रवानगी के समय मौजूद थे और कहा कि हम लोगों का भी मदीने वालों से सलाम कहना ।इस घड़ी में पंचायत कि मुखिया अखलेश्वर ठाकुर ने अपने पंचायत मे किसी की बुरी नजर ना लगे और मेरे पंचायत में हिंदू मुस्लिम मिलकर पंचायत को विकास करने के लिए दुआ करने को कहा। इस अवसर हज ए उमरा के लिए रवानगी करते समय पंचायत वासियों की आंखें भी नाम थी तो किसी की आंखों में खुशी दिखाई पड़ रही थी। सभी ने हज पर जाने वाले दोनो हाजियों से अपनी अपनी मगफिरत की दुआएं मांगने की मिन्नते कर रहे थे ।मौके पर मजार के खादिम हाजी हसन इमाम अंसारी, हाजी यूसुफ अंसारी,हाजी सफी अलम अंसारी, मौलाना इसराफिल, सदर समीर आलम,सेक्रेटरी गुलाम हैदर, बशारत अंसारी ,सरफराज अंसारी, मोइन अंसारी ,वकील गुलाम गौस ,मो इश्तियाक अब्दुल रशीद अलावे हजे उमरा पर जाने वाले के परिजनों के अलावे सैकड़ों की संख्या में पंचायत वासी मौजूद थे।

संपादकीय

# भाजपा की चुनावी व्यग्रता साफ हो गयी

भाजपा का जोर शोर से प्रचार था तीसरी बार मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार। इस नारा को अयोध्या में श्री राम मंदिर के भव्य उदघाटन के बाद काफी हद तक सही भी माना गया था। लेकिन चंद दिनों में ही भाजपा का यह बुखार उतर गया और बिहार के तेजी से बदलते घटनाक्रमों ने यह साफ कर दिया कि भाजपा के चुनावी चाणक्य यानी अमित शाह को नीतीश कुमार ने राजनीतिक तौर पर पीछे धकेल दिया है। पल पल बदलती राजनीति में अजीब स्थिति यह है कि सारी सूचनाएं सूत्रों के माध्यम से आ रही है और यह सूत्र कौन है, यह भी स्पष्ट नहीं है। फिर भी इतना साफ है कि इस पूरी चर्चा के केंद्र में नीतीश कुमार ही हैं, जिनकी वजह से अमित शाह को बार बार बिहार भाजपा के नेताओं के साथ बैठक करना पड़ रहा है। बिहार में चल रहे घटनाक्रम के बीच, राज्य के सभी मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने शनिवार को पटना में पार्टी नेताओं और विधायकों के साथ बैठकें कीं। भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन ब्लॉक के सहयोगियों के



साथ बढ़ते तनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी के साथ फिर से जुड़ने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने की संभावना के बाद राजनीतिक हलचल मच गई। राष्ट्रीय जनता दल, जिसके साथ श्री कुमार ने अगस्त 2022 में महागठबंधन सरकार बनाई थी, वर्तमान में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आधिकारिक आवास पर पार्टी विधायकों के साथ एक संकट बैठक कर रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस पार्टी पूर्णिया में पार्टी विधायकों के साथ जुटी हुई है, जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 30 जनवरी को पहुंचने वाली है। इन घटनाक्रमों के बीच, कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भारत जोड़ो न्याय यात्रा और बिहार में पार्टी की अन्य गतिविधियों के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस अस्थिर राजनीतिक स्थिति के दौरान बिहार में कुछ कांग्रेस विधायकों के जनता दल (यूनाइटेड) नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संपर्क में होने की अफवाहों को खारिज करते हुए, कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान ने कहा, हमारी पार्टी के सभी नेता और विधायक पूरी तरह से एकजुट हैं और उनके साथ हैं। श्री खान ने कहा कि वह चल रही अफवाहों से हैरान हैं। यह अफवाह है कि कांग्रेस पार्टी नेतृत्व ने चार विधायकों के समर्थन की उम्मीद में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) के नेता जीतन राम मांझी से बात की है। हम पार्टी के सूत्रों ने इसे राजनीतिक बकवास और अफवाह बताया है। राजद नेताओं ने मीडियाकर्मियों से कहा कि यह एक ‘नियमित बैठक’ थी, और उन्हें कोई अंदाजा नहीं था कि राज्य में राजनीतिक रूप से क्या विकास हो रहा है। हालाँकि, बैठक में राजद प्रमुख लालू प्रसाद को पार्टी की ओर से कोई भी निर्णय लेने का अधिकार दिया गया। राजद के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, राजद पीड़ित कार्ड का फायदा उठाकर यह कहना चाहता है कि यह नीतीश कुमार ही थे जो हमसे अलग हो गए। यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार सरकार में राजद कोटे से सभी मंत्रियों ने अपनी सरकारी गाड़ियां सरकार को वापस कर दी हैं। मुख्यमंत्री कुमार के आधिकारिक आवास 1, अण्णे मार्ग पर बैठक में सीएम कुमार के मंत्रिमंडलीय सहयोगी अशोक चौधरी, विजय चौधरी, संजय झा और मुंगेर से पार्टी सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह सहित जदयू की कोर कमेटी के सदस्य मौजूद हैं। भाजपा, जिसके साथ श्री कुमार फिर से हाथ मिलाने को तैयार दिख रहे हैं, शाम साढ़े चार बजे पटना के एक होटल में पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं के साथ बैठक भी कर रहे हैं। शनिवार को। बैठक में बिहार बीजेपी प्रभारी विनोद तावड़े के साथ-साथ प्रदेश पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी, गिरिराज सिंह, मंगल पांडे, नित्यानंद राय और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सम्राट चौधरी मौजूद हैं। वर्तमान में, यह दोतरफा रास्ता है - भाजपा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार कार्यकाल सुनिश्चित करने के अपने मिशन के लिए श्री कुमार का समर्थन चाहती है, और श्री कुमार बिहार में उनके गेम प्लान में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। बदले में, श्री कुमार 2025 के राज्य विधानसभा चुनाव के बाद एक परेशानी मुक्त जीवन सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इससे कमसे कम यह साफ हो गया है कि भाजपा को बिहार में लोकसभा चुनाव की सीटों का कितना ध्यान है। अगर वाकई भाजपा चार सौ सीट से अधिक पर निश्चिंत होती तो नीतीश कुमार को मनाने की यह कवायद नहीं होती। वैसे नीतीश कुमार भी दावे के साथ यह नहीं कह सकते है कि इंडिया गठबंधन से अलग होने के बाद वह अपनी पार्टी को एकजुट रख पायेंगे। कुल मिलाकर शह और मात के इस खेल का असली खिलाड़ी कौन, यह तय होना बाकी है पर तय है कि भाजपा को हर सीट की बहुत चिंता है।

# भाजपा ने नीतीश और लालू को जिंदा कर दिया

भाजपा की आत्मघाती और अनैतिक कदम ने एक साथ दो विलुप्त होने के कगार पर खडे राजनीतिज्ञ नीतीश कुमार और लालू यादव को जिंदा कर दिया। भाजपा के साथ आकर नीतीश कुमार भी अब लंबे समय तक राजनीति में बने रहेंगे, लाल यादव का खानदान अब बिहार में शक्तिशाली भी बन सकती है। सत्ता विरोधी लहर का लाभ लालू खानदान को मिल सकता है। ऐसे नीतीश कुमार ने स्वयं के साथ ही साथ लालू खानदान को भी ताप दिया था लेकिन भाजपा की मूर्खता से बाजी पलट गयी। बिहार का दुर्भाग्य ही है कि उसे लालू और नीतीश के जंगलराज और सत्ता खोरी से मुक्ति नहीं मिल रही है। कोई एक साल नहीं बल्कि 30 साल से अधिक समय लालू और नीतीश ने राज कर बिहार को गर्त में ढकलने का काम किया है। भाजपा को नीतीश कुमार की चरणवंदना का कितना लाभ होगा, यह कहना मुश्किल है पर बिहार की जनता को विकल्प के अभाव में जंगल राज के प्रतीक लालू खानदान से दोस्त करनी पड़ सकती है।



**आचार्य विष्णु हरि**
राष्ट्र चिंतन

नीतीश कुमार की वर्तमान आया राम-गया राम की राजनीतिक पैंतरेबाजी को क्या नाम दिया जाना चाहिए? तल्ख शब्दों में कहें तो फिर अविश्वनीय और अस्वाभाविक भी नहीं है, आश्चर्य की कोई बात नहीं है, अनहोनी की कोई बात नहीं है। आखिर ऐसा क्यों समझा जाना चाहिए? इसलिए कि नीतीश कुमार की राजनीतिक मानसिकता और स्वभाव कुछ ऐसा ही है, पलटी मारना, धोखा देना और स्वार्थ की पराकाष्ठा को बार-बार प्रदर्शित करना, इसमें उनकी कोई तुलना नहीं है। जार्ज फनार्डीस से लेकर शरद यादव और अली अनवर तक दर्जनों नाम हैं जिन्हें नीतीश कुमार ने अवसर मिलते ही गिरगिट की तरह रंग बदला और एक झटके में हाशिये पर फेक दिया। बिहार में राजनीतिक नैतिकता, शुचिता और स्वच्छता के समर्थक राजनीतिज्ञ और बुद्धिजीवी स्पष्ट तौर पर नीतीश कुमार को टग, विश्वासघाती और घोर अनैतिक तथा पैंतरेबाजी का पर्याय मानते हैं। अपनी कुर्सी के लिए किसी भी कीमत और किसी भी स्थिति में कोई भी समझौता करने के लिए तैयार होते हैं। इसी कारण नीतीश कुमार को कुर्सी कुमार भी कहा जाता है।

नीतीश कुमारा के हमाम में सब नंगे हैं। सिर्फ दोष नीतीश कुमार का ही नहीं है, राजनीतिक तौर पर अनैतिक, ठग व अविश्वसनीय और विश्वासघाती की श्रेणी का बदबुदार उदाहरण सिर्फ नीतीश कुमार का ही नहीं बल्कि लालू यादव का वंशवादी घराना भी है और भाजपा भी है। अब आप यहां यह प्रश्न उठा सकते हैं कि लालू का वंशवादी घराना और भाजपा भी ठग, अनैतिक और पैंतरबाज कैसे हैं, धोखा तो बार-बार नीतीश कुमार देते हैं? क्या लालू के वंशवाद घराने और भाजपा को यह मालूम नहीं है कि नीतीश कुमार अविश्वसनीय है, अनैतिक है, ठग भी है, अपनी कुर्सी के लिए कुछ भी कर सकता है, फिर भी लालू का राजनीतिक घराना और भाजपा बार-बार नीतीश कुमार की चरणवंदना क्यों करते हैं? सच तो यह है कि भाजपा और लालू का वंशवादी घराना भी अपने-अपने राजनीतिक लाभ के लिए ठगे जाने के बाद भी नीतीश कुमार से लात खाते रहे हैं।

नीतीश कुमार की पैंतरेबाजी से कांग्रेस भी नहीं बची। कांग्रेस का समीकरण भी तहस-नहस हो गया। कांग्रेस के साथ गठबंधन का असली मकसद ही कारण बना। कांग्रेस और नीतीश कुमार को अपना-अपना राजनीतिक स्वार्थ था। नीतश कुमार को प्रधानमंत्री की कुर्सी चाहिए थी और कांग्रेस को अपने युवराज राहुल गांधी के लिए भी प्रधानमंत्री की कुर्सी चाहिए थी। राजनीतिक अति महत्वाकांक्षा की इस प्रतिद्वंदिता के सामने गठबंधन और एक-दूसरे का साथ कहा तक चलता? नीतीश को गठबंधन का सिरमौर बनाने के लिए कोई तैयार ही नहीं था। कांग्रेस बडी पार्टी होने के कारण इंडिया नामक गठबंधन की रस्सी अपने हाथ से कैसे ढीली करती, कैसे छोडती? कांग्रेस अपने युवराज राहुल गांधी को बलिदान कर नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित कैसे और क्यों करती? इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दल भी नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। ममता बनर्जी ने मलिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाने का नाम प्रस्तावित कर एक तरह से राजनीतिक वज्रपात कर दिया था। एक तीर से दो निशाने कर दी थी। नीतीश कुमार और राहुल गांधी दोनों की संभावनाओं पर पूर्ण विराम लगा दी थी। ममता बनर्जी के इस प्रस्ताव का समर्थन अरविन्द केजरीवाल ने भी किया था। कांग्रेस को कहना पडा कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री पद पर सहमति हो सकती है, लोकसभा चुनाव के पूर्व ऐसी सहमति की कोई संभावना या जरूरत नहीं है। इसके अलावा अखिलेश यादव और वामपंथी पार्टियो तथा दक्षिण की राजनीतिक पार्टियों की भी सोच और सहमति विपरीत थी। ऐसी राजनीतिक स्थिति में नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री बनने की संभावनाएं समाप्त हो गयी थी, प्रधानमंत्री बनने के सपने का संहार हो चुका था। इसके अलावा उनके दल में ही विखराब के समीकरण बनने लगे थे, बगावत की स्थिति बन रही थी, कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता नीतीश कुमार छोड कर भाजपा और राजद के दामन थाम चुके थे। लालू का खानदान की चमक-धमक के सामने नीतीश कुमार की बोलती बंद थी, भाजपा की तरह राजद समर्पण की स्थिति में कतई नहीं था, राजद तन कर खडी थी और हर मंच और मोर्चे पर राजद अपनी बढत और शक्ति का प्रदर्शन कर रहा था। ऐसी विपरीत व खतरनाक परिस्थिति में नीतीश कुमार द्वारा भाजपा की ओर कदम बढाने की पैंतरेबाजी दिखाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। अगर भाजपा की ओर कदम बढाने की पैंतरेबाजी नहीं दिखायी होती तो फिर नीतीश कुमार की राजनीतिक मौत को कोई रोक नहीं सकता था।

अति महात्वाकांक्षा को भी लांघ दिया। इसे सिर्फ अति महात्वाकांक्षा नहीं कहा जा सकता है? इसे राजनीतिक पागलपन कहा जा सकता है। नीतीश कुमार जैसा राजनीतिज्ञ का यह सोचना और समझना की देश की सभी राजनीतिक पार्टिया मेरे गुलाम की तरह मेरे पैरो के नीचे खडी रहे और हमे प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बठाये, ऐसी सोच और समझ को पागलपन ही कहा जा सकता है, मुंगेरीलाल के हसीन सपने ही कहा जा सकता है, बेशर्मी की हद कहा जा सकता है। खुद की शक्ति का अहसास नहीं। खुद की इनकी शक्ति क्या है? अमीबा की तरह ये परजीवी हैं। इनकी पार्टी जद यू बिहार की भी सिरमौर राजनीति पार्टी नहीं है।

नज़रिया

# दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे ...



**तनवीर जाफरी**
पत्रकार

कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से सड़कों पर उतर चुके हैं। कार्यक्रमानुसार यह 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' लगभग 66 दिनों तक चलते हुये देश के 15 राज्यों और 110 जिलों से होकर गुजरना प्रस्तावित है। 20 मार्च को मुंबई में खत्म होने वाली यह यात्रा 15 राज्य और 110 जिलों के 337 विधानसभा व 100 लोकसभा सीटों से होकर गुजरेगी। 14 जनवरी को राहुल गांधी द्वारा मणिपुर के थौबल से शुरू की गयी यह 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर के बाद नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए (मुंबई ) महाराष्ट्र में समाप्त होगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 को पहले से भी अधिक जनसमर्थन मिल रहा है। जगह जगह लोगों की भारी भीड़ राहुल गाँधी को सुनने व देखने के लिये उमड़ रही है। परन्तु देश का 'रीढ़ विहीन' मीडिया राहुल गाँधी की सफल 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को कोई महत्व नहीं दे रहा। मीडिया तो सत्ता के सुर से अपना सुर मिलाते हुये देश को केवल यह बताने में व्यस्त है कि देश में 'राम राज ' आ चुका है।

**'भारत जोड़ो यात्रा' पार्ट 1 के समय जब राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक 145 दिनों की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की यात्रा करते हुये 3570 किलोमीटर के सफर में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था।**

'भारत जोड़ो यात्रा' पार्ट 1 और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 में एक और बहुत बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। 'भारत जोड़ो यात्रा' पार्ट 1 के समय जब राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक 145 दिनों की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की यात्रा करते हुये 3570 किलोमीटर के सफर में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था। उस समय किसी भी पक्ष या विपक्ष के सत्तासीन राज्य से गुजरते वक़्त इस स्तर के शासकीय विरोध का सामना नहीं करना पड़ा था जितना इस बार उन्हें 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 के दौरान अपनी यात्रा के शुरूआती दौर में ही भाजपा शासित असम राज्य में करना पड़ा। असम में राहुल गांधी की यात्रा रोकने,बाधित करने व राहुल गाँधी व उनके साथियों को हतोत्साहित करने के लिये असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपना पूरा जोर लगा दिया। राजनीति में इस तरह का विरोध राजनैतिक विरोध कम व्यक्तिगत रंजिश जैसा अधिक प्रतीत होता है ? हिमंता बिस्वा सरमा ने राजनीति का कखग कांग्रेस में ही रह कर सीखा है। सरमा के कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हें देश का सबसे भ्रष्ट कांग्रेस नेता बताया करती थी। कुछ अजित पवार की ही तरह। परन्तु जब से उन्होंने भाजपा में शरण पाई तब से वे न केवल असम में एक भाजपाई मुख्यमंत्री के रूप में सुशोभित हो रहे हैं बल्कि भाजपा की नेहरू-गांधी परिवार व कांग्रेस विरोधी मुहिम के भी सबसे बड़े अगुआकार के रूप में नजर आ रहे हैं। यहाँ तक कि कुर्सी पर बने रहने और अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचारों की आंच से महफूज रहने के लिये वे संघ व भाजपा के साम्प्रदायिक व विभाजनकारी एजेंडे के भी 'नायक ' बने दिखाई देते हैं।

शायद तभी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पांचवें दिन यानी 18 जनवरी को जब राहुल गांधी ने मणिपुर से नगालैंड होते हुये असम में प्रवेश किया तो उन्होंने असम के शिवसागर जिले में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा और ‘आरएसएस’ देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है।

# बेशकीमती फूलदान ...

प्रेरक-प्रसंग



अब गतांक से आगे .. .. ..

तथा वह गुस्से में आकर एक तुच्छ वस्तु के लिए किसी भी व्यक्ति के प्राण नहीं ले सकते। उन्होंने सेवक रमैया को उसकी गलती के लिए माफ कर दिया।

साथ में खड़े तेनालीराम यह सब देख मंद-मंद मुस्कुरा रहे थे। राजा ने रमैया से पूछा कि ‘तुम्हें ऐसा करने को किसने कहा था?’ रमैया ने राजा को सारी बात बताई कि ऐसा तेनालीराम ने उसे करने को कहा था। यह सुनते ही राजा ने तेनालीराम को गले से लगा लिया और कहा, ‘तेनालीराम, आज तुमने मुझे बहुत बड़ी भूल करने से बचा लिया और साथ ही एक काबिल सेवक की जान भी बचा ली। आज की इस घटना से मुझे यह समझ में आ गया है कि मनुष्य को गुस्से में आकर कोई भी फैसला नहीं करना चाहिए तथा किसी भी जीव के प्राण किसी वस्तु से कहीं बढ़कर हैं। इसके लिए शुक्रिया तेनालीराम।

**कहानी से सीख**

इस कहानी से हमें दो सीख मिलती है, पहला यह कि हमें आवेश में आकर कोई भी फैसला नहीं करना चाहिए। गुस्से में लिए गए फैसले अक्सर गलत साबित होते हैं। दूसरा यह कि किसी भी वस्तु के लिए हमें किसी इंसान के जीवन को खतरे में नहीं डालना चाहिए। किसी भी वस्तु का मोल किसी इंसान की जिंदगी से ज्यादा नहीं होता है। .. ..समाप्त।

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास



नर्वाचित सीटों में से तीन सीटों पर नव-गठित सिंगापुर प्रोग्रेसिव पार्टी (एसपीपी) ने जीत हासिल की थी जो एक रूढ़िवादी पार्टी थी जिनके नेता व्यापारी और पेशेवर लोग थे और तत्काल स्व-शासन के लिए दबाव डालने के प्रति अनिच्छुक थे। अन्य तीन सीटों को निर्दलीय ने जीता था।

चुनावों के तीन महीने के बाद मलय में साम्यवादी समूहों द्वारा एक सशस्त्र विद्रोह - मलायी आपातकाल - छिड़ गया। अंग्रेजों ने सिंगापुर और मलय दोनों जगह वाम-पंथी समूहों को नियंत्रित करने के कड़े उपाय किये और विवादास्पद आतंरिक सुरक्षा कानून लागू किया जिसने ‘सुरक्षा के लिए खतरा’ बनने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के लिए सुनवाई के बिना अनिश्चितकालीन कारावास की अनुमति दे दी। चूंकि वामपंथी समूह औपनिवेशिक प्रणाली के सबसे मजबूत आलोचक थे, स्व-शासन की प्रगति कई सालों के लिए ठप पड़ गयी।

# Pixel 8 Pro नए मिंट कलर ऑप्शन में लॉन्च



नई दिल्ली: Google ने बाजार में Google Pixel 8, Pixel 8 Pro को नए कलर वेरिएंट में पेश कर दिया है। ब्रांड ने पिछले कुछ दिनों से मिन्ट फ्रेश नाम के साथ आगामी पेशकश को टीज किया था। अक्टूबर में लॉन्च के वक्त Pixel 8 को Obsidian, Hazel और Rose कलर में उतारा गया था, जबकि Pixel 8 Pro बाजार में Obsidian, Bay और Porcelain कलर्स में आया था। अब एक नया Mint कलर भी जुड़ गया है। यह हम आपको Google Pixel 8 और Pixel 8 Pro के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Google Pixel 8, Pixel 8 Pro की कीमत और उपलब्धता**

Google Pixel 8, Pixel 8 Pro का मिंट कलर वेरिएंट Google स्टोर पर एक्सकुलेसिव तौर पर लिस्टेड है। यह स्मार्टफोन समान कीमत पर सिर्फ 128GB मॉडल में उपलब्ध है। मिंट Pixel 8, Google इंडिया ऑनलाइन स्टोर पर लिस्टेड है, लेकिन Google भारत में सिर्फ ई-कॉमर्स साइट Flipkart के जरिए Pixel फोन बेचता है, इसलिए भारत में फ्लिपकार्ट पर नया कलर ऑप्शन लिस्ट हो गया है।

**Google Pixel 8, Pixel 8 Pro के स्पेसिफिकेशन्स और फीचर्स**

Google Pixel 8 में 6.2 इंच की FHD+ OLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1080X2400 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 90Hz है, जबकि Pixel 8 Pro में 6.7 इंच की QHD+ LTPO OLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1344X2992 पिक्सल, रिफ्रेश रेट 120Hz और पीक ब्राइटनेस 2400 nits तक है। Pixel 8, Pixel 8 Pro स्मार्टफोन Google के नॉन-कोर Tensor G3 चिपसेट और TitanM2 सिक्योरिटी चिप से लैस हैं।

कैमरा सेटअप के लिए Pixel 8 Pro में 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 48 मेगापिक्सल का दूसरा अल्ट्रावाइड कैमरा और तीसरा 48 मेगापिक्सल क्वाड-PD 5x जूम कैमरा दिया गया है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"भारत के संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के सिद्धांतों वाले स्वतंत्र भारत का स्वप्न देखा था। भारत के उच्चतम न्यायालय ने इन सिद्धांतों के संरक्षण का निरंतर प्रयास किया है। "



**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



" फिल्म ने तीसरे दिन 30 करोड़ की कमाई की। फाइटर तीन दिनों में 95 करोड़ की कमाई कर चुकी है।"

**ऋतिक रौशन**
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## एकता को प्रदर्शित करता है गणतंत्र दिवस

भारत का झंडा हमारी आन,बान और शान है ।हमारा राष्ट्रध्वज हमारे गौरव का प्रतीक है ।आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर रास्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झंडा फहराएगी ।भारत की पहली आदिवासी रास्ट्रपति के द्वारा गणतंत्र दिवस झंडा फहराया जाएगा ।26 जनवरी 1950 को संविधान की प्रस्तावना लागू हुई ।जिससे भारत स्वयंभू गणराज्य में परिवर्तन हो गया ।धर्म,नस्ल जाति और लिंग की परवाह किये बिना सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार देता है ।आज ही के दिन संविधान को लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ लागू किया गया था। भारत के राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्रप्रसाद ने 1950 में 21 तोपो की सलामी के साथ पहला झंडा फहराया था ।राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशों से मिलकर गणतंत्र बना है ।संविधान लागू होने के बाद भी देश मखौल तंत्र बन गया ।अखंड भारत खण्ड खण्ड हो गया ।पाकिस्तान की त्रासदी आज भी बरकरार है ।आतंकवादी संगठन इस देश के लिए भयानक खतरा बन गए ।भारत को अशान्त देखने वाले देश मुह की खाते दिख रहे है ।देश की स्थिति ठीक उस रोगी के पेट जैसी थी ।धन और पद का दुरूपयोग करके नेता अपना दल बना लेते थे ।और घोषणा करते थे कि इस देश की पीड़ा मैं दूर करूंगा ।भारत उसी दलदल में फंसा हुआ था ।रोगी रोग के लिए कराह रहा था ।इसका वास्तविक जिम्मेदार कौन था ।जातिवाद का जहर जिस राष्ट्र में घुल जाता है,वह राष्ट्र कमजोर हो जाता है ।आदमी को आदमी के रूप में देखना चाहिए।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### झारखंड आंदोलनकारी का मना तृतीय पुण्यतिथि

चांडिल : चांडिल प्रखंड अंतर्गत भादूडीह पंचायत के हुमिद स्थित होटल में रविवार को झारखंड आंदोलनकारी स्व भजोहरि महतो के तृतीय पुण्यतिथि मनाया गया। इस दौरान झामुमो नेता ओमप्रकाश लायक शामिल हुए एवं उनके चित्र पर मल्लार्पणकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों के बीच पठन सामग्री का वितरण किए।

## सिटी अपडेट्स >>

### कोयलांचल के मजदूर नेता का निधन



बेरमो : जनता मजदूर संघ के सीसीएल जोन के अध्यक्ष और कोयलांचल के जाने माने मजदूर नेता हरिशंकर सिंह का इलाज के दौरान रविवार को निधन हो गया। इस मौके पर यूनियन के बीएडके एरिया अध्यक्ष राहुल कुमार, ढ़ोरी एरिया अध्यक्ष घीरज पांडेय व एरिया सचिव विकास कुमार सिंह ने कहा कि यह अत्यंत और दुखद अपूरणीय क्षति है। हरिशंकर सिंह ने अपनी अधिकतर जिंदगी मजदूरों के सेवा में ही बिताई तथा जमसं में उन्होंने अपना बहुमूल्य समय कई वर्षो तक रिजनल अध्यक्ष के तौर पर दिया। शोक व्यक्त करने वाले में उज्जवल मुखर्जी, नवीन श्रीवास्तव, शंकर नायक, प्रत्युष राय, रंघीर सिंह,विनोद कुमार सहित दर्जनो लोग शामिल है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जिला परिषद ने विभिन्न गांवों किया दौरा

कुडू : लोहरदगा जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चाँपि पंचायत के विभिन्न गांवो का दौरा किया और ग्रामीणों का समस्या सुनी। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने बड़की चापि पंचायत क्षेत्र के बड़की चाँपि चुंद पतरा टोली, जरियो, दुबांग सहित विभिन्न गांवो का दौरा कर ग्रामीणों से मिले एवं ग्रामीणों का हर समस्या को सुनने के उपरांत उनकी समस्या को यथासंभव दूर करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने राशन कार्ड ,बृद्धा पेंशन ,विधवा पेंसन,आवास, सड़क, बिजली, पानी सहित कई समस्याओं को रखें जिस पर जिला परिषद अध्यक्ष ने मौके से ही पीएचडी विभाग के अधिकारी को फोन करके चापाकल को यथाशीघ्र मरम्मत करवाने की बात कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आप लोगों का जो भी समस्या है उन समस्याओं को बारी-बारी से दूर करने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने बड़की चाँपि,चुंद पतरा टोली,जरियो,दुबांग गांव में जाकर ग्रामीणों से मिलकर जरूरतमंद लोगों को कंबल दी। इस मौके पर कंबल पाकर जरूरतमंद लोगों ने जिला परिषद अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने महिला मंडल के दीदियों से भी मिले। इस मौके पर जिला परिसद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत,जिला परिसद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत के ससुर शनि देव भगत, बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी, जरियो गांव के वार्ड सदस्य परमेश्वर उराँव, दुबांग गांव के वार्ड सदस्य अनिता लकड़ा, बंदुवा गांव की वार्ड सदस्य गीता भगत, बड़की चाँपि वार्ड नंबर 4 की वार्ड सदस्य सुनीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**मनमानी** प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और सुरक्षा पर लापरवाह हैं वन विभाग

# चुपके चुपके हो रहा है पक्षियों का शिकार

- स्थानीय लोगों ने किया है शिकार
- हिमालय के ऊपर से उड़कर आते हैं
- वन विभाग का इस पर ध्यान नहीं गया

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** काफी दूरी तक तक जाड़ा के मौसम में यहां आये प्रवासी पक्षी सुरक्षित नहीं है। सूचना मिली है कि मौका देखकर कुछ लोग इनका शिकार कर रहे हैं। दरअसल झारखंड के हजारीबाग जिला के छड़वा डैम और गोंदा डैम में विदेशी पक्षियों का आना काफी समय से होता रहा है। हर वर्ष सर्दी के मौसम में ये पक्षी झारखंड आते हैं। साइबेरिया से करीब 11 हजार किलोमीटर की दूरी तय करके ये प्रवासी पक्षी झारखंड आते हैं। सूर्योदय के बाद से शाम लगभग पांच बजे तक जलाशय में रहते हैं। पिछले वर्ष के आंकड़ों के मुताबिक इन पक्षियों का आगमन अक्टूबर और नवंबर के महीने में होता है। मार्च और अप्रैल के बीच में ये विदेशी मेहमान फिर अपने घर को लौट जाते हैं।

जलीय पौधे, जलीय कीट व मछलियां ही इनका आहार हैं। कटकमसांडी के छड़वा और गोंदा डैम में बार हेडेड गुज, नॉर्दर्न पिनटेल, कॉमन पोचार्ड, टफटेड डक, रूडी शेल्डेक, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड और ग्रेट क्रेस्टेड ग्रीब का समूह पहुंचा है। इस बार भी यहां के जलागार इन प्रवासी पंछियों से गुलजार हो चुके हैं। यहां दिनभर हजारों पंछियों का कलरव सुना जा सकता है। इनकी एक से बढ़कर एक सुंदर और सैकड़ों प्रजातियां देखने वाले का मन मोह लेती हैं। ये विदेशी मेहमान हर साल सर्दियों में बिना पासपोर्ट, वीजा के सात समंदर पार से भारत पहुंच जाते हैं। झारखंड के हजारीबाग जिला स्थित छड़वा डैम, तिलैया डैम, गोंदा डैम में भी इन पंछियों की रौनक छा चुकी है। ये पंछी हर साल 3000 किलोमीटर की दूरी तय कर ठंड में यहां आते हैं। पहले ऐसा माना जाता था कि यह प्रवासी पक्षी साइबेरिया से आते हैं पर बाद में इस बात की पुष्टि हुई की हजारीबाग जिला में कोई भी पंछी साइबेरिया से नहीं आता। यहां सेंट्रल एशिया और मंगोलिया से ये पंछी आते है। वहां के जलाशयों में बर्फ की मोटी परत जम जाती है। इन पक्षियों को खाना जुटाना दुर्लभ हो जाता है। इसी वजह से हर साल अच्छी जलवायु और भोजन पानी की जुगाड़ में पक्षी प्रवास में आते हैं। इनका अधिकतर प्रवास उत्तर से दक्षिण दिशा और कुछ का दक्षिण से पूर्व दिशा की ओर होता है। हजारीबाग आने वाले पंछियों में बार हेडेड गूज सबसे ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में से एक है। यह हिमालय के ठीक ऊपर से उड़कर आते हैं। ये पंछी यहां 4 महीना का समय बिताने के बाद वापस अपने वतन लौट जाते हैं। इन दिनों हजारीबाग के जलाशयों में मुख्य रूप से बार हेडेड गूज, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, रडी सेलडक, फाल्केटेड डक, पिंटेल, ग्रेट क्रेस्टेड ग्रीब, यूरेशियन विजन, गडवाल जैसे शीतकालीन प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। जलीय पक्षियों के अलावा वाटर डिपेंडेंट, ग्रास और बुश बर्ड भी पहुंचते हैं। मंगोलिया से पंछी आने की पुष्टि उसके गले में लगे हुए कॉलर टैग से की जाती है। अभी पंछियों को लेकर चिंता का विषय यह है कि पहले के वर्षो की तुलना में इस साल कम पंछी हजारीबाग पहुंचे हैं। आईबीए घोषित तिलैया डैम में कुछ पंछियों का स्थानीय लोगों ने शिकार कर लिया। इससे आने वाले समय पंछियों की संख्या में कमी भी आ सकती है। इस मौसम में बार बार सुरक्षा पर खतरा होने पर यह पक्षी भविष्य में आना बंद भी कर देते हैं।

## पूर्व प्रमुख की हृदयगति रुकने से मौत

राष्ट्रीय खबर



**इचाक:** इचाक के पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता की मौत शनिवार रविवार रात को हृदय गति रुकने से हो गई। 90 वर्षीय प्रमुख के मौत की खबर फैलते ही उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते उनके पैतृक गांव बरियठ में लोगो की भीड़ जमा हो गई। मृतक के बड़े पुत्र दिनेश प्रसाद मेहता ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद सो गए अचानक डेढ़ बजे रात को सीने में दर्द होने की बात छोटे पुत्र विकाश को बताया। जिसके बाद आरोग्य ले जाया गया। जहां देखने के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्व मेहता 1972 से 1978 तक इचाक प्रमुख के पद पर रहे इससे पूर्व तीन बार बरियठ पंचायत के मुखिया पद पर चुने गए। इसके बाद लगतार 20 साल तक सहकारिता बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष और जनता हाई स्कूल सिझुआ के संस्थापक सचिव भी रहे। वे अध्यात्म विद्या में रुचि रखते थे। इस दौरान उन्होंने विहंगम योग के अनुयाई भी रहे। मृतक का अग्नि संस्कार बरियठ श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र विकाश कुमार ने दी। मृतक अपने पीछे चार पुत्री और दो पुत्र छोड़ गए। शव यात्रा में जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व सांसद भेनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक जानकी यादव, दिगंबर प्रसाद मेहता, बटेश्वर प्रसाद मेहता, डां आरसी युवा नेता गौतम कुमार प्रणव वर्मा,कुलदीप मेहता, जयनारायण मेहता,पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता,भागवत मेहता, लखन मेहता, कुमार केशव, मुखिया चोहन महतो, मथुरा मेहता, महावीर मेहता,संतोष सिंह, सुनील मेहता, संतोष मेहता, गिरधारी यादव, विनोद मेहता के अलावा सेकड़ो बुद्धिजीवी शामिल हुए।

## 29 जनवरी का बंद को लेकर विधायक ने लिया जायजा



राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट :** 54 दिनों से चल रहे बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहा धरना का जायजा आजसू के केंद्रीय सचिव कुलदीप प्रजापति पति ने ली वही प्रजापति ने बताया की विधायक के पहल पर 29 को बेरमो अनुमंडल को बंद करना है तो क्षेत्र का सभी जगहों का जायजा लेते हुऐ विधयक डॉ लम्बोदर महतो को जानकारी दिया। वहीं बताया की पेटरवार एनएच, जैना मोड़, बेरमो, फुसरो, तेनुघाट, ललपनिया, गोमिया, चंद्रपुरा सहित सभी सड़को को बंद किया जायेगा। वही प्रजापति ने कहा की स्कूल, बाजार, दुकान सहित सभी कुछ बंद रहेगा। वहीं बताया की अधिवक्ता संघ भी बंदी का समर्थन किया है।

## जेएमएम ने किया कंबल का वितरण



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जेएमएम नगर कार्यलय ब्लॉक रोड में एक दर्जन गरीब लोगों को झामुमो नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा के द्वारा कम्बल का वितरण किया गया। झामुमो नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कुछ गरीब एवं असहय लोगों के द्वारा उन से संपर्क कर कहा था कि हम सभी के पास कम्बल नही है। उन्होने इस ठंड को देखते हुए असहाय लोगों की सुध ली और उनके लिए इसकी व्यवस्था करायी। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब एवं असहाय को कंबल के बिना दिक्कत नही होने दिया जायेगा। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में सभी खुश है और सभी का कल्याण किया जा रहा है। इस अवसर पर चंद्रदेव कुमार पंकज कुमार बबलू विश्वकर्मा मौजूद थे।

## खनन परियोजना में15 महिला डंफर ऑपरेटरों की हुई नियुक्ति

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग महिला सशक्तिकरण को मजबूती से बढ़ावा देने के उद्देश्य से और संग ही उनको सम्मान देते हुए त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने पकरी बरवाडीह खनन परियोजना में 15 महिला डंफर ऑपरेटरों की नियुक्ति की है। उन्हें कौशल आधारित तकनीकी, ऑन जॉब और सिम्युलेटर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। डंपर चलाने के लिए आवश्यक अहर्ता और प्रशिक्षण पूरा कराने के बाद अब इन महिला ऑपरेटरों को खदान में डंपर चलाने की अनुमति मिल गई है। परियोजना निदेशक संजय कुमार खटोड़ ने सभी महिला ऑपरेटरों का गर्मजोशी से स्वागत किया है,उनकी इस अद्भुत उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के कार्यों के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। अपने संबोधन में उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और उन्हें सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आगे उन्होंने कहा कि काम अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन हमें कार्यस्थलों पर सुरक्षा से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने इन महिलाओं को बेहतरीन ट्रेनिंग देने के लिए ट्रेनर बाला शंकर की भी तारीफ की और कहा कि अगर इंसान को एक बढ़िया गुरु मिल जाए तो वो किसी भी हुनर में पारंगत हो सकता हैं। इस मौके पर डीजीएम सेफ्टी मलया बेहरा भी मौजूद थे जिन्होंने सुरक्षित खनन के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और उनके साथ अपने अनुभव भी साझा किए।

कार्यक्रम के समय वरिष्ठ जीएम-ऑपरेशन पी.एस. चंदेल,जीएम माइंस सरोज पति सिंघा,एचआर हेड बिमल कुमार सिन्हा, एल एंड डी हेड प्रशांत कुमार दास और अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

**व्यवस्था** सीजीएल की परीक्षा को लेकर विभिन्न इलाकों से हजारीबाग आए अभ्यर्थियों के लिए

# विधायक ने परीक्षार्थियों को ठहरने की करायी व्यवस्था

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा को लेकर राज्य के विभिन्न इलाकों से हजारीबाग आए अभ्यर्थियों के लिए विधायक अंबा प्रसाद ने रूम की व्यवस्था कराई। इस दौरान विधायक देर रात्रि तक अभ्यर्थियों के लिए रात्रि ठहराव हेतु मदद करते रही। विधायक ने इस दौरान दरिया दिली दिखाई व खुद के गाड़ी से भी कई अभ्यर्थियों को हजारीबाग सर्किट हाउस तक पहुंचा एवं रूम दिलाया विदित हो कि राज्य में आयोजित झारखंड सचिवालय की परीक्षा को लेकर झारखंड में अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र दूसरे जिलों में दिया गया जिसके कारण अन्य जिले से आए हजारीबाग में अभ्यर्थियों को कंपकंपाती ठंड में भी काफी समस्याएं देखने को मिली। वहीं परीक्षा को लेकर पहले ही परीक्षा केंद्र निर्धारित करने से होटल और लॉज बुक हो चुके थे। बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद में दरियादिलि दिखाते हुए देर रात्रि लगभग 12 बजे हजारीबाग रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां उन्होंने सैकड़ो अभ्यर्थियों को रात्रि ठहराव विश्राम के लिए हॉल कमरा उपलब्ध कराया। इसके साथ ही उन्होंने अभ्यर्थियों की समस्याओं के बारे में भी जाना। बताते चले की अन्य जिले से आए अभ्यर्थियों को रात्रि विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराते हुए कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उन्हें जानकारी देर रात्रि मिली की अन्य जिले से आए विद्यार्थियों के लिए हजारीबाग में सभी होटल एवं लॉज पहले से ही बुक होने के कारण अभ्यर्थी कडकडाती ठंड में रेलवे स्टेशन के बाहर ठहरने को मजबूर है और वे फौरन रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचकर सेवा उपलब्ध करायी।

इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने अपने निजी वाहन से अभ्यर्थियों को रेलवे स्टेशन से बैंकट हॉल, परिसदन भवन कमरा तक पहुंचाया।

बता दे की अभ्यर्थियों को देर रात्रि ठहरने के लिए हॉल कमरा की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें काफी राहत मिली और देर रात्रि विश्राम सुविधा उपलब्ध होने पर अभ्यर्थियों ने कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद की प्रशंसा भी की।

## न्यूज फटाफट

### प्रशिक्षु आईएएस ने बीडीओ का लिया प्रभार



**हजारीबाग :** हजारीबाग झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी नीतू सिंह ने गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी,सदर हजारीबाग के रुप में प्रभार ग्रहण किया। प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा ने उन्हे प्रभार सौंपा। सदर बीडीओ के रुप में प्रभार लेने के बाद उन्होंने जिला प्रशासन के निदेर्शों को अमल में लाने तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रखंड वासियों को सर्वसुलभ कराने को महत्वपूर्ण बताया।

### बसरिया ग्राम के विद्यालय में लाइब्रेरी का उद्घाटन



**हजारीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा शनिवार को बसरिया ग्राम के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। । इस शानदार अवसर पर, केरेडारी परियोजना के परियोजना प्रमुख, शिव प्रसाद, ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापकों को बधाई दी और उन्हें इस समृद्धि भरे क्षण में शुभकामनाएं दीं। एनटीपीसी केरेडारी द्वारा इस लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है, परियोजना द्वारा लाइब्रेरी के लिए टेबल, कुर्सी एवं किताबें भी उपलब्ध कराई है। इस लाइब्रेरी के माध्यम से बसरिया ग्राम के उच्क्रमित उच्च विद्यालय को समृद्धि मिलेगी, जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा में नई गुणवत्ता और विकास होगा।विद्यालय में लाइब्रेरी होने से विद्यार्थियों को एकाग्रता से पढ़ने में सहायता मिलती है। श्री शिव प्रसाद ने इस मौके पर बताया, एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना हमेशा से शिक्षा के प्रति समर्पित है और इसलिए हमने इस लाइब्रेरी का उद्घाटन किया है ताकि विद्यार्थियों को एक अच्छी शिक्षा का अवसर मिले। परियोजना प्रमुख ने सभी अध्यापकों को आश्वासन दिया कि एनटीपीसी बच्चों की पढ़ाई के लिए सामाजिक कल्याण के कार्य करने में हमेशा तत्पर रहती है। इस समारोह में शामिल होने वाले प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापकों ने इस पहल को सराहा और स्वागत किया, जिससे स्थानीय समुदाय को एक नई उम्मीद की किरण मिली है। इस लाइब्रेरी में विज्ञान, साहित्य, कला, और अन्य क्षेत्रों में कई पुस्तकें शामिल हैं, जो छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान और सृजनात्मकता में सहायक होंगी। बसरिया ग्राम के उच्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस उद्घाटन के अवसर पर अपने आभाषण में यह व्यक्त किया कि इस नई लाइब्रेरी से विद्यार्थियों को एक उच्च स्तर की शिक्षा का लाभ होगा और उन्हें अच्छे नागरिक बनने के लिए सबसे अच्छे साधन प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर, परियोजना के अपर महाप्रबंधक श्री एस.पी गुप्ता, श्री राजेश कुमार टी, मानव संसाधन विभाग से श्री रोहित पाल, एवं अधिकारी श्रीमती अल्का पांडा ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि पूजा समिति का हुआ गठन



**बड़कागांव :** झारखंड राज्य भर में बड़कागांव प्रखंड के विख्यात महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ महाशिवरात्रि पूजा मनाया जाएगा। जिसको लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में रविवार को बैठक रखा गया। बैठक की अध्यक्षता बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता एवं संचालन प्रकाश कुमार ने किया।बैठक में सर्व समिति से महाशिवरात्रि पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी , सचिव शशि कुमार कोषाध्यक्ष सत्यजीत विद्या अलंकार, मुख्य संरक्षक बालेश्वर महतो, कीनू महतो बुद्धिनाथ, संरक्षक जयशंकर मेहता, दामोदर प्रसाद मेहता , सहेश कुमार,अरविंद कुमार, शिबू मेहता, नार्शिंग मेहता,प्रकाश कुमार ,रविंद्र कुमार, द्वारका महतो, भीम प्रकाश,रामधनी महतो ,अवध किशोर कुमार ,देवनाथ कुमार, रामचंद्र महतो ,सुधांशु शेखर, संदीप कुशवाहा ,जयहिंद महतो, उप संयोजक केदार प्रसाद दांगी ,उपाध्यक्ष उदय मेहता, उपसचिव बंधु महतो, उपकोषाध्यक्ष डेविड कुमार, पुजारी विशेश्वर महतो, माधव महतो ,इंद्रनाथ महतो, लालशाही महतो,तुलसी महतो ,जय नंदन महतो, कन्हाई महतो, धर्मनाथ महतो, मिट्ठू महतो, मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा दिनकर, राजकिशोर सोनी, झांकी प्रभारी हुलास प्रसाद दांगी ,संतोष कुमार ,देवनाथ कुमार ,राजेश कुमार ,उमेश कुमार मौर्य सहित दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से इस बार भव्य तरीके से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। हजारों की संख्या में बड़कागांव राम जानकी मंदिर से जुलूस के शक्ल में सिरमा छवनिया होते हुए बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचेगी। इसके साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी बड़कागांव प्रखंड वासियों से अपील किया है कि इस बार के महा शिवरात्रि पर में बढ़कर हिस्सा ले और पूजा को सफल बनाएं।

## प्रदेश >> अपडेट

### बिहार में सत्ता हतियाना जनता के लिए दुर्भाग्यपूर्णः आलम

**पाकुड़** : बिहार में आई अचानक सियासी बदलाव पर झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता और झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जनता द्वारा दी गई 5 साल का मैन डेट का बिहार के नेता ख्याल नहीं रखते ,आज बिहार में ऐसी स्थिति खड़ी कर दी गई है कि बिहार की लोकतंत्र ने जो उन्हे ताकत दी उससे 5 साल बाद सरकार बना भी सकते हैं ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### महिला ने मजदूर को टांगी से मारकर किया घायल



**मेदिनीनगर** : सदर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी पप्पू सिंह को एक महिला ने टांगी से सिर में मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।इस घटना के बारे घायल पप्पू सिंह ने बताया की वह कुछ वर्षो से मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा गुड्डू तिवारी के किराए के मकान में रह कर मजदूरी करता है ।रविवार की शाम करीब चार बजे वह किराए के मकान के बाहर धूप में सोया हुआ था। इसी बीच महिला सुनीता देवी उसके पास पहुंच कर बहस करने लगी ।दोनो के बीच बहस इतना बढ़ गया की सुनीता टांगी से पप्पू सिंह के सिर पर हमला कर दी ।जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहा इलाज के बाद भी पप्पू सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है ।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबन्धित मामले छानबीन में जुट गई है।

## निरीक्षण

### जेएससीसी की परीक्षा केंद्रों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुई परीक्षा

▶▶ बॉयोमेट्रिक डाटा का गहन रूप से पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करेंगें

राष्ट्रीय खबर



**देवघरः** जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने मातृ मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल, संत फ्रांसिस स्कूल, रामा देवी बाजला महिला महाविद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित व अनुपस्थिति बच्चों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि का जायजा लिया। इसके आलावा निरीक्षण के क्रम उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के अलावा तीन पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर केंद्रों पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने हेतु दिए गए दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

साथ ही परीक्षा केंद्रों पर बॉयोमेट्रिक डाटा संग्रहण कर रहे कर्मचारियों को उपायुक्त ने निर्देशित किया कि बॉयोमेट्रिक डाटा का गहन रूप से पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करेंगे, जिससे कोई परीक्षार्थी बॉयोमेट्रिक उपस्थिति कराने से वंचित नहीं रह सके। आगे उपायुक्त ने जिला कोषागार कार्यकाल में बनाए गए वज्र गृह सेंटर का निरक्षण कर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान गोपनीय प्रभारी प्रशांत लायक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### संत माइकल एंग्लो विद्यालय की छात्रा अमृता को मिला सम्मान




**देवघर** : संत माइकल एंग्लो विद्यालय की एक छात्रा अमृता घोष की उपलब्धि से पूरा स्कूल गौरवान्वित महसूस कर रहा है। क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय सर्वश्रेष्ठ आने पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ राज ने अमृता घोष को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुरस्कृत किया है। देश के सबसे प्रतिष्ठित विद्यापीठों में से रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ से पुरस्कृत होना अमृता के अब तक के कैरियर में सबसे खूबसूरत पल था ।रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिले भर से लगभग बारह सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें अमृता को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। मौके पर डॉ जेसी राज ने अमृता की उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस करते कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है, साथ ही बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी उत्पन्न हो पाती है। ज्ञात हो कि गत दिनों रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ,देवघर के शिवानन्द हॉल में एक पुरूस्कार वितरण समारोह में प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि योगेन्द्र प्रसाद नगर आयुक्त,विद्यापीठ के सचिव स्वामी जयन्तान्द जी महाराज प्राचार्य दिव्य सुधानंद जी महाराज के हाथों पुरस्कृत किया गया था।

# आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए परीक्षा



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगरः** जिले के सुप्रसिद्ध संत मरियम आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु सौ से अधिक बच्चों ने प्रथम चरण की परीक्षा दी। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मैं सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूं। आगे उन्होंने कहा कि यह हमारे विद्यालय में बच्चों के नामांकन हेतु प्रथम चरण की परीक्षा थी, जिसका रिजल्ट आगामी 31 जनवरी 2024 दिन बुधवार को प्रकाशित किया जायेगा। इसके उपरांत मेरिट के अनुसार बच्चों का नामांकन लिया जाएगा, वहीं सेकंड फेज की परीक्षा आगामी 25 फरवरी 2024, दिन रविवार को होगी, उसके लिए अभिभावक संत मरियम आवासीय विद्यालय के कार्यालय से फॉर्म लेकर परीक्षा के लिए अप्लाई कर सकते हैं। विदित हो कि परीक्षा के दरमियान सभी परीक्षा दे रहे सभी बच्चे हंसते-मुस्कुराते-खिलखिलाते हुए दिखे। श्री देव ने कहा कि बच्चे के चेहरे पर यह मुस्कुराहट बरकरार रहे, इसके लिए हमारा विद्यालय परिवार प्रतिबंध है। इस मौके पर विद्यालय पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधिक्षक उत्कर्ष देव, उप प्रधानाचार्य एसबी साहा समेत विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू का किया गया विस्तार : अजीत मेहता



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** रविवार को बैरिया स्थित कुशवाहा भवन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के द्वारा जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया जिसकी अध्यता जेपी मेहता ने किया जिसमें जिला सहायक मिडिया प्रभारी दिनेश मेहता जिला मुख्य संरक्षक के रूप में टीपी मेहता संरक्षक बिनेश्वर महतो उपाध्यक्ष अरुण महतो,वशिष्ठ कुमार मेहता, अनूप कुमार मेहता, जितेंद्र कुमार मेहता,दिलीप कुमार मेहता, और पांकी प्रखंड अध्यक्ष बालकृष्ण मेहता सचिव उपेंद्र कुमार मेहता,उपाध्यक्ष पवन कुमार मेहता, अभिषेक कुमार मेहता उपसचिव शंकर मेहता संरक्षक राकेश मेहता मेदिनीनगर प्रखंड सचिव कमलेश कुमार मेहता उपाध्यक्ष विजय कुमार महतो उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मेहता चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार मेहता नावा बाजार प्रखंड उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार मेहता संरक्षक हरिश्चंद्र मेहता मनातू अध्यक्ष रणजीत मौर्य सचिव प्रदीप कुमार मेहता, पाटन सचिव संतोष कुमार मेहता उपसचिव रोशन कुमार कुशवाहा पड़वा संरक्षक बाबूलाल महतो का चुनाव किया गया और सभी को अपने प्रखंड की जिम्मेदारी दी गई जिला अध्यक्ष अजित मेहता ने सभी को बताया कि अपने प्रखंड में कुशवाहा समाज को जागरूक करना है और आगे बढ़ाना है जिससे हमारी समाज में भागीदारी हो सके मौके पर कुशवाहा समाज के जिला मुख्य संरक्षक टीपी मेहता ने कहा कि हमें मधुमक्खी की तरह एकता में रहना है जिस पर कोई पत्थर ना मार सके और हमें पलामू जिले में नहीं बल्कि पूरे राज्य में एकता कायम करके दिखानी है जिससे कुशवाहा समाज का इतिहास कायम किया जा सके जिस तरह से सम्राट अशोक और चंद्रगुप्त मौर्य ने इतिहास में अपना नाम दिखाया है इसी तरह से हमें भी सदीं में अपने समाज को फर्श से आज तक पहुंचना है उन्होंने अभी कहा कि पूरे पलामू जिले के कुशवाहा समाज के लिए हमारा यह संगठन दिन रात काम कर रही है और किसी भी महीने में किसी से कम नहीं रहेगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पांच सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास

**महेशहपुर** : सांसद विजय हांसदा एवं विधायक स्टीफन मरांडी ने प्रखंड के गोविंदपुर प्राथमिक विद्यालय के पास मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत कुल पांच सड़कों का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। पांचों सड़कों का कुल लंबाई 25.450 किलोमीटर है। जिसकी प्राक्कलित राशि 10 करोड़ 90 लाख 24 हजार 800 रुपए है। पांच सड़कों में गोविंदपुर गांव से नारगीटोला तक 12.40 किलोमीटर लंबी सड़क की प्राक्कलित राशि पांच करोड़ 10 लाख 35 हजार 700 रुपए, बरमसिया से बथानडांगा तक 3.20 किलोमीटर लंबी सड़क की प्राक्कलित राशि दो करोड़ 10 लाख 67 हजार 200 रुपए, नंदनपाड़ा गांव से बलियापतरा तक 2.90 किलोमीटर लंबी सड़क की प्राक्कलित राशि 87 लाख 34 हजार 900 रुपए, धोबरना से नीरबांध तक 3.10 किलोमीटर लंबी सड़क एक करोड़ 39 लाख 66 हजार 300 रुपए, बलियाडांगा से बरहाबाद तक 3.85 किलोमीटर लंबी सड़क की प्राक्कलित राशि एक करोड़ 42 लाख 20 हजार 700 रुपए की लागत से बनने वाली पांच सड़कें शामिल हैं। लोगों को संबोधित करते हुए सांसद एवं विधायक ने राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने को कहा। साथ ही स्थानीय लोगों को अपने देख-रेख में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने को कहा। साथ ही संवेदक को अपने प्राकलन के अनुसार सड़क निर्माण करने को कहा। इस अवसर पर ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता प्यारेलाल मरांडी, इकबाल हुसैन, गायबथान पंचायत के मुखिया सुनीराम मुर्मू, गोविंदपुर गांव के ग्राम प्रधान दासो किस्कू सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्त्ता व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा फुसरो नगर की बैठक सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /फुसरोः** भारतीय जनता पार्टी फुसरो नगर की बैठक अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में हुई. बैठक की अध्यक्षता फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव एवं संचालन महामंत्री रमेश स्वर्णकार ने किया. यहां मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के बोकारो जिला अध्यक्ष भगत यादव एवं पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल मौजूद थे. बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 4 फरवरी को धनबाद में कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया. बताया गया कि धनबाद हवाई अड्डा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे. इस सभा में फुसरो नगर मंडल से हजारों कार्यकर्ता सामिल होने जायेंगे. बैठक के दौरान फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव के पहल पर फुसरो नगर के वार्ड 28 निवासी मुकेश सिंह के नेतृत्व में दर्जनों लोग पार्टी में शामिल हुए. मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष जगरनाथ राम, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामकिंकर पाण्डेय, भाई प्रमोद सिंह, जिला मंत्री विक्रम पांडेय, वरीय भाजपा नेता मधुसुदन सिंह, धनेश्वर महतो, मदन गुप्ता, चंदन राम, वीणा देवी, भरत वर्मा, दिनेश रवि, देव नारायण महतो, अनिल गुप्ता, महेद्र सिंह, अंजनी सिंह, राम तॉती, सुरज सिंह, लाल मोहन महतो, रंजन सिंह, नितेश सिंह, भैरव महतो, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# दिवा-रात्रि वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** स्वामी विवेकानंद के स्मृति व पाकुड़ जिला स्थापना दिवस पर जिला वालीबाल संघ के सचिव हिसाबी राय व अनिकेत गोस्वामी के नेतृत्व में एक दिवसीय दीवा-रात्रि वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे मैदान पाकुड़ में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल पूर्व जिप अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू , निवर्तमान अध्यक्ष नगर परिषद सम्पा साहा अनुग्राहित प्रसाद साह प्रसिद्ध पत्थर व्यावसायिक राजिबुल शेख सहायक यांत्रिक अभियंता अभिषेक रंजन यातायात पर्यवेक्षक ज्योतिर्मयी साहा स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेंब्रम राणा शुक्ला निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल कुलदीप यादव कनिय अभियंता संदीप साह ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे सचिव संजय कुमार ओझा कनिय अभियंता रणधीर पासवान ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष राजनाथ वर्मा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोज कुमार आदि उपस्थित थे ।सभी अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी व खेल प्रेमी प्रवीण कुमार सिंह जी के निधन पर 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### भाकपा ने किया वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित



**पलामू** : आज भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के सदर प्रखंड ने केचकी नदी के तट पर वनभोज कार्यक्रम सह कार्यकर्ता मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नये वर्ष में जनवरी और फरवरी का महीना पिकनिक स्पॉट के रूप में मनाया जाता है जिसमें सभी सैलानी नदी के तट पर इकट्ठा होकर भोजन का आनंद लेते हैं आपसी भाईचारा एवं प्रेम इससे बढ़ता है। सभी व्यक्तियों को इसका लुफ्त उठाना चाहिए एवं सभी कार्यकताओं को नये वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं और साथ ही साथ सभी कार्यकताओं से अपील करता हूं कि 2024 वर्ष संघर्षो का वर्ष है सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में लग जाए और तानाशाह एवं गरीबों के वोट को बेचने वाला भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया और सांसद को हारने के लिए कमर कसे। रेड़मा निवासी यसवंत तिवारी ने कहा कि युवा एवं उजार्वान नेता रूचिर कुमार तिवारी आम जनता के जनसमस्याओं एवं उनके निदान के लिए लागातार संघर्ष कर रहे हैं आने वाले दिनों में आम डालटेनगंज भंडरिया विधानसभा चुनाव में इनका समर्थन करें और भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया को हराने का काम करें। वनभोज कार्यक्रम में उमेश सिंह चेरो, चंद्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी कृपा शंकर तिवारी जनार्दन तिवारी, शशिकांत तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, सूबेदार सिंह चेरों,करीमन पासवान, धीरेंद्र प्रसाद, युगल किशोर तिवारी, सच्चिदानंद पाठक,दिनेश राम, वीरेंद्र प्रसाद, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो, राम जन्म मांझी, रियल पासवान, वीरेंद्र सिंह जमुना सिंह, रणजीत पांडे, शीतल सिंह चेरो, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### बाबू धन मुर्मू ने किया धार्मिक स्थलों का दौरा

**पाकुड़** : मन की बात मोदी जी के साथ 109 वां एपिसोड भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार शाह के नेतृत्व में पाकुड़ नगर के कई बूथों पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजमहल विधानसभा के प्रभारी बाबू धन बुथ क्रमांक 398 एवं 400 उपस्थित हुए रहे। मन की बात रेडियो प्रोग्राम आकाशवाणी के माध्यम से मोदी जी ने सर्वप्रथम सभी को 2024 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और कहा कि यह 140 करोड़ भारतीयों की ताकत है कि इस वर्ष हमारे देश ने कई विशेष उपलब्धियां हासिल की है 2024 में भी हमें इसी भावना और मोमेंटम को बनाए रखना है। मोदी जी राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा की 22 जनवरी को शाम को पूरे देश ने राम ज्योति जलाई दीपावली मनाई इस दौरान देश ने सामूहिकता की शक्ति देखी जो विकसित भारत को समृद्ध संकल्प का भी बहुत बड़ा आधार है। देश के जनता को रेडियो संवाद पर कहा कि नए मतदाताओं को जो भी मतदाता अभी तक छूट गए हैं उनका नाम ऑनलाइन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करें। क्योंकि एक वोट देश का तकदीर बदल सकता है। भाजपा नेता राजमहल विधानसभा के प्रभारी बाबूधन मुर्मू किताजोड़ स्थित कई धार्मिक स्थलों मंदिरों का जायजा लिया एवं युवा कार्यकताओं से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव हेतु अभी से कार्यकर्ता बूथों को मजबूत कर चुनाव जीतने का मंत्र दिया।

### डिस्ट्रिक्ट मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यशाला का हुआ आयोजन

# पॉक्सो एक्ट से संबंधित कई बिंदु पर हुई चर्चा

▶▶ दुष्कर्म पीड़ितों के अधिकार की सुरक्षा में न्यायपालिका का अहम भुमिका

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़ः** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में आज 28 जनवरी 2024 रविवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन न्याय सदन पाकुड़ कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में एमएसीटी, पॉक्सो एक्ट से संबंधित कई बिंदु पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। किसी भी पीड़ित/पीड़िता को न्याय मिल सके इसे लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी ने कहा दस्तावेज तैयार करना, मुआवजा की राशि मिलने कानूनी प्रक्रिया को समय सीमा के अंदर सारे रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने समेत कई महत्वपूर्ण निर्देश दी मेडिकल की टीम से लेकर पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अपने जिम्मेवारी को निभाने को लेकर कहा गया। कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज ने एमएसीटी एक्ट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा होने से मृतकों के परिजनो को मुआवजा राशि मिल जायेगा पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी हालत में 48 घंटे के अंदर दुर्घटना सूचना ट्रिब्यूनल को भेज देनी है, साथ ही कहा कि समय पर पुलिस ऐसा कर दे तो मृतक के परिजनों को होने वाली मुश्किलों का सामना नही करना होगा। इसे समय पर करना हमारा कर्तव्य है थाना प्रभारियों को कहा कि किसी भी मामले को लंबित रखने के बजाय उस पर त्वरित कार्यवाही कर अदालत में जल्द से जल्द अंतिम प्रतिवेदन रिपोर्ट या चार्जशीट दायर कर दी जानी चाहिए जिससे लोगों को त्वरित न्याय दिया जा सके। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री निर्मल कुमार भारती ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों के अधिकार की सुरक्षा में न्यायपालिका का अहम रोल है। कहा कि नाबालिग से दुराचार के मामले में पुलिस पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे चौबीस घंटे के अंदर पीड़िता की मेडिकल जांच कराएं और उसकी उम्र निर्धारण के लिए संबंधित दस्तावेज एकत्रित करें समेत कई कानूनी प्रक्रिय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

कई विशेष न्यायिक मुद्दे चर्चा की गई ताकि पीड़ित को सुरक्षा प्रदान करते हुए समय पर न्याय मिल सके। मौके अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल कुमार भारती, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमल प्रकाश, जिले के सभी थाना प्रभारी मेडिकल टीम के सभी अधिकारी सभी मेडिएटर,इंश्योरेंस कंपनियां के अधिवक्ता पीएलवी मौजूद रहे।

## शहर >> अपडेट

### मोतियाबिंद शिविर का आयोजन

**लोहारदगा:** वनवासी कल्याण केंद्र एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति लोहरदगा के तत्वाधान में बिरसा नेत्रालय मे मोतियाबिंद शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इस शिविर में कुल जांच 164 मरीज का हुआ, उसमें से 63 मरीज का मोतियाबिंद का ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण नेत्र सर्जन डॉक्टर दीपक लकड़ा की टीम के द्वारा नि:शुल्क किया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन

**कुडू:** वीर शिवाजी क्रिकेट कल्ब मंगल बाजार नवाटोली के तत्वाधान में दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस मैच के मुख्य अतिथि बीजेपी युवा मोर्चा कुडू प्रखंड अध्यक्ष सरजू कुमार साहू विशिष्ट अतिथि मीडिया पाटनर नवाज खान ,अजय वर्मा अमीत सिंह नवीन कुमार चुन्नु पहुंचे। फाइनल मुकाबला क्रिकेट क्लब मराडीह और क्रिकेट क्लब सुन्दरु के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए मराडीह के टीम ने निरधारित 10 ओवर मे 90 रन बनाए जबाब मे सुन्दरु के टीम ने पुरे 10 ओवर 91रन बनाकर रोमांचक मैच जीता। मैच मे मैन ऑफ द मैच श्याम कुमार को दिया गया। इस दौरान मैच के मुख्य अतिथि सरजू कुमार साहू ने कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता है। आप सभी खेल भावना के साथ और अनुशासन के साथ मेहनत करते रहे क्योंकि आप के बीच से ही महेंद्र सिंह धोनी और रॉबिन मिंज जैसे खिलाड़ी निकले हैं ।इस दौरान नवाज खान ने कहा खेल भाई चारे का खेल है आपसी रंजीस को हटाकर दोस्ती संदेश देता है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**लोहरदगा:** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा अप्पर बाजार चुन्नीलाल विद्यालय के समीप आज 85 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाऐ ।आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 27 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमोधर्म है और कहा की नित्य दिन सुबह योग एवं व्यायाम करने से भी शरीर स्वस्थ रहने के साथ निरोगी रहता है,डॉ कुमुद ने कहा की हरी सब्जी एवं मुल्ली का सेवन करें,इससे शुगर एवं बी.पी भी कंट्रोल में रहेगा,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,सचिव जयप्रकाश शर्मा,सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं,और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है।

### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने न्याय यात्रा को लेकर विचार विर्मश

**कुडू:** देवघर सर्किट हाउस में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्र लेख से राहुल गांधी के झारखंड में होने वाले भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल बनाने के संदर्भ में विचार विमर्श किये।

**छापेमारी**

### कोडरमा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर

# अवैध रूप से संचालित माईका गोदाम में छापेमारी, चार गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** कोडरमा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना अंतर्गत इन्दरवा छठ तालाब के पास संचालित अवैध माईका गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में माईका बरामद किया गया है। कार्रवाई के लिये उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने अनुमण्डल पदाधिकारी रिया सिंह, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, जिला खनन पदाधिकारी दोरोगा राय, थाना प्रभारी तिलैया एवं अन्य कोडरमा जिला के थाना प्रभारी की संयुक्त छापामारी टीम का गठन कर संयुक्त छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में माईका गोदाम के अन्दर से एक टाटा शक्तिमान ट्रक जिसमें करीब 2 टन माईका खनिज अनलोड करते हुए पाया गया एवं गोदाम के अन्दर जांच के क्रम करीब 120 टन माईका खनिज बरामद किया गया। अवैध रूप से माईका फैक्ट्री को जिला प्रशासन द्वारा विधिवत सीलबन्द किया गया एवं इसमें संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध काण्ड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में प्रकाश दास (उम्र 41 वर्ष, पिता लक्ष्मण दास, ग्राम करमा, थाना तिलैया), बिनोद यादव (उम्र 52 वर्ष, पिता रामचन्द्र यादव, ग्राम इन्दरवा बस्ती) बासुदेव तुरी (उम्र 45 वर्ष, पिता स्व ज्ञानी तुरी, ग्राम करमा) और लालू यादव (उम्र 30 वर्ष, पिता स्व रामचन्द्र यादव, ग्राम इन्दरवा बस्ती) को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन को लगातार कई माध्यमों से सूचना मिल रही थी कि जिलें में अवैध माईका गोदाम संचालित है। इसके बाद इसको मूर्त रूप देने के लिये छापेमारी दल का गठन किया गया। इसके बाद जिला प्रशासन को इस में सफलता मिली। अवैध माईका गोदाम संचालन की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन इसको काफी गंभीरता से लिया। में तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, अब्दुलाह खान, पंचम तिग्गा, सुमित साव, ऋषिकेश सिन्हा, लव कुमार और जवान शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### नौनिहालों के देशभक्ति गीत ने किया मंत्र मुग्ध

**कोडरमा :** रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया । अध्यक्ष विकास सेठ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया । लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। रोटरी बाल विद्यालय के बच्चों ने अपनी देश भक्ति गीत स्पीच परेड के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी । रोटरी बाल विद्यालय के अध्यक्ष महेश दारूका सचिव नवीन जैन ने बाल विद्यालय के बच्चों की शानदार प्रस्तुति पर विद्यालय के सभी शिक्षक के मेहनत और कार्यों की सराहना की । इस मौके पर रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष कैलाश चौधरी सुरेश पांडया कमल सेठी सुरेश सेठी अमित कुमार धर्मेंद्र प्रसाद रितु सेठ नवीन आर्य आरती आर्य माला दारूका गोपाल शराफ जेपी नारायण अमर कुमार अश्विनी राजगढ़िया अनिल खाटू वाला संदीप सिन्हा संजीव अग्रवाल आदि रोटेरियन एवं बाल विद्यालय की शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### धुम-धाम से मनाया गया दिशोम सोहराय पर्व

**बेरमो:** कारो बस्ती में रविवार को दिशोम सोहराय महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। यहां नायके बाबा सोहनलाल मांझी, कुवर मांझी ने विधि विधान से पूजा कराया. पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद मांदर के थाप पर युवक एवं युवतियां ने नृत्य प्रस्तुत किए। मौके पर एचएमकेयू के महासचिव सह विस्थापित नेता इंद्रदेव महतो ने कहा कि सोहराय प्राकृतिक पर्व है। प्रकृति हमे सभी तरह के संसाधन मुहैया कराती है। यह पर्व फसल कटने के बाद मनाया जाता है। हम अपनी संस्कृति को भुलते जा रहे ह। हमे अपनी संस्कृति को सहज कर रखने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित अभिमन्यू महतो, रितलाल महतो, विश्वनाथ मांझी, कार्तिक टुडू, मोहन महतो, लखन महतो, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष गोवर्धन रविदास, लखन राम, नकूल रविदास, बिट्टू घांसी, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, मेधू दिगार ने किया. महोत्सव को सफल बनाने में कारो बस्ती, बंदुकबेडा, तारावेडा, चरकपनिया, रासबेडा, कारूकाटा आदि सहयोग समिति का योगदान रहा।

# जैन पांड्या ने किया इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** श्री दिगंबर जैन विद्यालय में इंडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स एवं किड्स प्ले जोन का उद्घाटन प्रसिद्ध समाजसेवी किशोरआशा जैन पांडया परिवार ने किया ।इस मौके पर जैन समाज उप मंत्री नरेंद्र झाझंरी उपमंत्री राज छाबड़ा एवं पदाधिकारी ने उनके परिवार को साफा माला पहनाकर स्वागत किया । समाज के सैकड़ो लोगों ने उनके आवास स्थल पानी टंकी रोड से बैंड बाजे के साथ उनको जैन विद्यालय तक लेकर आए। जैन विद्यालय के संयोजक सुनील छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इंडोर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण कर्ता झुमरी तिलैया निवासी किशोर जैन पांडया दिल्ली में अपना व्यवसाय करते हैं और जैन विद्यालय के अध्यक्ष भी है। विद्यालय के आधुनिक निर्माण एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मे उनका बहुत बड़ा योगदान है। कोरोना काल की विषम परिस्थिति में विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को निशुल्क पढ़ाई एवं अन्य सुविधा देने में उनका काफी योगदान रहा । वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा बच्चों को ऑनलाइन फ्री शिक्षा देने की लाइव व्यवस्था का उद्घाटन कोरोना काल में इनके प्रयास से संभव हो पाया था । उस समय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी झारखंड की राज्यपाल थी । पार्षद पिंकी जैन ने कहां की बच्चों में शिक्षा के साथ स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को खेल के क्षेत्र में भी बढ़ावा मिले इसी उद्देश्य से यह परिसर और किड्स जोन प्ले बनाया गया है । उद्घाटन के इस मौके पर समाजसेवी सुशील छाबड़ा सुरेश झाझंरी सुरेश जैन प्रदीप जैन ग्रिजली स्कूल के डायरेक्टर अविनाश सेठ क्लोरोफिल स्कूल के डायरेक्टर अजय अग्रवाल कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत छाबडा कबड्डी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप सिंन्हा सचिव धर्मेंद्र सिंह राजू दास मुकेश भालोटीया जगदीश शंघई कैलाश चौधरी श्याम चौधरी प्रदीप हिसारिया कमल सेठी सुरेश शेट्टी मनीष शेट्टी संदीप सेठी नवीन सेठी मनोज पांडया मौजूद थे ।

# रामगढ़ के बगैर न्याय यात्रा पूरा नहीं हो सकता था : एच एन यादव



राष्ट्रीय खबर

**गोला :** रामगढ़ एक ऐतिहासिक स्थान है। इस स्थान के बगैर न्याय यात्रा को पूरा नहीं किया जा सकता था। यही कारण है कि रामगढ़ को इस न्याय यात्रा से जोड़ा गया है, जबकि यह रूट न्याय यात्रा में शामिल नहीं था। उक्त बातें रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सेवानिवृत्ति सूबेदार एच एन यादव ने गोला स्थित गुनगुन पैलेस में कांग्रेस पार्टी के नेताओं की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्रीय सरकार को कोसते हुए कहा कि देश की सुरक्षा प्रणाली को दीमक की तरह अंदर ही अंदर खोखला करने की योजना है अग्निपथ। मोदी सरकार की अग्निपथ योजना भारतीय सेवा के वीरों और वीरता की परंपरा को अपमानित और कलंकित करने वाली योजना है। श्री यादव ने कहा कि मोदी सरकार देश की सुरक्षा प्रणाली के साथ बार-बार खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस का राहुल गांधी के नेतृत्व में न्याय यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं है बल्कि लोगों को जागरूक करने की एक योजना है। श्री यादव के साथ अनामिका सरकार मौजूद थी, जिनके दादा द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिक रहे हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने हेतु तैयारी बैठक : कांग्रेस और राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से मुंबई तक निश्चित है। यह यात्रा झारखंड के गोला प्रखंड रामगढ़ जिला होते हुए रांची की ओर जाएगी। गोला प्रखंड में राहुल गांधी की यात्रा के स्वागत कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रखंड कांग्रेस कमेटी गोला की एक तैयारी बैठक प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी के अध्यक्षता में की गई। संचालन जाकिर अख्तर ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा, मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के कार्यकताओं ने अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार दिए और यह यात्रा को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से राम विनय कुमार, संतोष सोनी सुनील कुशवाहा, एहतेशामुद्दीन, अफरोज अहमद, अकबर अंसारी शहीद दर्जनों कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संगठन का विस्तार हमारी पहली प्राथमिकता: नीरू शांति भगत



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक के समीप आजसू पार्टी लोहरदगा प्रखंड की एक बैठक जिला महासचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी विलियम कुजूर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव श्रीमती नीरू शांति भगत उपस्थित हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार से संबंधित चर्चा हुई एवं प्रत्येक पंचायत में बैठकों की तिथि निर्धारित की गई और नए सदस्यों को आजसू पार्टी में शामिल करने पर जोर दिया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती नीरू शांति भगत ने कहा कि संगठन का विस्तार ही हमारी पहली प्राथमिकता है, आज जिन नए सदस्यों एवं पुराने कार्यकताओं को पदभार मिला है उनका मैं स्वागत करती हूं और आने वाले समय में पार्टी का और विस्तार किया जाएगा और पार्टी कार्यकर्ता जनता के मुद्दे को लेकर आगे बढ़ेंगे ।बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करने वालों में आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव अरविंद यादव, विश्वनाथ उरांव पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह जिला महासचिव विलियम कुजूर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ,लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष रुपेश आँईन्द,किशोर उरांव ,जिला सहसचिव शमीम अंसारी, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मालती टोप्पो सचिव हेमंत देवी, करमी भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, रियाज अंसारी आदि शामिल है।

# विधानसभा बूथ प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**तमाड़:** रायडीह में कांग्रेस के न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर एक दिवसीय तमाड़ विधानसभा स्तरीय बूथ प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की जिला अध्यक्ष डा राकेश किरण महतो तमाड़ प्रभारी एन्युल हक लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि आज पूरे देश की राजनीति में विकास के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है ।महंगाई अपने चरम पर पहुंच गया है ।सरकारी चीजों को मोदी सरकार प्राइवेट के हाथों देकर पूजीपतियों को कमाई का जरिया दे रही है। इसी लिए हमारे राहुल गांधी पूरे देश में घूमधूम कर न्याय यात्रा निकाल रहे है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के मनमानी रवैये से परेशान लोगों को एक जुट करते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं को न्याय यात्रा में शामिल हो ।उन्होंने कहा की बिहार में जिस तरह गंदी राजनीति का खेल हुआ। उससे मन दुखी है ।लेकीन इससे इंडिया गठबंधन इससे टूटने वाली नहीं है ।इडी पर उन्होंने कहा की यह एक स्वतंत्र एजेंसी है। लेकिन आज केंद्र सरकार के हाथों की कठपुतली बनकर रह गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेवजह इडी पूछताछ के नाम पर परेशान कर रही है ।इस मौके पर तमाड़, बुंडू और अड़की प्रखंड अध्यक्ष समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

**आजादी**

### संपूर्ण भारत में सुगम व्यापार का वातावरण के चश्मदीद चुन्नीलाल ने बताया

# आजादी के पहले था व्यापार का खुला माहौल

कुमार रमेशम



**कोडरमा:** 1920- 25 का दशक मुल्क अपनी आजादी के लिए भीतर ही भीतर आंदोलित तो था पर उस दौर मेंमुल्क विभाजन से कोसों दूर था । तब शायद जन मानस के जेहन में इसका कुछ भी भान तक न था । सरगोदा इलाके का एक गांव अब पाकिस्तान का हिस्सा । मोंग गांव के रहने वाले ज्ञान सिंह और उनके पिता अतर सिंह । पिता पुत्र दोनों कपडे का व्यापार करते थे । दोनो उस दौर में वहां से ट्रेन के जरिये कोलकाता जहांउनकी व्यापारिक गद्दी थी वहां आया जाया करते थे । उस दौर में अविभाजित भारत के माहौल में हर जगह आने जाने का खुला वातावरण था । व्यापार के लिए लोग आते जाते रह्ते थे । 100 वर्षीय चुन्नीलाल की मानें तो उनके पिता ज्ञान सिंह और दादा अतर सिंह उस दौर में कोलकाता से कोडरमा आते जाते कपडे का काम करते थे । उनके अनुसार उस जमाने में उनके पिता और दादा यहां के किसानों को कपडा देते थे जब उनकी फसल कटती थी वे फिर आकर पैसा ले जाते थे । यह चलता था विश्वास के भरोसे । चुन्नीलाल के मुताबिक उस दौर में मोंग से लालमुसा वहां से लाहौर फिर फ्रंटियर एक्सप्रेस ट्रेन से कोलकाता आने जाने का रूट था । कोलकाता से फिर अपने गन्तब्य तक । बाद के दिनों में यहां व्यापार अच्छा हो जाने पर उनके पिता व दादा ने तिलैया शहर के हटिया इलाके में आटा चक्की शुरू की । तब चुन्नीलाल मोंग में ही रहकर पढाई कर रहे थे । फिर पिता ने उन्हें 1938 में यहां बुला लिया । क्लास 6 में उनका दाखिला सी एच हाई स्कूल में कराया गया । मगर दिल नही लगा । 14 से 15 वर्ष की उम्र में चुन्नीलाल ने कोडरमा बाजार में शादीलाल जो उम्र में बडे थे साझेदारी में पूजा स्टोर्स के नाम से दुकान शुरू की । 8 अप्रैल 1940 को दिन के 2 बजकर 40 मिनट पर शुरूवात हुई थी। 14 वर्षों के साथ 1954 में व्यापार अलग हो गया । उन्होने वहीं बगल में मदन स्टोर्स की शुरूवात की । 4 वर्षों के बाद उस दुकान को बंद कर तिलैया शहर स्टेशन रोड में जनता स्टोर्स शुरू किया । 6 वर्षों तक इस व्यापार को 1964 तक चलाकर 1965 में अब के स्मार्ट बाजार के सामने सलुजा वाइन शॉप का व्यापार शुरू किया । दो साल बाद इसे छोड कोलकाता से लाकर दवा का व्यापार शुरू किया । खूब अच्छा चला ।

इस दौरान 1973 में एक पशु की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गये । व्यापार छूट गया । चुन्नीलाल की माने तो अविभाजित मुल्क के दौरान व्यापार करने का माहौल सुगम तो था मगर अंग्रेजी हुकूमत की कई बंदिशें भी थी । बचपन की यादों को लेकर कहते हैं उनके गांव मोंग से उत्तर में झेलम नदी और पश्चिम में बडी व उपयोगी नहर थी। विभाजन के पहले तक उनकी माता जी वन्ती देवी और दादी हरदेयी देवी गांव में ही रह रही थीं । विभाजन के पहले उनकी माता दादी और दूसरे परिजन 9 अगस्त 1947 को यहां सकुशल आ गये थे । सब कुछ वहीं छूट गया । उनके मुताबिक मुल्क की आजादी के बाद 1952 में हुए चुनाव में उन्होने पहली बार मत डाले थे । यह सिलसिला अनवरत जारी है । चुन्नीलाल जीवन के इस पड़ाव पर अतीत को याद्कर काफी रोमांचित हो जाते हैं । कहते हैं जीवन भर हमारा परिवार मैं स्वयं सम्मान और दूसरों के प्रति सहयोग के भाव से काम किया । जिंदगी जिये । पर अब ये चीजें समाज में घटती जा रही हैं । शायद इससे नेशन भी कहीं न कही कमजोर हो रहा है इसे मजबूत किया जाना चाहिए।

### 'गणतंत्र दिवस' के मौके पर कुडू प्रखंड देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया

**कुडू :** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस कुडू प्रखंड समारोह श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। देश की आन बान शान के प्रतिक रास्ट्रीय धवज तिरंगा पुरे प्रखण्ड में शान से लहराया गया। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों सहित कई स्थानों पर गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसको लेकर बाजारों में छाई रही रौनक। गणतंत्र दिवस मनाने की ठान चुके नन्हे बच्चों में विशेष उत्साह रहा। इस बिच माइको में बज रहे ए मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी, वंदे मातरम्, सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा आदि देशभक्ति गीत लोगों के जोश को दोगुना कर रहे थे। इस मौके पर नन्हे बच्चे तिरंगा टैटू, तिरंगा टी शर्ट, तिरंगा हैट, कैप लगाये इधर उधर घूमते नजर आए। इस अवसर पर कुडू थाना में थाना प्रभारी विस्वजीत कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थय केंद्र कुडू में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० सुलामी होरो, प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय कुडू में प्रखंड प्रमुख मुनी देवी,बड़की चाँपि पंचायत सचिवालय में मुखिया राजधन भगत,स्व.आशीर्वाद टाना भगत प्रतिमा स्थल में अम्बिका टाना भगत, प्रथम वर्गीय पशुपालन कार्यालय कुडू में डॉ सकुन्तला सुरेन, अविराम संस्थान टीको में सचिव इंद्रजीत कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंडगड़ा में प्रभारी प्रधानाध्यापक श्याम किशोर भगत, सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर बड़की चाँपि में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यदुनंदन तिवारी,बस स्टैंड कुडू में पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू में धीरज प्रसाद, बुनियादी विद्यालय कुडू में प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद, नीरा देवी ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल सलगी में सलगी पंचायत के मुखिया सुमित्रा कुमारी सहित प्रखण्ड के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों सहित कई स्थानों पर झंडा फहराया गया।

## न्यूज फटाफट

### रिदम और उज्जवल ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक



**काहिरा :** भारत के रिदम सांगवान और उज्वल मलिक ने आईएसएसएफ विश्व कप 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय निशानेबाजी टीम ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अर्मेनियाई जोड़ी एल्मिरा करापेटियन और बेनिक खलघटयान को 17-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा और वेलेरी राखिमजान ने इटली की चियारा जियानकामिली-फेडेरिको निलो मालदिनी की जोड़ी को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन राउंड में भारतीय जोड़ी ने 580 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि करापेटियन-खलघटयान 581 अंकों के साथ 24 निशानेबाज़ों के बीच में शीर्ष पर रहे। मनु भाकर और रविंदर सिंह ने आठवें स्थान के लिए 575 का स्कोर हासिल किया और मेडल राउंड में जगह नहीं बना सके। मनु भाकर ने भी शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन किया और 18वें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। इस बीच, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिन्टोश और डीन बेल से 16-14 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर ने 38-टीम क्वालीफाइंग राउंड में 632.3 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। नैंसी और पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल 627.4 के स्कोर के साथ 20वें स्थान पर रहे। अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। एक स्वर्ण पदक और दो रजत पदक के साथ भारत आईएसएसएफ विश्वकप के पहले चरण में शीर्ष पर है। कजाकिस्तान, स्पेन, यूनान, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया ने भी एक-एक स्वर्ण जीता है, लेकिन रजत पदक कम मिले हैं। शनिवार को पुरुष और महिला ट्रैप स्पर्धा में कोई भी भारतीय निशानेबाज मेडल राउंड में नहीं पहुंच सका।

### कोयला नगर में झारखंड वेटरेनस स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप आयोजित

**रांची :** कल दिनांक 27 जनवरी 2024 को नेहरू कंपलेक्स कोयला नगर में झारखंड वेटरेनस स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आगाज होने जा रहा है इस टूनार्मेंट में राज्य से करीब 100 खिलाड़ी विभिन्न जिलों से भाग लेंगे टूनार्मेंट का आयोजन झारखंड स्टेट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से जिला टेबल टेनिस संघ इस आयोजन को कर रहा है इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे विभिन्न विभिन्न आगे ग्रुप के खिलाड़ी भाग लेंगे टूनार्मेंट का आयोजन में 40 प्लस 50 प्लस 60 प्लस के ग्रुप में होगा इसमें विभिन्न ग्रुप में सिंगल सेंड डबल्स की चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा टूनार्मेंट में जिला संघ के अध्यक्ष श्री अमन राज मुख्य सतर्कता अधिकारी बीसीसीएल मुख्य अतिथि होंगे।

जीत

शमार जोसेफ सात विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत

# वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत, ऑस्ट्रेलिया को आठ रन से हराया

एजेंसियां

**ब्रिस्बेन:** शमार जोसेफ सात विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को रोमांचक मुकाबले में एहतिहासिक जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया को आठ रनों से हरा दिया है। और इसी के साथ में वेस्टइंडीज ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं। वेस्टइंडीज के लिए यह जीत बहुत बड़ी है। वर्ष 2003 के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को किसी मुकाबले में हराया है। वेस्टइंडीज ने करीब 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जीता है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में शुरुआती खराब रही और स्मिथ को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। कैमरून ग्रीन ने 42 रन बनाकर



आउट हुये। ग्रीन और स्मिथ के बीच 127 गेंद में 71 रन की साझेदारी हुई। इन दोनों के अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ा स्कोर मिचेल स्टार्क 21 रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ नाबाद 91 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 रनों की जरूरत थी लेकिन पूरी टीम 207 रन पर ही ढेर हो गयी। वेस्टइंडीज के लिए शमर जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दूसरी पारी में सात विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। कल दिन का खेल खत्म होने के समय सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ नाबाद 33 रन के साथ कैमरन ग्रीन नाबाद नौ रन क्रीज पर थे। आक्रामक अंदाज से मैच को अपने पक्ष में करने के लिये आस्ट्रेलिया चौथे दिन की शुरुआत कैरिबियाई गेंदबाजों पर प्रहार के साथ कर सकता है हालांकि केमार रोच,अल्जारी जोसेफ,शमार जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स के सामने लक्ष्य के लिये जरुरी 156 रन बनाने आसान नहीं होंगे। पहली पारी में 22 रन की अहम बढ़त के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पहला विकेट जल्द गंवाने के बावजूद ठीक कर खेलने का प्रयास किया।

कप्तान क्रेग ब्रैथवेट 16 रन, कर्क मकेंजी 41 रन और ऐलेक एथनेज 35 रन, जस्टिन ग्रीव्स 33 रन और केवम हॉज 29 रन को की मदद से वेस्टइंडीज 193 के स्कार पर ऑलआउट हो गई थी। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को सीमित करने में हेजलवुड तीन विकेट और लायन तीन विकेट की भूमिका अहम रही वहीं कैमरन ग्रीन और मिचेल स्टार्क ने भी एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। पहली पारी में जॉशुआ डासिल्वा 79 रन, केवम हॉज, 71 रन और केविन सिंक्लेयर के 50 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने 311 रन बनाये थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में उस्मान ख़्वाजा 75रन, एलेक्स कैरी 65 रन और कप्तान पैट कमिंस के नाबाद 64 रनों की मदद से 289 का स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज की ओर से अल्ज़ारी जोसेफ ने चार विकेट लिये। केमार रोच को तीन विकेट मिले। शमार जोसेफ और केविन सिंक्लेयर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया था।

एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप के फाइनल में

## भारत को हरा नीदरलैंड बना चैंपियन

एजेंसियां

**मस्कट :** नीदरलैंड की महिला टीम ने एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 के फाइनल में भारतीय महिला टीम को हराकर चैंपियनशिप जीत ली है। शनिवार को यहां खेले गये फाइनल में मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम को नीदरलैंड से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा। मैंच की शुरुआत में नीदरलैंड की जेनेके वान डी वेने ने एक लंबा शॉट खेलते हुए गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई और इसके कुछ ही देर बाद बेन्टे वान डेर वेल्ट ने एक और गोल दागकर नीदरलैंड की बढ़त दोगुनी दिया। नीदरलैंड के खिलाड़ियों द्वारा किये गये चार और गोल की बदौलत पहले हॉफ में स्कोर 6-0 रहा। नीदरलैंड के लिए जेनेके वान




डी वेने ने दूसरे और 14वें मिनट में, बेन्टे वान डेर वेल्ट ने चौथे और आठवें मिनट में, लाना कालसे ने 11वें, 27वें और सोशा बेनिंगा ने 13वें ने गोल किए। दूसरे हाफ में ज्योति छत्री ने गोलकर भारत का खाता खोला। इसके बाद रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोलकर स्कोर 6-2 कर दिया। वहीं भारत की ओर से ज्योति छत्री ने 20 वें मिनट में और रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोल किये। नीदरलैंड की लाना कालसे ने 27वें मिनट में एक और गोलकर मैच 7-2 स्कोर के साथ समाप्त कर दिया।

## वीमेन वुशु प्रतियोगिता के लिए झारखंड दल रवाना



एजेंसियां

**राँची:** खेलो इंडिया के वेस्ट जोन मे आयोजित किये जा रहे वीमेन वुशु प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए तैतालिस सदस्यों वाली झारखण्ड टीम आज गोवा के लिए रवाना हो गयी। इस दल मे 39 खिलाडी और 4 अधिकारी भाग ले रहे है। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन गोवा के मड़गांव स्थित मनोहर परिकर इंडोर स्टेडियम मे होगा। प्रतियोगिता मे वेस्ट जोन के गोवा सहित महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, झारखंड, छत्तीसगढ़ के खिलाडी और अधिकारी भाग ले रहे है। ज्ञातव्य है की पुरे भारत मे महिलाओ मे सुरक्षा की दृष्टि से इस खेल का विकास किया जा रहा है जिसके लिए पुरे भारत को विभिन्न चार जोनो मे बांटकर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस जोनल वुशु प्रतियोगिता मे कुल 60 लाख की इनामी राशि दांव पर है जिसे विजेता खिलाड़ियों के बिच वितरित किया जायेगा। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा संयुक्त रूप से इसका आयोजन किया जा रहा है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### यूथ गेम्स मे संतोषी उरांव ने जीता रजत पदक



**चेन्नई :** खेल एवम युवा मामले,भारत सरकार द्वारा आगामी 22 जनवरी 28 तक,साइकिलिंग वेलोड्रम स्टेडियम में ट्रैक रेस तथा ई.सी रोड पर रोड रेस, साइकिलिंग खेल की प्रतियोगिता ,चेन्नई में आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में झारखंड की संतोषी उरांव ने साइकिलिंग रोड रेस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग मास स्टार्ट स्पर्धा मे 30 कि.मी की दूरी 1.57.05 सेकंड पर पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । उक्त पदक हासिल करने पर संतोषी उरांव एवं टीम प्रबंधक व प्रशिक्षक जितेंद्र महतो को झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक,महासचिव शैलेंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, राजमहल लोकसभा संसद विजय हसदा,निदेशक खेल सुशांत गौरव, खेलो इंडिया के राज्य नोडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, झारखंड दल प्रमुख राजकिशोर खा खा, झारखंड साइकिलिंग संघ उपाध्यक्ष सुरजीत कुमार,अम्लान कुसुम सिंन्हा,अजय मुकुल टोप्पो, विनय कुमार पांडे, शि.डीं सिंह,रितेश झा, राजेश कुमार यादव, दिलीप गुप्ता, शशिकांत पांडे, दीपक हेंब्रम, आशु भाटिया,ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्र बहादुर सिंह,सतविंदर कौर,राजकुमार मेहता, अमित कुमार,नरेश कुमार,शिवकुमार यादव,जेएसएसपीएस प्रशिक्षक रामकुमार भट्ट, प्रथम कुमार शर्मा,लखन हसदा आदि जिला संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने संतोषी को पदक हासिल कर राज्य का नाम रोशन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## भोजपुरी फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग शुरू

एजेंसियां

**मुंबईः** देव सिंह और शुभी शर्मा स्टारर भोजपुरी फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग शुरू हो गयी है। भोजपुरी फिल्म सास हैं कि डायन के निर्माता अंशुमन सिंह जबकि फिल्म के निर्देशक राजकिशोर प्रसाद राजू हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है।फिल्म के निर्माता अंशुमन सिंह ने बताया कि भोजपुरी फिल्म सास हैं कि डायन₹ एक अलग कॉन्सेप्ट की फिल्म है, जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। हम इस फिल्म को बिग स्केल के साथ बना रहे हैं। वहीं देव सिंह ने फिल्म को लेकर कहा कि किरदार दमदार हो तो दर्शक खुद ब खुद फिल्म की ओर खिंचे चले आते हैं। फिल्म सास हैं कि डायन एक व्यंग है जो की सास बहू के रिश्ते की कहानी को खाने वाली है इस फिल्म में मेरा किरदार बेहतरीन है जिसको लेकर मैं खूब मेहनत भी कर रहा हूं उम्मीद करता हूं कुछ दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। शुभी शर्मा ने फिल्म को महिला प्रधान बताते हुए कहा कि भोजपुरी सिनेमा का जब से



नजरिया बदला है, तब से एक से एक बढ़कर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आ रही है। उन फिल्मों की श्रृंखला में यह फिल्म भी है, जिसे कोई भी अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर देख सकता है। यह फिल्म भी कथ्य प्रधान है। फिल्म की कहानी क्या है और मेरी भूमिका क्या होने वाली है इस पर मैं थोड़ा सस्पेंस रखना चाहती हूं। बस मैं उम्मीद करती हूं कि आप सबों का प्यार और आशीर्वाद हम सब को मिलता रहे। जास मोशन पिक्चर के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म सास हैं कि डायन के निर्माता अंशुमन सिंह, निर्देशक राज किशोर प्रसाद राजू और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। लेखक सुरेन्द्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरेश सावंत हैं। संगीतकार अमन श्लोक हैं। इस फिल्म में देव सिंह ,शुभि शर्मा ,ऋचा दीक्षित के साथ रितेश उपाध्याय , राम सुजान सिंह , जे नीलम , सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू , ज़ाफ़री , सहिस्ता रॉय , रागिनी दूबे मुख्य भूमिका में हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर जय मिश्रा और नवनीत सिंह सिद्धार्थ हैं।

## करण कुंद्रा को देखकर रोने लगे मुनव्वर



एजेंसियां

मुम्बईः बिग बॉस 17 के फिनाले में अब केवल 1 दिन ही बचे हैं। इसी बीच टॉप 5 कंटेस्टेंट को सपोर्ट करने सेलेब्स पहुंचे। वहीं मनुव्वर फारुकी को सपोर्ट करने करण कुंद्रा पहुंचे हैं। करण को देखकर मुनव्वर रोने लगते हैं। उन्होंने करण से कहा- मुझे नहीं समझ आ रहा है कि ये सब क्या हो गया। करण उन्हें समझाते हैं कि गलती सभी से होती है। ये शो बहुत कुछ सिखाता है। न्यूज एंकर दिबांग ने करण से पूछा कि आप मुनव्वर को क्या फीडबैक देना चाहेंगे? इसपर करण ने कहा- मुनव्वर ने अपनी गलती की माफी मांग ली है। इतना काफी है। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि मुनव्वर की लाइफ में रिलेशनशिप का कोई ट्रॉमा है। उनकी लाइफ जिस तरह से रही है, इसकी वजह से वो अपने रिलेशन को खत्म नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा- हर इंसान ना आपको पसंद करेगा, ना हर इंसान आपसे नफरत करेगा। इस तरह उदास रहकर बैठने से कुछ नहीं होगा।

करण ने कहा- स्ट्रॉन्ग आदमी गलती करते हैं। लेकिन जो बहुत ज्यादा स्ट्रॉन्ग होते हैं, वो अपनी गलती को एक्सेप्ट करते हैं, और आगे बढ़ते हैं। करण ने मुनव्वर को समझाया कि तुम्हारी जर्नी बहुत अच्छी रही है। तुमने सभी की इज्जत की है। तुम्हारी दुनिया खत्म नहीं हुई है, बेटर हुई है। वहीं अंकिता लोखंडे के सपोर्ट में एक्ट्रेस अमृता खानविलकर शो में पहुंचीं। उन्होंने कहा- शो में अंकिता जितना रोई हैं। मैं और मेरी मां शो देख देखकर उतना ही रोए हैं। अंकिता उन्हें आई लव यू कहती हैं।

## 'फाइटर' ने तीन दिनों में 95 करोड़ की कमाई की

एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने तीन दिनों में 95 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है।इस फिल्म ने अपने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन 'फाइटर' ने बॉक्स ऑफिस 41.20 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया। फिल्म ने तीसरे दिन 30




करोड़ की कमाई की। फाइटर तीन दिनों में 95 करोड़ की कमाई कर चुकी है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

## जोनस ब्रदर्स ने इंडिया में पहली बार किया परफॉर्म

एजेंसियां

**मुम्बईः** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस इन दिनों इंडिया टूर पर हैं। उन्होंने शनिवार को मुंबई में हुए लोलापलूजा इवेंट में परफॉर्म किया। इस मौके पर निक के साथ उनके दोनों भाई केविन और जोए जोनस भी मौजूद रहे। यह पहली बार था जब जोनस ब्रदर्स ने इंडिया में परफॉर्म किया है। स्टेज पर ह्यतू मान मेरी जान..ह्ल भी गायाइवेंट में स्टेज पर परफॉर्म कर रहे निक को इंडियन क्राउड ने जीजू-जीजू बुलाकर चीयर भी किया। इस परफॉर्म के दौरान निक ने सिंगर किंग का मशहूर गाना ह्यतू मान मेरी जान..ह्ल भी गाया। जोनस ब्रदर्स की परफॉर्मेंस के कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इवेंट के दौरान निक ने स्टेज से मजाक करते हुए कहा, ह्ययह इंडिया में हमारी पहली



परफॉर्मेंस हैं। संगीत में दी गई परफॉर्मेंस काउंट नहीं की जाएगी।ह्ल इससे पहले निक ने 2018 में जोधपुर में हुई अपनी प्री-वेडिंग सेरेमनी में भी परफॉर्म किया था। निक ने इस मौके पर स्टेज से यह भी कहा कि एक परिवार की तरह उनका इस देश से बहुत ही गहरा कनेक्शन है। मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में चल रहे इस दो दिन के म्यूजिकल इवेंट में आज के-पॉप स्टार जैक्सन वांग परफॉर्म करेंगे। वो पहली बार मुंबई आए हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो इंडियन फैंस से घिरे नजर आ रहे हैं।

## एक्टर्स हर फिल्म से कमा लेते हैं 10 करोड़: नवाजुद्दीन

एजेंसियां

**मुम्बईः** नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने इंडस्ट्री में एक्टर्स के रेवेन्यू स्ट्रक्चर पर बात की है। उन्होंने बताया है कि एक्टर्स हर फिल्म से लगभग 10 करोड़ रुपए कमा लेते हैं। हालांकि, यह आंकड़ा बढ़ता-घटता है। दूसरी तरह, वो दूसरे एक्टर्स की तरह ज्यादा फीस के लिए सौदेबाजी भी नहीं करते हैं। इंटरव्यू में होस्ट ने नवाज से एक्टर की कमाई पर सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा- बहुत कमा लेते हैं। फिर होस्ट ने पूछा कि क्या एक्टर्स की कमाई 10 करोड़ से ज्यादा होती है, इस पर नवाज ने कहा- हां, उसके आसपास ही। फीस के लिए सौदेबाजी पर उन्होंने कहा कि वो यह सब ज्यादा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा- इंडस्ट्री



आपको वो देती है जिसके आप हकदार हैं।

## डॉक्टर बनना चाहती थीं शिवांगी

एजेंसियां

**मुम्बईः** मात्र 15 साल की उम्र में टीवी से एक्टिंग डेब्यू करने के बाद 18 साल की उम्र में घर-घर में पहचान बना लेना आसान नहीं होता। पर इस नामुमकिन काम को मुमकिन कर दिखाया है 25 साल की एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने। सिर्फ 10 साल के करियर में शिवांगी टीवी की हाईएस्ट पेड और पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं लेकिन इस मुकाम तक पहुंचना उनके लिए आसान नहीं था। मजेदार बात तो यह है कि शिवांगी को कभी एक्ट्रेस बनना ही नहीं था, वो तो डॉक्टर बनना चाहती थीं पर किस्मत से वो एक्ट्रेस बन गईं। इस हफ्ते 'स्टार टॉक्स' में हम बात करेंगे शिवांगी जोशी की जो आज टीवी इंडस्ट्री का जाना-पहचाना नाम हैं। शिवांगी ने टीवी शो 'खेलती है जिंदगी आंख मिचोली' से एक्टिंग डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें असल पहचान 3 साल तक स्ट्रगल करने के बाद टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से मिली। अपने करियर के शुरूआत में शिवांगी बहुत बुरे दौर से गुजरी हैं। अब उनका मानना है की हर किसी को अपनी जिंदगी में एक बार तो स्ट्रगल से गुजरना चाहिए।

## प्रदेश >> अपडेट

### एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव मिले

**ग्वालियर:** मध्यप्रदेश के ग्वालियर के सिरोल थाना क्षेत्र में आज एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव मिले। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मौत का कारण पता लगाने की कोशिश प्रारंभ कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुरावली इलाके में रहने वाला जितेंद्र झा नाम का व्यक्ति मजदूरी करता है। जितेंद्र के साथ उसकी पत्नी त्रिवेणी और बेटा अचल झा रहते थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जालंधर में झपटमार गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**जालंधर:** पंजाब में जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि पुलिस ने चार अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि स्नैचरों का एक समूह सक्रिय है जो छुरी (दात) का उपयोग कर-के लोगों से कीमती सामान छीनता है । उन्होंने बताया कि यह गिरोह चोरी का सामान किसी और को बेच देता था। स्वपन शर्मा ने कहा कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने निर्दिष्ट क्षेत्र में जांच शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप 40 क्वार्टर के पास से संदिग्धों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस ने गौरव उर्फ गोरी निवासी जालंधर, राज कुमार उर्फ नागराज निवासी जिला बेहराइच उत्तर प्रदेश , कुँवर बहादुर निवासी जालंधर और रोहित अरोड़ा निवासी जालंधर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि बल ने गिरोह से विभिन्न ब्रांडों के चोरी के 10 मोबाइल फोन, एक बिना नंबर की मोटर साइकिल सीटी-100 और एक छुरी (दात) बरामद की है। उन्होंने कहा कि गौरव, कुंवर बहादुर और रोहित अरोड़ा का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, लेकिन राज कुमार के खिलाफ लुधियाना, अमृतसर और जालंधर में पांच मामले दर्ज हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भजनलाल और मोहन यादव की मुलाकात

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव की रविवार दोपहर को यहां मुलाकात हुई। श्री शर्मा और डा यादव की यह मुलाकात मुख्यमंत्री निवास (ओटीएस) में हुई। इससे पहले श्री यादव के मुख्यमंत्री निवास पहुंचने पर श्री शर्मा ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान वहां मौजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं पदाधिकारियों ने भी उन्हें पुष्प भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान श्री यादव ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। श्री शर्मा और यादव की यह मुलाकात बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है और माना जा रहा है कि इस दौरान दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर चर्चा हुई।

### डेढ़ किलो अफीम और नशीली गोलियों के साथ चार गिरफ्तार

**जालंधर:** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार को चार तस्करों को 1.5 किलो अफीम और एक सौ ट्रामाडोल नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि पुलिस ने पहले ही शहर में नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है, जिसके अनुसार निगरानी पहले से ही बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम कमिश्नरेट की स्पेशल सेल की एक टीम ने गश्त के दौरान एक होंडा अमेज कार को रोका, लेकिन कार चालक ने जल्दबाजी में एक काला पॉलिथीन बैग सड़क पर फेंक दिया। श्री स्वपन शर्मा ने कहा कि फेंके गए पॉलिथीन बैग का निरीक्षण करने पर, पुलिस टीम ने 1.5 किलोग्राम अफीम बरामद की, जिसके बाद उन्होंने हरजीत सिंह निवासी गांव बुटाला राजपुर, ब्यास और दविंदर सिंह निवासी गांव बुटाला राजपुर, ब्यास को गिरफ्तार कर लिया।

**चेतावनी** > रूसी सेना आगे बढ़ने में सफल नहीं हुई

# रूसी नेता ने तीसरे विश्व युद्ध की चेतावनी दी है

**राष्ट्रीय खबर**

**सेंट पीटर्सबर्ग:** रूसी संसदीय नेता व्याचेस्लाव वोलोडिन ने लेनिनग्राद की घेराबंदी की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ पर तीसरे विश्व युद्ध का खतरा जताया है। वोलोडिन ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, फासीवादी विचारधारा नाटो देशों के नेतृत्व के लिए आदर्श बन गई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के नेतृत्व वाली जर्मन सरकार सहित पश्चिमी सरकारों पर यूक्रेन में नरसंहार की नीति का समर्थन करने का आरोप लगाया। वोलोडिन ने कहा, यह एक खतरनाक रास्ता है जो नए विश्व युद्ध का कारण बन सकता है। यूक्रेन के विरुद्ध लगभग दो वर्षों से चल रहे युद्ध के लिए रूस का मुख्य औचित्य यह दावा है कि पड़ोसी देश को नाजी मुक्त करने की आवश्यकता है। रूसी राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन पड़ोसी देश पर अपने हमले को सही ठहराने के लिए बार-बार द्वितीय विश्व युद्ध के साथ ऐतिहासिक तुलना का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण की तुलना नाजी जर्मनी के आक्रामकता के आपराधिक युद्ध के खिलाफ सोवियत संघ की रक्षा से की, जिसका उन्होंने आदेश दिया था। वर्षगाँठों पर, मास्को अक्सर अपने युद्ध अभियान के लिए युद्ध में मारे गए लोगों की स्मृति की रक्षा के तर्क का उपयोग करता है। ठीक 80 साल पहले, 27 जनवरी, 1944 को, सोवियत सैनिकों ने तत्कालीन लेनिनग्राद, जो अब सेंट पीटर्सबर्ग है, के आसपास जर्मन वेहरमाच की घेराबंदी को तोड़ दिया था। इससे पहले, जर्मन सैनिकों ने जानबूझकर अनुमानित 1.2 मिलियन लोगों की मौत का कारण बना था, जो बमबारी, भूख और ठंड से मर गए थे। मॉस्को में जर्मनी के राजदूत, अलेक्जेंडर ग्राफ लैम्ब्सडॉर्फ ने नाकाबंदी को सोवियत संघ के आपराधिक आक्रमण के बीच एक विशेष रूप से चौंकाने वाला और क्रूर युद्ध अपराध बताया। इस बीच, यूक्रेनी सेना के अनुसार, युद्ध के मैदान में, रूसी सेना ने हाल के दिनों में यूक्रेनी कस्बों और गांवों पर कब्जा करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। ब्रिगेडियर जनरल ऑलेक्जेंडर टार्नावस्की ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, कब्जा करने वाली सेनाओं ने हमलों और हमलों की संख्या में काफी वृद्धि की है - लगातार दूसरे दिन, दुश्मन ने 50 युद्ध अभियान चलाए हैं। यूक्रेन के दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में अग्रिम हिस्से के लिए जिम्मेदार टार्नावस्की ने कहा कि हवाई हमलों की संख्या भी बढ़ी है। टारनवस्की द्वारा उद्धृत आंकड़े स्पष्ट रूप से डोनेट्स्क क्षेत्र के दक्षिणी भाग को संदर्भित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से मिरनोह्रद और नोवोहरोडिव्का शहरों के खिलाफ हमलों का उल्लेख किया, जो सामने के करीब स्थित हैं और जिन पर एक दिन पहले परिवर्तित वायु रक्षा मिसाइलों से हमला किया गया था। मॉस्को ने 2023 की शरद ऋतु में अवदीवका शहर पर कब्जा करने के लिए क्षेत्र में एक नया आक्रमण शुरू किया, जो सीधे डोनेट्स्क के बड़े शहर की सीमा पर है और 2014 से रूसी सेना द्वारा नियंत्रित किया गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शुरूआत में बढ़त हासिल करने के बाद, बड़ी मात्रा में जनशक्ति और उपकरण तैनात करने के बावजूद रूसी मुश्किल से ही कोई प्रगति कर पा रहे हैं।

रूसी सेना ने दिसंबर के अंत में मैरींका के छोटे शहर पर कब्जा करने की सूचना दी, जो डोनेट्स्क के दक्षिण में खंडहर में स्थित है। गहन हमलों के बावजूद, रूसी सेना आगे बढ़ने में सफल नहीं हुई। यूक्रेन भारी मात्रा में पश्चिमी समर्थन के साथ रूस के चौतरफा आक्रमण से अपनी रक्षा कर रहा है।

## विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से जुड़ी शब्दावली को कोडिंग कर एक रूप देने का काम किया: मोदी

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा में बीमारी और इलाज से जुड़ी शब्दावली की कोडिंग कर दी है और इसकी मदद से अब सभी डॉक्टर अपनी पर्ची पर एक जैसी भाषा लिखेंगे। श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में रविवार को कहा कि आप में से कई लोग होंगे जिन्हें इलाज के लिए आयुर्वेद, सिद्ध या यूनानी की चिकित्सा पद्धति से मदद मिलती है, लेकिन इनके मरीजों को तब समस्या होती है, जब इसी पद्धति के किसी दूसरे डॉक्टर के पास जाते हैं। इन चिकित्सा पद्धतियों में बीमारी के नाम, इलाज और दवाइयों के लिए एक जैसी भाषा का इस्तेमाल नहीं होता है। हर चिकित्सक अपने तरीके से बीमारी



का नाम और इलाज के तौर-तरीके लिखता है। इससे दूसरे चिकित्सक के लिए समझ पाना कई बार बहुत मुश्किल हो जाता है। दशकों से चली आ रही इस समस्या का भी अब समाधान खोज लिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी चिकित्सा से जुड़े डेटा और शब्दावली का वर्गीकरण किया है, इसमें, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी मदद की है। दोनों के प्रयासों से आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा में बीमारी और इलाज से जुड़ी शब्दावली की कोडिंग कर दी गयी है। इस कोडिंग की मदद से अब सभी डॉक्टर अपनी पर्ची पर एक जैसी भाषा लिखेंगे। इसका एक फायदा ये होगा कि अगर आप वह पर्ची लेकर दूसरे डॉक्टर के पास जाएंगे तो डॉक्टर को इसकी पूरी जानकारी उस पर्ची से ही मिल जाएगी। आपकी बीमारी, इलाज, कौन-कौन सी दवाएं चली हैं, कब से इलाज चल रहा है, आपको किन चीज़ों से एलर्जी है, ये सब जानने में उस पर्ची से मदद मिलेगी। इसका एक और फायदा उन लोगों को होगा, जो शोध के काम से जुड़े हैं। दूसरे देशों के वैज्ञानिकों को भी बीमारी, दवाएं और उसके प्रभाव की पूरी जानकारी मिल जाएगी।

## संविधान निर्माताओं का भी प्रेरणा स्रोत रहा है प्रभु राम का शासन: मोदी

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने अयोध्या में 'देव से देश' और 'राम से राष्ट्र' की बात प्रभु राम के उसी शासन से प्रेरित होकर की थी जो हमारे संविधान निर्माताओं का भी प्रेरणास्रोत रहा है। श्री मोदी ने रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं कड़ी पर देश को संबोधित करते हुए रविवार को कहा कि उनका 2024 का यह 'मन की बात' का पहला कार्यक्रम है। अमृतकाल में एक नयी उमंग है, नयी तरंग है। उन्होंने कहा, ''देशवासियों ने दो दिन पहले 75वाँ गणतंत्र दिवस मनाया है और इसी साल हमारे संविधान के भी 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र के ये पर्व मदर



ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं।'' उन्होंने कहा भारत का संविधान इतने गहन मंथन के बाद बना है कि उसे जीवंत दस्तावेज कहा जाता है। इसी संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में हमारे संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

## परीक्षा पर चर्चा के लिए दो करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण: मोदी

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'परीक्षा पर चर्चा' शिक्षा और परीक्षा से सबंधित कई मुद्दों पर बातचीत करने का एक बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा, ''कल 29 तारीख को सुबह 11 बजे हम 'परीक्षा पे चर्चा' भी करेंगें। 'परीक्षा पे चर्चा' का ये 7वां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतज़ार करता हूँ। इससे मुझे छात्रों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है, और मैं उनके परीक्षा सबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''पिछले सात वर्षों में, 'परीक्षा पे चर्चा' शिक्षा और परीक्षा से सबंधित, कई मुद्दों पर बातचीत करने का एक बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है।




मुझे खुशी है कि इस बार सवा दो करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने इसके लिए पंजीकरण कराया है और अपने सुझाव भी दिए हैं। जब हमने पहली बार 2018 में ये कार्यक्रम शुरू किया था तो ये संख्या केवल 22 हजार ही थी।'' उन्होंने कहा ''छात्रों को प्रेरित करने के लिए और परीक्षा के तनाव के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, बहुत से अभिनव प्रयास भी किये गए हैं। मैं आप सभी से, विशेषकर युवाओं से, विद्यार्थियों से आग्रह करूंगा कि वे कल रिकॉर्ड संख्या में शामिल हो ।

## गणतंत्र दिवस परेड में इस बार दिखा महिला शक्ति का अद्भुत नजारा: मोदी

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में महिलाएं किस तरह सशक्त होकर समाज तथा राष्ट्र की सेवा में लगी हैं, इसके अद्भुत नजारों की झलक इस बार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में देखने को मिली। श्री मोदी ने रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 19वीं कड़ी में रविवार को कहा इस बार 26 जनवरी की परेड बहुत ही अद्भुत रही, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा परेड में महिला शक्ति को देखकर हुई। जब कर्त्तव्य पथ पर केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया तो सभी गर्व से भर उठे। महिला बैंड का मार्च, उनका जबरदस्त तालमेल देखकर, देश-विदेश में लोग झूम उठे। इस बार परेड में



मार्च करने वाले 20 दस्तों में से 11 दस्ते महिलाओं के ही थे। उन्होंने कहा ₹हमने देखा कि जो झाँकी निकली उसमें भी सभी महिला कलाकार ही थीं। जो सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, उसमें भी करीब डेढ़ हज़ार बेटियों ने हिस्सा लिया था। कई महिला कलाकार शंख, नादस्वरम और नगाड़ा जैसे भारतीय संगीत वाद्य यंत्र बजा रही थीं। डीआरडीओ ने जो झांकी निकाली, उसने भी सभी का ध्यान खींचा। उसमें दिखाया गया कि कैसे नारी शक्ति जल, थल, नभ,साइबर और आन्तरिक, हर क्षेत्र में देश की सुरक्षा कर रही है। 21वीं सदी का भारत ऐसे ही महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों की दुनिया में भी महिलाएं प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले ही अर्जुन अवार्ड समारोह में राष्ट्रपति भवन में देश के कई होनहार खिलाड़ियों और एथलीटों को सम्मानित किया गया था। यहां भी जिस एक बात ने लोगों का खूब ध्यान खींचा, वो थी अर्जुन पुरस्कार पाने वाली बेटियां और उनकी जीवन यात्रा की।

**हमला** > ब्रिटेन के रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स ने हमले को असहनीय और अवैध बताया

# हाऊतियों ने अदन की खाड़ी में ब्रिटिश जहाज पर हमला किया

**राष्ट्रीय खबर**

**लंदन:** हाऊतियों द्वारा दागी गई मिसाइल की चपेट में आने के बाद ब्रिटेन से जुड़े एक टैंकर में अदन की खाड़ी में कई घंटों तक आग लगी रही। यमन स्थित ईरान समर्थित आंदोलन ने कहा कि उसने अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता के जवाब में शुक्रवार को मार्लिन लुआंडा को निशाना बनाया। लाल सागर क्षेत्र में जहाजों पर हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने हाऊती ठिकानों पर हवाई हमले शुरू किए हैं। फ्रांसीसी, भारतीय और अमेरिकी नौसैनिक जहाजों ने जहाज को सहायता प्रदान की।



ब्रिटेन के रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स ने हमले को असहनीय और अवैध बताया। उन्होंने एक्स पर कहा, लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और हम उस उद्देश्य के लिए हमेशा की तरह प्रतिबद्ध हैं। मार्लिन लुआंडा का संचालक ब्रिटेन में पंजीकृत कंपनी ओसियोनिक्स सर्विसेज लिमिटेड के रूप में पंजीकृत है। टैंकर मार्शल आइलैंड्स के झंडे के नीचे उड़ता है और एक बहुराष्ट्रीय व्यापारिक कंपनी ट्रैफिगुरा की ओर से संचालित होता है। शनिवार को एक अपडेट में, ट्रैफिगुरा ने कहा कि सभी चालक दल सुरक्षित हैं और कार्गो टैंक में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। कंपनी ने कहा कि जहाज अब सुरक्षित बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि टैंकर पर कोई हताहत नहीं हुआ, जिसमें 22 भारतीय और 1 बांग्लादेशी चालक दल के सदस्य थे। यह लाल सागर और उसके आसपास हाऊतियों द्वारा वाणिज्यिक शिपिंग पर नवीनतम हमला है। समूह का कहना है कि वह गाजा में फिलिस्तीनियों के समर्थन में क्षेत्र में जहाजों को निशाना बना रहा है, जहां इजराइल हमास से लड़ रहा है। एक बयान में, हाऊती प्रवक्ता ने दावा किया कि मार्लिन लुआंडा एक ब्रिटिश जहाज था और हमारे देश के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता के जवाब में इसे निशाना बनाया गया था। यूके सरकार ने कहा कि वाणिज्यिक शिपिंग पर हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और ब्रिटेन और उसके सहयोगियों के पास उचित प्रतिक्रिया देने का अधिकार सुरक्षित है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा, इन गैरकानूनी कार्रवाइयों का गाजा में संघर्ष से कोई लेना-देना नहीं है। सेंटकॉम ने एक बयान में कहा, न तो जहाज और न ही उसके चालक दल का इजराइल से कोई संबंध है। हौथियों ने लाल सागर में अंधाधुंध गोलीबारी की है, जिससे दुनिया भर के 40 से अधिक देशों को प्रभावित करने वाले जहाजों को निशाना बनाया गया है।

## न्यूज फटाफट

### इराक में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को लेकर दोनों देशों के बीच हुयी वार्ता

**बगदाद:** इराक और अमेरिका ने शनिवार को देश में (इराक) अमेरिकी और अन्य विदेशी सैनिकों के भविष्य पर पहले दौर की बातचीत की और इसके बाद इराक ने उम्मीद जतायी कि चर्चा से उनकी (विदेशी सैनिकों) उपस्थिति कम करने के लिए एक समयसीमा तय हो सकेगी। गौरतलब है कि 2014 में गठित स्लामिक स्टेट (आईएस) विरोधी अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के हिस्से के रूप में लगभग 2,500 अमेरिकी सैनिक अभी भी इराक में तैनात हैं। इस वर्ष जिहादी समूह ने इराक और पड़ोसी सीरिया के कई हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक गत अक्टूबर में गाजा संकट शुरू होने के बाद इराक और सीरिया में अमेरिकी नेतृत्व वाली गठबंधन सेना को ईरान और उसके गठबंधन समूहों की ओर से किए जा रहे हमलों लगातार सामना करना पड़ा, जिसके कारण अमेरिका ने जवाबी हमले किये और इराक ने अपने क्षेत्र के खिलाफ अमेरिकी आक्रामकता की शिकायतें कीं। अस्थिर स्थिति ने इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी (जिनकी सरकार ईरान-गठबंधन दलों के समर्थन पर निर्भर है) को गठबंधन छोड़ने के लिए मजबूर किया है, हालांकि दोनों पक्षों के बीच अगस्त से बातचीत की योजना बनाई गई थी। श्री सुदानी के कार्यालय ने इराकी सशस्त्र बलों और अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन के शीर्ष रैंकिग अधिकारियों की एक तस्वीर जारी की है और आईएस के लिए अरबी में संक्षिप्त नाम का उपयोग करते हुए एक बयान में कहा, उनके संयुक्त आयोग ने दाएश के खिलाफ वैश्विक गठबंधन के मिशन की समीक्षा करने के लिए बगदाद में आज अपना काम शुरू किया।

### ईरान ने की पाकिस्तानियों पर घातक सशस्त्र हमले की निंदा

**तेहरान:** ईरान ने शनिवार को देश के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किये गये सशस्त्र हमले की कड़ी निंदा की है, जिसमें नौ पाकिस्तानी मारे गये और तीन अन्य घायल हो गये। ईरानी विदेश मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक बयान में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने घटना की कड़ी निंदा की। श्री कनानी ने पीड़ति परिवारों और पाकिस्तानी सरकार के प्रति सहानुभूति भी व्यक्त की। ईरानी समाचार एजेंसी 'मेहर' की रिपोर्ट के अनुसार, तीन हथियारबंद व्यक्तियों ने शनिवार सुबह सारावन काउंटी में हमला किया। एजेंसी के अनुसार, अभी तक किसी भी समूह या व्यक्ति ने घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''यह एक भयावह और घृणित घटना है और हम इसकी स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। पाकिस्तान ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है और उसने घटना की तुरंत जांच करने और अपराध में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने की आवशयकता पर जोर दिया है।'' गौरतलब है कि अज्ञात हथियारबंद व्यक्तियों ने शनिवार को सिस्तान और बलूचिस्तान में नौ पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या कर दी।

### गाजा में अस्पताल की इजरायली घेराबंदी में 150 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा:** इजरायल की ओर से की गयी गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल की घेराबंदी के दौरान 150 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने शनिवार को कहा, मृतकों को अस्पताल के प्रांगण में दफनाने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा, नासिर अस्पताल के मुर्दाघर में अभी भी 30 अज्ञात शव हैं। उन्होंने कहा, नासिर अस्पताल रक्त इकाइयों की गंभीर और खतरनाक कमी का सामना कर रहा है और कई एनेस्थीसिया दवाएं खत्म हो गई हैं। श्री अल-केदरा ने कहा कि ईंधन की कमी के कारण अस्पताल में जनरेटर चार दिनों के भीतर बंद कर दिए जाएंगे। साथ ही छर्रे और इजरायली ड्रोन हमले के कारण पानी की टंकियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिसके कारण कई इमारतों में पानी का रिसाव हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इज़रायल जानबूझकर अपनी घेराबंदी के दौरान खान यूनिस में नासिर अस्पताल और होप अस्पताल क्षति पहुंचाता है, उन्हें निशाना बनाता है और एम्बुलेंस की आवाजाही को रोकता है।

### यूक्रेनी सैनिकों ने 24 घंटे में डीपीआर क्षेत्र में 19 बार गोलाबारी की

**डोनेट्स्क:** डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में गत दिन यूक्रेनी सैनिकों की ओर से 19 बार गोलाबारी की गयी। यूक्रेन के युद्ध अपराधों से संबंधित मुद्दों के नियंत्रण एवं समन्वय के लिए संयुक्त केंद्र (जेसीसीसी) में डीपीआर प्रतिनिधि कार्यालय ने कहा यह जानकारी दी है। कार्यालय ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले 24 घंटों में, कार्यालय ने यूक्रेनी सशस्त्र इकाइयों द्वारा सशस्त्र हमलों के 19 मामलों की सूचना दी। बयान के मुताबिक किसी भी नागरिक के घायल होने की खबर नहीं है। कार्यालय ने कहा कि यूक्रेन की ओर से विभिन्न तरह के 63 गोले दागे गए। पिछले दिन यूक्रेनी सैनिकों द्वारा कुल 15 गोलाबारी हमले दर्ज किए गए।

## आज का इतिहास

- 1597 : महाराणा प्रताप का जन्म।
- 1780 : भारत का पहला अंग्रेजी अखबार 'हिक्की गजट' या 'बंगाल गजट' प्रकाशित हुआ।
- 1916 : 'प्रथम विश्व युद्ध' में फ्रांस पर जर्मनी ने पहली बार हमला किया।
- 1939 : रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान की स्थापना हुई।
- 1949 : ब्रिटेन ने इज़रायल को मान्यता दी।
- 1966 : अमेरिका के उत्तर- पूर्वी भाग में बर्फीले तूफान से 165 लोगों की मौत।
- 1970 : प्रसिद्ध निशानेबाज एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का जन्म।
- 1976 : सोवियत संघ और अंगोला राजनीतिक समझौते के लिए सहमत हुए।
- 1978 : वायुमंडल की ओजोन परत पर होने वाले दुष्प्रभाव के कारण एयरोसोल स्प्रे को प्रतिबंधित करने वाला स्वीडन पहला देश बना।
- 1979 : भारत की पहली जंबो ट्रेन 'दो इंजन वाली' तमिलनाडु एक्सप्रेस को नयी दिल्ली स्टेशन से झंडी दिखाकर चेन्नई के लिए रवाना किया गया।
- 1988 : यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान बोइंग 747 एसपी ने 36 घंटे 54 मिनट 15 सेकेंड में विश्व का चक्कर लगाया।
- 1989 : सीरिया और ईरान ने लेबनान में संघर्ष रोकने के लिए समझौता किया।
- 1992 : भारत आसियान का क्षेत्रीय सहयोगी बना।
- 1993 : क्रिकेट खिलाड़ी विनोद कांबली का टेस्ट में पदार्पण किया।
- 1994 : केंद्र सरकार ने एयर कार्पोरेशन एक्ट 1953 को रद्द किया।
- 1996 : फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने घोषणा की थी कि फ्रांस अब और परमाणु हथियारों का परीक्षण नहीं करेगा।
- 2002 : अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में ईरान, ईराक, उत्तरी कोरिया को दुनिया में दुष्टता की धुरी क़रार दिया।
- 2003 : हिमाचल विधानसभा भंग कर दी गयी।
- 2005 : नक्सलियों ने बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष एम.वेंकैया नायडू के हेलिकॉप्टर को बम से उड़ा दिया था। इस घटना में वह सकुशल बच गए थे।
- 2005 : सेरेना विलियम्स ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन का महिला ख़िताब जीता।
- 2006 : भारत के तेज गेंदबाज इरफान पठान टेस्ट क्रिकेट में पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बने।
- 2007 : अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी लंदन के चैनल-4 के रियालिटी शो 'बिग ब्रदर' की विजेता बनीं।
- 2010 : भारत और रूस की संयुक्त परियोजना के तहत उत्पादन किए जा रहे पाँचवीं पीढ़ी के युद्धक विमान की उड़ान का रूस के सुदूर पूर्वी हिस्से में पहली बार सफलता पूर्वक परीक्षण किया गया।

# सजायाप्ता को लाभ पहुंचाने में फंसे अवर सचिव

रांचीः सजायाफ्ता को वित्तीय लाभ पहुंचाने के चक्कर में शिक्षा विभाग के सेवानिवृत अवर सचिव राजेंद्र प्रसाद पर गाज गिर गई है। अब उनके खिलाफ राज्य सरकार ने डिपार्टमेंटल प्रोसिडिंग चलाने का निर्णय लिया है। राजेंद्र प्रसाद पर स्कूली विभाग के पद पर रहते हुए फाइलों को संबंधित पदाधिकारियों को छोड़ दूसरे अफसरों के समक्ष रखने का आरोप है। इसके साथ ही सजायाफ्ता व्यक्ति को अनुचित तरीके से वित्तीय लाभ पहुंचाने का भी आरोप है। इस मामले में जांच पदाधिकारी रिटायर आइएएस रमाकांत सिंह को बनाया गया है। राजेंद्र प्रसाद पिछले साल 30 अप्रैल 2023 को सेवानिवृत हो गये थे।


